नागानन्दम्

❀

साधुराम

आत्माराम एण्ड संस, दिल्ली

With the best compliments of
the Author and Publishers for
opinion and recommendation.

श्रीहर्षदेवप्रणीतं नागानन्दं नाटकम्

श्रीहर्षदेवप्रणीतं

नागानन्दम्

नाटकम्

निर्मला-महाविद्यालय-संस्कृत-विभागाध्यक्षेण
इन्द्रप्रस्थ-विश्वविद्यालयोपाध्यायेन
साधुरामेण
आलोचनात्मक-भूमिका-टिप्पणाभ्यामनुवादद्वयेन चालंकृत्य संपादितम्

१९५३
आत्माराम एण्ड संस
पुस्तक-प्रकाशक तथा विक्रेता
काश्मीरी गेट
दिल्ली
मूल्य पाँच रुपये

प्रकाशक
रामलाल पुरी
आत्माराम एण्ड संस
काश्मीरी गेट दिल्ली ६

विषय-सूची

आलोचनात्मक भूमिका ... *i–lviii*

नाटक (हिन्दी तथा अंग्रेजी अनुवाद सहित)

प्रथमो ऽङ्कः २–३३
द्वितीयो ऽङ्कः ३४–६९
तृतीयो ऽङ्कः ७०–९९
चतुर्थो ऽङ्कः १००–१३१
पञ्चमो ऽङ्कः १३२–१७९
टिप्पण १८१–२११

मुद्रक
अमरजीत सिंह नलवा
सागर प्रेस
काश्मीरी गेट, दिल्ली ६

भूमिका

सरस्वती और लक्ष्मी—

कवि का अपना ही संसार होता है, अपना ही लोक होता है। परन्तु इस नूतन सृष्टि के विधाता को प्रजापति—'कविरेव प्रजापतिः'—कहना भूल है। कवि कौन कभी प्रजापति हुआ, और कोई प्रजापति कभी कवि बन सका क्या? 'कविराज' तथा 'राजकवि' दोनों ही भ्रान्त सपनों के द्योतक हैं।

पौराणिक गाथाओं में सरस्वती और लक्ष्मी को परस्पर इतना दूर रखा गया है कि दोनों का आपस में मिल सकना असंभव सा प्रतीत होता है। दोनों देवियाँ सृष्टि-क्रम के परस्पर-विरोधी छोरों पर विद्यमान हैं, दोनों में आकाश-पाताल का अन्तर है। सरस्वती का स्थान स्वर्ग में है, तो लक्ष्मी का पाताल में। गाथा के प्रस्तुत अंश का लाक्षणिक अर्थ संभवतः मानव मन की द्विविध प्रगतिशील वृत्ति की ओर संकेत करता प्रतीत होता है। मनुष्य दो प्रकार की संपत्ति का संग्रह किया करता है—एक स्थायी संपत्ति और दूसरी अस्थायी संपत्ति। लक्ष्मी आर्थिक अथवा अस्थायी संपत्ति का वर दिया करती है, सरस्वती दैवी अथवा स्थायी संपत्ति का—'व्यये कृते वर्धत एव नित्यं, विद्याधनं सर्व-धन-प्रधानम्'। मनुष्य का आवास दोनों लोकों के मध्य में है। मध्यम लोक का वासी वह लक्ष्मी की पूजार्थ पाताल एवं वसुंधरा की ओर अधोमुख होता है, और सरस्वती के आराधनार्थ वह स्वर्ग की ओर उन्मुख होता है।

'राज'-कवियों की परम्परा—

कवियों की उपास्य देवी सरस्वती है, राजाओं की लक्ष्मी। प्रायः देखने में भी यही आता है कि कवि रंक होते हैं, और राजा लोग रस-बुद्धि से वञ्चित होते हैं। परन्तु किसी-किसी राजा में कवित्वमयी रसिकता भी देखी गई है। ब्रिटेन के एडवर्ड सप्तम के हृदय में कवियों तथा कलाकारों के प्रति इतना आदर-भाव था कि जब भी कभी उनके हाँ कोई विदेशी दूत अथवा अपने ही राज्य का कोई उच्च अधिकारी आता तब उस, अपने मान्य अतिथि, के स्वागत में वे सर्व-प्रथम यही दिखाते हुए कहते कि "इस कुरसी पर बैठकर मुझे ब्लेक ने कृतार्थ किया था और इसपर अमुक कवि ने।" कवीन्द्र रवीन्द्र ने भी अपनी एक सुन्दर रचना मध्य युग के गुण-ग्राही किंग आर्थर को अर्पित की थी। भारतीय परम्परा में विश्वामित्र, बुद्ध, शूद्रक (प्रथम विक्रम, संवत्कार विक्रमादित्य), समुद्रगुप्त,[1] विशाखदत्त, भोज, यशोवर्मा, आदि सफल लोक-

[1] अलाहाबाद प्रशस्ति में हरिषेण ने समुद्रगुप्त को 'कविजनोपजीवी' कहा

प्रिय राजा भी हुए हैं, तथा उच्च कोटि के कवि, नाटककार भी। इन्हीं राजकवियों की परम्परा में प्रस्तुत नाटक नागानन्द के रचयिता श्रीहर्षदेव[1] का अपना विशिष्ट स्थान है[2]।

इतिहास में श्रीहर्ष—

नागानन्द के नाटककार, 'नानादिग्देशागतराजसमूह' के 'पादपद्मोपजीवी' महाराज श्रीहर्ष कौन थे ? इतिहास में हम श्रीहर्ष नाम के कई व्यक्तियों का उल्लेख पाते हैं :—

१. एक तो दसवीं शताब्दी के वे श्रीहर्ष हैं जो हीर तथा मामल्ल देवी के पुत्र थे और नैषधीयचरित महाकाव्य के ख्यातनामा लेखक थे। बाईस सर्गों के इस प्रसिद्ध महाकाव्य के अतिरिक्त उन्होंने खण्डन-खण्ड-खाद्य, गौडोर्वीकुल-प्रशस्ति, छन्दः-प्रशस्ति, नवसाहसाङ्क-प्रशस्ति, शिव-शक्ति-सिद्धि, स्थैर्य-विचारण, तथा एक कोष 'हर्ष-वार्तिक' की रचना भी की थी। नैषध में एक स्थल (सर्ग २२, श्लोक १५५) पर उन्होंने अपने आश्रयदाता का उल्लेख करते हुए कहा है—'ताम्बूलद्वयमासनं च लभते

है। अर्थात् गुप्तकालीन कवि अपने आर्थिक-जीवन तथा काव्य-प्रेरणा—सभी दृष्टियों से समुद्रगुप्त की ओर उन्मुख थे। समुद्रगुप्त एक सिद्ध-हस्त कलाकार थे, युद्ध-वीर थे, दानवीर थे। 'कृष्ण-चरित' नाम का एक काव्य उन्हींका लिखा हुआ था, जिसके तीन उपलब्ध पत्रे प्रकाशित हो चुके हैं। उन पत्रों से कई ऐतिहासिक तथ्य विदित हुए है।

दो एक वर्तमान लेखक उनको कूट बताते हैं, पर उनके पास इसका प्रमाण कोई नहीं। हम उन पत्रों को उनकी फोटो सहित छपवाने का प्रबन्ध कर रहे हैं।

[1] बाण-भट्ट की श्रीहर्ष से बन नहीं सकी, परन्तु हर्षचरित में उनके विषय में महाकवि की निम्न तीन उक्तियाँ हैं—१. 'काव्यकथासु अपीतामृतमुद्वमन्तम्,' २. 'विमल-कपोल-प्रतिबिम्बितां चामर-ग्राहिणीं विग्रहिणीमिव मुखवासिनीं सरस्वतीमादधानम्', ३. 'अपि चास्य प्रज्ञायाः शास्त्राणि, कवित्वस्य वाचो न पर्याप्तो विषयः'।

[2] Kings as patrons of literature are not uncommon, but kings themselves as authors are more rare. The names of the Hebrew psalmist king David, the Roman dictator Julius Caesar, the philosophic emperor Marcus Aurelius, king Alfred the Great, James the Sixth of Scotland and First of England, and Fredrick the Great of Prussia rise at once to our memory as instances of royal authors, and the list might readily be extended...For the long line of poet-kings after Harsha the curious reader is referred to pp.xxxvii to xxxviii of the introduction to *Priyadarsika*, Vol.10 of Columbia University Indo-Iranian Series. Muse did not withdraw her grace even from such fanatics as Mahmud Ghaznavi, Tamerlane, Babar and Jahangir.

यः कान्यकुब्जेश्वरात्' । उल्लिखित कान्यकुब्जेश्वर को ऐतिहासिक प्रायः १२३२ वि० में कन्नौज के राजा जयचन्द्र से सम-स्थापित करते हैं ।

२. बारहवीं शताब्दी में एक और श्रीहर्ष हुए हैं, जो ११७०-११८२ वि० में काश्मीर के राजा थे । अनुसन्धान के प्रारम्भिक काल में विलसन का विचार था कि श्रीहर्ष की नाटकत्रयी में 'रत्नावली' के रचयिता यही हर्ष हैं।

३. तीसरे श्रीहर्ष, भरत के 'नाट्य-शास्त्र' पर वार्तिक के रचयिता हुए हैं ।

४. इन तीनों के अतिरिक्त अब एक ही हर्ष शेष रह जाते हैं—वे हैं इतिहास के प्रसिद्ध महाराज श्रीहर्षवर्धन जिन्होंने अपने थानेसर के छोटे से राज्य की वृद्धि करते हुए "कन्नौज का हर्ष वर्धन", "प्रतापशील शीलादित्य" आदि उपाधियाँ प्राप्त की थीं । हिन्दू साम्राज्य की शृङ्खला में इतिहास, संस्कृत साहित्य, भारतीय संस्कृति-सभ्यता, आदि सभी दृष्टियों से श्रीहर्ष अन्तिम कड़ी हैं । इनके कुछ काल पश्चात् हिन्दू साम्राज्य छिन्न-भिन्न हो गया और प्रायः तेरह शताब्दियों तक पुनः स्वतन्त्रता प्राप्त न कर सका । कादम्बरी तथा हर्षचरित के रचयिता महाकवि बाण इसी हर्ष के राज-कवि थे ।

संस्कृत साहित्य की अनुगाथाओं में नागानंद के नाटककार कवि के नाम के साथ दो नाटिकाएँ और भी जुड़ी हुई हैं—रत्नावली तथा प्रियदर्शिका । प्रस्तुत चारों हर्षों में से इन तीन नाटकों का रचयिता कौन है (क्योंकि आन्तरिक तथा बाह्य साक्षियों के आधार पर यह तो निश्चित ही है कि इन तीनों नाटकों का रचयिता कोई एक ही व्यक्ति है—देखो नीचे 'श्रीहर्षनाटकचक्र का रचयिता') ? हम तीनों नाटककारों की संभावना उपस्थित करते हुए ऊपर कह आए हैं कि प्रारम्भ में विलसन को यह भ्रम हुआ था कि रत्नावली का रचयिता काश्मीर का (११७०—११८२ वि० वाला) राजा श्रीहर्ष था । किन्तु दशरूपक पर धनिक की टीका उपलब्ध होने के पश्चात् यह कल्पना सर्वथा निर्मूल सिद्ध हो गई है। नैषधीयचरित का श्रीहर्ष क्या नाटककार भी था, साहित्यिक परम्परा में तो ऐसी कोई अनुश्रुति कभी नहीं रही । इसके अतिरिक्त, नैषधकार हर्ष ने जहाँ स्थान-स्थान पर अपनी अन्य (उपरिकथित) रचनाओं का उल्लेख किया है, वहाँ प्रस्तुत नाटक-त्रयी के रचयिता होने की बात तो दूर, अपने नाटककार तक होने का भी कहीं कोई संकेत नहीं किया । किंवदन्ती यह है कि इन नाटक-नाटिकाओं का लेखक कोई राजा था, इसके विपरीत श्रीहर्ष ने स्वयं संकेत किया है कि वे कान्यकुब्जेश्वर के आश्रित एक कविमात्र थे (नैषध २२. १५५) । इस प्रकार थानेसर तथा कन्नौज के महाराज श्रीहर्षवर्धन (६६३-७०४ वि०) के ही नागानंद आदि तीनों नाटकों के रचयिता होने की संभावना रह जाती है । किन्तु प्रकृत संभावना को, विरोधाभाव में निष्कर्ष-रूपेण, स्वीकार करने के पूर्व उचित यह होगा कि हम पहले श्रीहर्ष-नाटकचक्र की अन्तः-साक्षी द्वारा यह स्थापना सिद्ध कर लें कि ये भी भास-

नाटकचक्र की भाँति एक ही नाटककार की रचनाएँ हैं।

'श्रीहर्ष-नाटकचक्र' का रचयिता (क. अन्तः-साक्षी)—

श्रीहर्ष-नाटकचक्र में तीन नाटकों की परिगणना होती है—प्रियदर्शिका, रत्नावली तथा नागानन्द। ये तीनों नाटक किसी भी, श्रीहर्ष अथवा अन्य अज्ञात (वित्तदान-परितोषित) कवि की कृतियाँ क्यों न हों, कला दृष्टि तथा अन्तः-साक्षियों के आधार पर इनके विषय में इतना तो असंदिग्ध ही निर्णीत समझना चाहिये कि इन तीनों का रचयिता कोई एक ही कवि है।

उदाहरणतया—

१. तीनों नाटकों के आमुख में नाटककार का परिचय प्रायः एकसे ही शब्दों में हुआ है—

(i) प्रियदर्शिका—अद्याहं वसन्तोत्सवे सबहुमानमाहूय नाना दिग्देशागतेन राज्ञः श्रीहर्षदेवस्य पादपद्मोपजीविना राजसमूहेनोक्तः यथा—"अस्मत्स्वामिना श्रीहर्षदेवेनापूर्ववस्तुरचनालंकृता प्रियदर्शिका नाम नाटिका कृता, इति अस्माभिः श्रोत्र-परम्परया श्रुतम्, न तु सा प्रयोगतो दृष्टा। तत्तस्यैव राज्ञः सर्वजनहृदयाह्लादिनो बहुमानादस्मासु चानुग्रहबुद्ध्या यथावत् प्रयोगेण त्वया नाटयितव्या"। ....श्रीहर्षो निपुणः कविः इत्यादि।

(ii) रत्नावली—अद्याहं...रत्नावली नाम नाटिका...सकलजनहृदयाह्लादिनो...श्रीहर्षो निपुणः कविः इत्यादि।

(iii) नागानन्दम्—अद्याहमिन्द्रोत्सवे अपूर्ववस्तुरचनालंकृतं विद्याधर-जातकप्रतिबद्धं नागानन्दं नाम नाटकं कृतं ... दृष्ठम् ... नाटयितव्यम्। .....श्री हर्षो निपुणः कविः इत्यादि।

२. इसी प्रकार भरतवाक्यों में भी वही भाव-साम्य है—

(i) और (ii) प्रियदर्शिका और रत्नावली—

उर्वीमुद्दामसस्यां जनयतु विसृजन् वासवो वृष्टिमिष्टाम्
इष्टैस्त्रैविष्टपानां विदधतु विधिवत् प्रीणनं विप्रमुख्याः।
आकल्पान्तं च भूयात् समुपचितसुखः संगमः सज्जनानां
निःशेषं यान्तु शान्ति पिशुन-जन-गिरो दुर्जया वज्रलेपाः॥

(iii) नागानन्दम्—

वृष्टि हृष्टशिखण्डिताण्डवभृतः ···इत्यादि।

३. रत्नावली के द्वितीयाङ्क में 'प्रवेशक' के द्वारा नागरिका की वही अवस्था अभिव्यक्त की गई है जो नागानन्द के द्वितीयाङ्क में मलयवती की आ बनी है। विप्रलम्भ में प्रेयसी पर चाँदनी, मलय-समीर सब उलटे ही पड़ते हैं। 'चतुरिका' के

समानान्तर यहाँ नायिका की सखी 'सुसंगता' है, जिसे अपनी स्वामिनी के साथ—वह चेटी नहीं है—हास-परिहास, आश्वासन, रोदन, विनोद के सभी सखी-अधिकार स्वतः प्राप्त हैं।

४. 'अन्तः-पुराणां विहित-व्यवस्थः' तथा 'व्यक्तिर्व्यञ्जन धातुना' श्लोकों का उपयोग प्रियदर्शिका (३. ३ तथा ३. १०) और नागानन्द (४. १ तथा १. १५) में यथावसर हुआ है।

५. शब्दों की समता, वाक्यों तथा भावों की समता, शैली की वही सरलता, दृश्यों की समानता, विरहोत्कण्ठिता प्रेयसियों का जीवन से खिन्न होकर आत्महत्या-प्रयास तथा प्रकार (अशोकपादपे लतामाक्षिप्य), चरित्रों तक का सादृश्य, इत्यादि अकाट्य प्रमाणों के होते हुए तीनों नाटकों के एक ही कवि की कृतियाँ होने में कोई सन्देह रह ही नहीं जाता।

६. पात्र प्रेमी हो, प्रेयसी हो, एक ही नाटककार की प्रसूति होने के कारण उनकी मानसिक अवस्था प्रायः एक-सी प्रस्तुत हुई है। उदाहरणार्थ,—

(i) रत्नावली—

प्रणयविशदां दृष्टिं वक्त्रे ददाति न शङ्किता
घटयति घनं कण्ठाश्लेषे रसान्न पयोधरौ।
वदति बहुशो गच्छामीति प्रयत्नधृताऽप्यहो
रमयतितरां संकेतस्था तथापि हि कामिनी ॥३.९॥

(ii) तुलना करो नागानन्द—

दृष्टा दृष्टिमधो ददाति ··· इत्यादि (३.४)

७. नागानन्द में आत्मघातोद्यत मलयवती को जीमूतवाहन रँगे हाथों पकड़ता है तो रत्नावली में उदयन सागरिका को। और स्वयं उदयन को सागरिका के प्रेम-बन्धन में 'रँगा' अपराधी पाती है वासवदत्ता। राजा कहता है—देवि, एवं प्रत्यक्ष दृष्टव्यलीकः किं ब्रवीमि ? इसी प्रकार जीमूतवाहन मलयवती से कहता है—'नाहं मुञ्चामि—गृहीतः सापराधो ऽयं स कथं मुच्यते करः' (२. १२)।

'कण्ठपाशमाकृष्य' राजा दोनों स्थलों में प्रायः वही शब्द अपनी प्रेयसी से कहता है—

(i) रत्नावली—

अलम् अलम् अतिमात्रं साहसेनामुना ते
त्वरितमयि विमुञ्च त्वं लतापाशमेतम्।
चलितमपि निरोद्धुं जीवितं जीवितेशे
क्षणमिह मम कण्ठे बाहुपाशं निधेहि ॥३. १७॥

(ii) नागानन्द—न खलु न खलु मुग्धे साहसं कार्यमेवं इत्यादि (२. ११) मलयवती हाथ छुड़ाना चाहती है, उसे रोकने वाला यह आगन्तुक कौन ?—कस्त्वं निवारयितुम् ? मरणे ऽपि किं त्वमेवाभ्यर्थनीयः ? इन्हीं परिस्थितियों में सागरिका के मुँह से निकलता है—हा धिक्, कथमकृतपुण्यया मया मर्तुमपि आत्मन इच्छया न पारितम् ?

कवियों के हृदय में प्रायः एक विचार या कल्पना कभी-कभी इतना घर कर जाती है कि वे उसे अपनी रचनाओं में जहाँ-तहाँ दुहराते रहते हैं। वे उससे इतने मन्त्र-मुग्ध होते हैं कि यही पुनरावृत्तियाँ उनकी रचनाओं की सत्यता में (अप्रत्याख्येय) प्रमाण हो जाती है। ऑस्कर वाईल्ड के दिनों में एक प्रथा सी बन गई थी कि अमेरिका के संभ्रान्त परिवारों की कन्याएँ इंग्लैंड में विवाह कराके बसने लगीं। ऑस्कर वाईल्ड ने अपने कई उपन्यासों में स्थान-स्थान पर पात्रों के मुँह से पुछवाया है "हम तो सुनते थे अमेरिका स्वर्ग है। ये देव-कन्याएँ स्वर्ग छोड़कर पृथ्वी पर क्यों आ बसी हैं ?" और पास बैठा एक और पात्र सदा इसका उत्तर देते हुए कहता है—"इसीलिये तो, क्योंकि वह स्वर्ग है ! स्वर्ग से निकलने की परम्परा हव्वा (Eve) के समय से चली आती है ना। वह वहाँ कितने दिन रही थी ?" इसी प्रकार नागानन्द, रत्नावली, प्रियदर्शिका में प्रस्तुत विविध शब्द तथा भाव-साम्य नाटक-त्रयी के एक ही नाटककार द्वारा रचित होने की अन्तः-साक्षी हैं।[1]

(ख. बाह्यसाक्षी)—

परन्तु इन सब अन्तः-साक्षियों के होते हुए भी श्रीहर्ष-नाटकचक्र के विषय में संस्कृत साहित्य की अनुश्रुतियाँ कुछ भ्रान्त धारणाएँ उपस्थित कर गई हैं। यथा—काव्यप्रकाश के प्रथम उच्छ्वास में काव्य-प्रयोजन का विषय विशद करते हुए मम्मट ने लिखा है 'काव्यं यशसे, अर्थकृते। कालिदासादिनामिव यशः, श्रीहर्षादेर् धविकादिनामिव धनम्'। कुछ आलोचकों का विचार है कि धावक शारदा लिपि में लिखे बाण शब्द का ही अपपाठ है और एक पाण्डु लिपि में पाठ उपलब्ध भी है 'श्रीहर्षादेर्बाणादिनामिव धनम्'। प्रथम पाठ की आलोचना एवं व्याख्या करते हुए टीकाकार प्रद्योतकर लिखते हैं—धावकः कविः। स हि श्रीहर्षनाम्ना रत्नावलीं कृत्वा बहुधनं लब्धवान्। एक और टीकाकार परमानन्द कहते हैं—'धावकनामा कविः स्वकृतिं रत्नावलीं नाम नाटिकां विक्रीय श्रीहर्षनाम्नो राज्ञः सकाशाद् बहुधनमवाप, इति पुरावृत्तम्।' अर्थात् कम से कम रत्नावली के विषय में तो यह चिरकाल तक किंवदन्ती बनी ही रही कि धन के

---

[1] अन्य अन्तरङ्ग प्रमाण, देखो नीचे 'श्रीहर्ष—आलोचना, शब्दगुण' में प्रस्तुत—कला : नाटक का अन्तरंग—

निमित्त धावक अथवा बाण ने अपना ग्रन्थ निज आश्रयदाता अथवा पुरस्कार-प्रदाता को बेच दिया था ! किन्तु आलोचना-ग्रन्थों में, मम्मटाद् अन्यत्र, कहीं भी यह उल्लेख हम बाण अथवा धावक के विषय में नहीं पाते, न आलोचनाकार आचार्यों ने कभी बाण को एक नाटककार के रूप में उपस्थित ही किया है। डाक्टर फिट्ज़ेडवर्ड हाल ने इस सम्बन्ध में अपने वासवदत्ता संस्करण में जिन टीकाकारों को प्रामाणिक माना है—जयराम का काव्य-प्रकाश-तिलक, विद्यानाथ की प्रभा, नागेश का उद्योग--वे सभी अठारहवीं शताब्दी के आस-पास हुए हैं। इसके अतिरिक्त कीथ आदि विद्वानों को स्वयं काव्यप्रकाश में यह स्थल ही स्पष्ट प्रक्षिप्त दिखाई दिया है। क्या महाकवि बाण अपने नाटक बेच सकते थे ? और कादम्बरी तथा हर्षचरित, कथा तथा आख्यायिका—जिनसे उन्हें प्रभूत यश मिला—बेचने के लिये उनपर कोई प्रतिबन्ध था ? प्रश्न केवल रत्नावली का नहीं है (क्योंकि ये तीनों नाटक एक ही लेखनी के लिखे हुए हैं) परन्तु प्रियदर्शिका तथा नागानन्द के विषय में ऐसी कोई किंवदन्ती उपलब्ध नहीं। सो क्यों ? जैसे हम ऊपर कह आए हैं—धावक का तो नाम भी काव्य-प्रकाश के उद्धृत प्रक्षेप के अतिरिक्त कहीं और मिलता ही नहीं। रही बाण की इन नाटकों के, विशेषकर रत्नावली के, रचयिता होने की संभावना। सो, जिन्हें भाषा, काव्यशास्त्र, गाथा-शास्त्र, विचार तथा प्रस्ताव-शैली, कवि की प्रतिभा-किसी भी अंश में 'बाणोच्छिष्टं जगत्सर्वम् के पूर्ण कवित्व से विशिष्ट 'पञ्चबाणस्तु बाण:' की बाण बुद्धि का तनिक भी परिचय प्राप्त है, वे ऐसी निरर्थक कल्पनाओं से विचलित नहीं हो सकते। यदि राजा-लोग अपवादरूप से भी कवि नहीं हो सकते, तो शूद्रक आदि की रचनाएँ किसने लिखी थीं ? किन्तु यहाँ तो ब्रिटेन में एलिज़ाबिथ के युग की भाँति नाटककार अथवा अभिनेता होना कोई गर्हास्पद वस्तु थी नहीं कि बेकन जैसा न्यायाधीश अपने अपयश के भय से नाटक लिख-लिखकर उन्हें शेक्सपियर जैसे एक अज्ञात अभिनेता के नाम से प्रकाशित करता जाए। पश्चिम में तो सभ्य-समाज नाटककारों को कुछ हीन समझे, किन्तु पूर्व में स्वयं राजा नाटक पर अपना नाम पैसे के बल पर लिखवाकर एवमुपलब्ध गौरव प्राप्त करे—मानव-प्रकृति एका-एक इतनी भिन्न नहीं हो सकती।

रत्नावली के जिस श्लोक के आधार पर (द्वीपादन्यस्मादपि···१. ६) डाक्टर हाल को यह भ्रम हुआ था कि वह हर्षचरित के महाकवि बाण की रचना है, हम अभी तक हर्षचरित के किसी मुद्रित संस्करण में नहीं देख पाए। १७४२ वि० में उद्धृत टीकाकारों के कुछ पूर्व मधुसूदन ने लिखा था—मालवराजस्य उज्जयिनी-राजधानीकस्य कविजनमूर्धन्यस्य रत्नवल्याख्यनाटककर्तुर् महाराज श्रीहर्षवर्धनस्य।[1]

[1]महाराज हर्षवर्धन मालव और उज्जयिनी का राजा कब हुआ ? देखो नीचे, 'श्रीहर्ष : आलोचना'।

प्रतिज्ञा-यौगन्धरायण-स्वप्नवासवदत्ता तथा रत्नावली-प्रियदर्शिका की कथावस्तु एक है—उदयन के अन्तःपुर की प्रेम-कहानी। इस ऐक्य के साथ मम्मट के काव्य-प्रकाश में (उद्धृत) प्रक्षेप से संगति मिलाते हुए दक्षिण के विद्वान् नारायण शास्त्री ने एक नूतन स्थापना उपस्थित की थी कि भास का ही अपर नाम धावक है। अर्थात् 'श्रीहर्ष-नाटकचक्र' का रचयिता भी 'भास-नाटकचक्र' का नाटककार ही है। दोनों नाटक-चक्रों के अन्तर्वैषम्य को उपेक्षित कर भी दिया जाए, किन्तु संकृत-वाङ्मय की संपूर्ण कालानुक्रमणी में जो इस प्रकार असंगति आ जाएगी—उसका समाधान कैसे बन पड़ेगा ? इसके अतिरिक्त राजशेखर ने 'कवि-विमर्श' में कहा भी तो है—

धावको ऽपि हि यद् भासः कवीनामग्रिमो ऽभवत्।

*** *** ***

नागानन्दं समालोक्य यस्य श्रीहर्षविक्रमः।
अमन्दानन्दभरितः स्वसभ्यम् अकरोत् कविम्॥

झट, नारायण शास्त्री ने श्रीहर्ष को विक्रमादित्य मानते हुए—संवत्कार विक्रम से पाँच-छः शताब्दियाँ पूर्व (बोधि-सत्त्व-बलिदान की प्रेरणा और कब उपलभ्य हो सकती थी ?) धावक (=भास) तथा श्रीहर्ष को ४६५-४०० वि० पू० में स्थापित कर दिया[1]। यदि सचमुच धावक और भास एक ही व्यक्ति के दो नाम हैं तो काल-क्रम में युक्ति की शिथिलता के अतिरिक्त, हमें तो यह भी समझ नहीं आ सकता कि एक ही कवि अथवा नाटककार उदयन कथावस्तु को दो भिन्न रूपों में प्रस्तुत क्यों करे ? उदयननाटकों का अभिनय, नाटकीकरण आदौ दक्षिण में हुआ था; सो, रत्नावली तथा प्रियदर्शिका में भास-नाटकचक्र के स्वाध्याय के अनन्तर, श्रीहर्ष ने भी सूत्रधार से आमुख का संवरण कराते हुए कहलवाया है—

रत्नावली—आर्ये, एष मम कनीयान् भ्राता गृहीत-यौगन्धरायण-भूमिकः प्राप्त एव। तदेहि—आवामपि नेपथ्यग्रहणाय सज्जीभवावः।

प्रियदर्शिका—कथं प्रस्तावनाभ्युद्यते मयि विदितास्मदभिप्रायो मम कनीयान् भ्राताङ्गाधिपतेर्दृढवर्मणः कञ्चुकिनो भूमिकां कृत्वा इत एवाभिवर्तते। तद्यावदहमप्यनन्तरभूमिकां संपादयामि।

श्रीहर्ष ने भरत-मण्डली-द्वारा स्वयं भूमिका अथवा नेपथ्य ग्रहण की प्रस्तावना-शैली का उपादान करते हुए भास के प्रति निज गुण-ग्राहिता एवं विनय-बुद्धि प्रदर्शित की है, बस।

---

[1] 'कवि विमर्श' की उपलब्धि के अभाव में नारायण शास्त्री की कल्पना हेय है।

सारांश यह कि प्रियदर्शिका, रत्नावली तथा नागानन्द का रचयिता एक ही है। परन्तु वह न धावक है न बाण, और न वह भास ही है। अपि तु वह है—थानेसर का इतिहास-प्रसिद्ध महाराज श्रीहर्षवर्धन।

तीन नाटक—

अब हम तीनों नाटकों की कथा-वस्तु पर आते हैं। इन नाटकों को हम विषय की दृष्टि से दो वर्गों में विभक्त कर सकते हैं—

१. रोमाञ्च अथवा उदयन-नाटक—प्रियदर्शिका तथा रत्नावली।

२. उदात्त अथवा आत्म-बलिदान-नाटक—नागानन्द।

प्रियदर्शिका तथा रत्नावली—दोनों नाटिकाओं का नायक वत्सराज उदयन है। वत्स की प्रेमकथाएँ कथासरित्सागर आदि की पुरातन परम्पराओं में अनुस्यूत हैं। इन्हीं से प्रेरणा पाकर भास ने अपने कल्पना-नाटकों, प्रतिज्ञायौगन्धरायण तथा स्वप्न-वासवदत्ता की सृष्टि की थी। प्रियदर्शिका में अङ्गराज दृढ़वर्मा की पराजय के अनन्तर, उसकी पुत्री प्रियदर्शिका, दुर्घटनावश, प्राण बचाकर वत्स के अन्तःपुर में पहुँच जाती है। वहाँ उसे रानी की दासी बनकर रहना पड़ता है। वह अपना नाम बदल लेती है—आरण्यका, क्योंकि जो दुर्घटना उसे वहाँ ले गई है वह जंगल में घटी थी। अन्तः-पुर में वत्सराज तथा वासवदत्ता के परिणय को चिरनूतन रखने की भावना से उनकी प्रेम-कथा को नाटकार्पित करने की आयोजना होती है। मञ्च पर वासवदत्ता की भूमिका में आरण्यका उतरती है तथा वत्सराज की भूमिका में स्वयं उदयन। अभिनय के बहाने दोनों में प्रेम हो जाता है। वासवदत्ता इस दृश्य से रुष्ट होकर आरण्यका को बन्दीगृह में डाल देती है। किन्तु अन्त में घटना-चक्र के विकास के साथ आरण्यका के राजकुमारी होने का पता लग जाता है और, मालविकाग्निमित्र की भाँति, स्वयं रानी की अनुमति से प्रियदर्शिका तथा वत्सराज का सुखान्त पाणिग्रहण संपन्न होता है।

रत्नावली मे भी उदयन की एक और प्रणय-कथा है। कथावस्तु का मूल कथासरित्सागर की कहानी है जिसमें यौगन्धरायण वत्सराज को राज्यरक्षार्थ सचेत रखने के लिये, तथा मन्त्री के भाव से स्वयं राज्य की रक्षा करने के लिये वत्स तथा मगध में परस्पर राजनीतिक सम्बन्ध स्थापित करने में उद्योगी है। किन्तु कोई भी नूतन राजनीतिक सम्बन्ध काल की परम्परा के अनुसार तब तक असम्भव है, जब तक उसकी आधार-शिला स्वयं राजा का नूतन परिणय-बन्धन न हो। भास के प्रतिज्ञायौगन्धरायण तथा वासवदत्ता का उद्देश्य वासवदत्ता के 'आत्म-बलिदान' द्वारा तथा पद्मावती-परिणय द्वार वत्स राज्य की रक्षा है। मूलरूप में यही कथा रत्नावली का विषय है, किन्तु यहाँ पद्मावती का स्थान सिंहल की राजकुमारी रत्नावली ने ले लिया है।

रत्नावली को वत्सराज के अन्तःपुर में लाने के लिये यौगन्धरायण ने समाचार फैला दिया है कि लावाणक की आग में वासवदत्ता जलकर मर चुकी है। और जिन दो राज-कर्मचारियों को यौगन्धरायण की योजना का पता था उन्हें भी मुख्य-मन्त्री के आदेश से युद्ध-भूमि को भिजवा दिया गया है। उधर लंका द्वीप से रत्नावली को लेकर राज-पोत चलता है, वह मार्ग में ही डूब जाता है। वत्स का एक व्यापारी राजकुमारी के गले में पड़ी माला से 'रत्नावली' को पहचान जाता है, और लाकर उसे सकुशल सागरिका के नाम-रूप में यौगन्धरायण को समर्पित कर देता है। रत्नावली को वासवदत्ता की दासी बनकर रहना पड़ता है। वसन्तोत्सव में सुसंगता के साथ इधर-उधर घूमती हुई वह प्रथम दृष्टि पड़ते ही उदयन पर आसक्त हो जाती है। सुसंगता तथा विदूषक की सहायता से उदयन तथा सागरिका के संकेत-मिलन की आयोजना बनती है। किन्तु वासवदत्ता को भेद का पता चल जाता है और विदूषक तथा सागरिका को इस अपराध के दण्ड-स्वरूप कारागृह की हवा खानी पड़ती है। किन्तु युद्ध के उपरान्त विजयी वत्स-सेना के कर्मचारी आकर सागरिका के वास्तविक रूप का परिचय देते हैं। अब वासवदत्ता प्रसन्न हो जाती है—अरे, सागरिका तो मेरी ही चचेरी बहिन थी! नाटक की परम्पराओं के अनुसार सब कुछ सुखान्त समाप्त हो जाता है।

नागानन्द का कथानक भी मूलतः कथासरित्सागर की एक कथा पर आश्रित है। जीमूतवाहन नागानन्द का नायक एक विद्याधर राजकुमार है जो इस जन्म में बोधि-सत्त्व के एक अंश का अवतार है। पिता जीमूतकेतु के वानप्रस्थ आश्रम में प्रविष्ट होने के अनन्तर वही अब अपने राज्य का उत्तराधिकारी है। परन्तु बोधिसत्व की करुणार्द्र वृत्ति से वह वंश में परम्परा से चले आ रहे कल्पवृक्ष से यह वर माँगता है कि प्रजा सन्तुष्ट रहे, और इस प्रकार राज्य की चिन्ता से उन्मुक्त होकर वह भी अपने वृद्ध माता-पिता की शुश्रूषार्थ, उन्हींके साथ जाकर जंगल में रहने लगता है। मलयाचल की उपत्यकाओं में बसी सिद्धपुरी में वे बस जाते हैं। एक दिन गौरी मन्दिर के आस-पास घूमते हुए उसे एक संगीत सुनाई देता है। मन्दिर में सिद्धराजकन्या मलय-वती गौरी की आराधना में गा रही है। दोनों का प्रथम दर्शन होता है और कुछ ही दिनों में विवाह भी सम्पन्न हो जाता है। परन्तु विवाहविधि के पश्चात् आपानोत्सव मनाते हुए जीमूतवाहन और मलयवती का भाई मित्रावसु अपनी बस्ती से दूर समुद्र की ओर निकल जाते हैं। इतने में द्वारपाल आकर किसी कार्यवश मित्रावसु को बुला ले जाता है, और तभी एक आर्त्तनाद को सुनकर जीमूतवाहन व्याकुल हो उठते हैं। आज एक नाग शङ्खचूड गरुड़ का भोजन बनेगा। यह करुण-क्रन्दन उसकी वृद्धा माता का है। उधर शङ्खचूड मरने से पूर्व दक्षिण गोकर्ण को वन्दन करने जाता है, और इधर

इस अवसर का लाभ उठाते हुए जीमूतवाहन शङ्खचूड के स्थान पर अपने-आपको गरुड के भोजनार्थ अर्पित कर देता है। इस आत्म-बलिदान का ज्ञान होने पर गरुड़ की काया पलट जाती है। जीमूतवाहन की मृत देह को देखकर उसके माता-पिता तथा नव-वधू स्वयं अग्नि-प्रवेश के लिये उद्यत होते हैं। उसी समय भगवती गौरी दर्शन देकर जीमूतवाहन को प्रत्युज्जीवित करती हुई उसे विद्याधरों का चक्रवर्ती बना देती है और जीमूतवाहन के उपदेश से गरुड सदा के लिये नाग भक्षण का त्याग करता हुआ पूर्वभक्षित नागों को अमृतवृष्टि द्वारा पुनरुज्जीवित कर देता है।

उदयन-कथा में पद्मावती के स्थान पर सिंहल की राजकुमारी प्रियदर्शिका को नायिका रूप में प्रस्तुत करने से कुछ ऐसे प्रतीत होता है जैसे यह प्रणय-कथा किसी रूप में स्वयं हर्ष के अन्तः-पुर में घटी थी। इसके अतिरिक्त श्रीहर्ष की नायिकाएँ आत्महत्या के पाप में स्वयं नायक के द्वारा रँगे-हाथ पकड़ी जाती हैं। इन दृश्यों का नाटकीय उपयोग भले ही शृंगार रस में उद्दीपन का हो, परन्तु आत्महत्या के विचार को इतना व्यापक कर देना इस बात का द्योतक है कि किसी निजी घटना ने श्रीहर्ष के मन पर एक गहरा और स्थायी प्रभाव डाला है। वह घटना कौन सी थी ? जीवन अथवा राष्ट्र जीवन में किस आप-बीती से मिली थी ? संभव है, हम इन प्रेरणाभूत घटनाओं के अज्ञान के कारण 'श्रीहर्ष-नाटकचक्र' के रसग्रहण में असफल रहें। इस-लिये आवश्यक है कि हम श्रीहर्ष के कवि अथवा नाटककार रूप की आलोचना करने से पूर्व, नाटकों का प्रेरणा-सूत्र ढूँढने के लिये, उनके राज्यकाल की मुख्य घटनाओं पर एक विहंगम-दृष्टि डाल लें।

श्रीहर्ष : राजरूप में—

गुप्त साम्राज्य के विघटन पर भारत छोटे-छोटे रजवाड़ों में बँट गया। किन्तु सातवीं शताब्दी के अन्त में कुरुक्षेत्र के निकट, थानेसर में प्रभाकरवर्धन ने देश को पुनः एक-सूत्रित करने का प्रयत्न किया। विक्रम संवत् ६६३ में उसका बड़ा लड़का राज्यवर्धन सिंहासनासीन हुआ। किन्तु वह अभी एक वर्ष भी राज्य न कर पाया था कि गौडवंश के शशांक ने उसे बुलाकर धोखे से मरवा डाला। तदनन्तर ६६३ से ७०४ वि० तक राज्यवर्धन का छोटा भाई हर्षवर्धन राज्य करता रहा। भाई की हत्या से वर्धन साम्राज्य उखड़ चुका था, परन्तु हर्ष ने उसे न केवल पुनः सुस्थित ही किया अपि तु उसने सेना को सुदृढ़ करके दिग्विजय का ऐसा ताँता बाँधा कि प्रायः संपूर्ण उत्तर भारत उसके अधीन हो गया। हर्ष की शासनप्रणाली भारत की प्राचीन धर्म-विजय परम्परा के अनुकूल थी, इसका प्रमाण प्रसिद्ध समकालीन चीनी यात्री य्वान् च्वाँग (ह्यू न् त्साँग) का यात्रा-वर्णन है, जिसमें उन्होंने मुक्त-कण्ठ से हर्ष की राज्य-व्यवस्था की प्रशंसा की है। कुछ काल पीछे चीनी बौद्ध प्रचारक इत्सिंग भारतवर्ष में

प्रायः बीस वर्ष तक पर्यटन, प्रचार करते रहे। उन्होंने हर्ष की कीर्ति के आधार पर उसके न केवल राजरूप को ही प्रस्तुत किया है, अपि तु कविरूप को भी सराहा है। 'नागानन्द' के विषय में ह्वान् च्वाँग तथा इत्सिंग के लेख प्रामाणिक हैं कि जीमूतवाहन की भूमिका में स्वयं हर्ष ने अभिनय भी किया था।[1] इससे हर्ष के नाटककार होने में कोई सन्देह रह ही नहीं जाता।

भारतीय परम्परा में संभवतः हर्ष ही अन्तिम राजा हैं जिन्होंने अश्वमेध रचा तथा दिग्विजय की। हर्ष के साथ भारतीय हिन्दू साम्राज्य, गुप्तकालीन स्वर्ण-युग, चक्रवर्तित्व द्वारा देश के एकीकरण, तथा संस्कृत साहित्य एवं सभ्यता की उदय-कथा सब समाप्त हो जाते हैं। अपने लम्बे राज्यकाल में उन्हें एक पराजय भी—६७७ वि० में चालुक्य राजा पुलकेशी द्वितीय के हाथों—सहनी पड़ी थी। चालुक्यों का राज्य दक्षिण में था। इसके अतिरिक्त श्रीहर्ष के राजदूत, ह्वान् च्वाँग की भारत-यात्रा के अनन्तर, चीन आदि विदेशों में भी गए थे, जिससे प्रतीत होता है कि प्राचीन सांस्कृतिक परम्पराओं के साथ-साथ हर्ष ने हमारी बृहत्तर भारत-परम्परा को भी अक्षुण्ण बनाए रखा था। गौड शशांक के विश्वासघात, पुलकेशी द्वारा पराजय, सिंहल, चीन आदि दूर देशों से प्रचारकों का भारत में आवागमन, तथा साम्राज्य की डोलती नैया के दिनों बहिन राज्यश्री को चिता-प्रवेश से बचाकर ले आना, और प्रतिक्रियोद्बुद्ध ब्राह्मण धर्म के ठेकेदारों द्वारा बौद्ध ह्वान् च्वाँग के जीवन पर घातक आक्रमण—इत्यादि कुछ ऐसी घटनाएँ हैं जो हर्ष के मन पर स्थायी प्रभाव छोड़ गई।

रत्नावली में रत्नावली (नायिका) वास्तव में हर्ष के अन्तःपुर में शरणार्थ आई सिंहल की राजकुमारी ही है। वह बृहत्तर भारत का युग था। स्वप्न-वासवदत्ता में उदयन की जय-पराजय कथासरित्सागर के नायक की जय-पराजय है, किन्तु प्रियदर्शिका तथा रत्नावली में वह स्वयं हर्ष की आप-बीती है। यदि सचमुच इन नाटिकाओं का कथा-स्रोत भास के उदयन-नाटक होते, तो भास-नाटकों में भी नायिकाओं का आत्म-हत्या के लिये प्रयास कहीं तो होता। यह प्रयास श्रीहर्ष की अपनी आँखों के सामने उसकी बहिन राज्यश्री ने किया था, जो श्रीहर्ष के मन में सदा के लिये एक दुःस्वप्न सा बनकर छुपा हुआ था। 'सागरिका' का वेष-परिवर्तन द्वारा नायक से मिलन तथा प्रियदर्शिका द्वारा अभिनय के व्याज से नायक के हृदय में प्रेम-बीज-वपन—दोनों व्यपदेशों के नाटकीय उपयोग में जहाँ नवलता है, मौलिकता है, वहाँ अधिक संभवतः उनकी मूल-प्रेरणा में कवि की कोई स्वात्मानुभूति

[1] "A Record of Buddhist Religion by I-Tsing," translated by J. Takakusu, pp. xxv—xxviii, lv, and p. 163, Oxford, 1896.

संनिहित है। इसी प्रकार जीमूतवाहन के आत्मोत्सर्ग को कथा का विषय बनाना, उसका नाटकीकरण भी नाटककार की कोरी कल्पना ही नहीं हो सकती। यह घटना एक ऐतिहासिक तथ्य है—बौद्ध यात्री ह्वान् च्वाँग पर ब्राह्मणों के घातक प्रयत्नों की भनक जब हर्ष के कानों में पड़ी तो उसने राज्यभर में यह डौंडी पिटवा दी कि इस अपराध का दण्ड कठोरतम होगा। उसके अनन्तर आचार्य ह्वान् च्वाँग के सर्वसाधारण में उपदेश हुए और राजकीय प्रश्रय में उनकी सवारी भी निकली; और इस देश-व्यापी स्वागत-समारोह के अनुरूप राजकीय कोष से दरिद्रों, ब्राह्मणों, श्रमणों में मुक्त-हस्त दान भी बाँटा गया।

नागानन्द का कथानक—

नागानन्द के नाटककार श्रीहर्ष के राज्य में गुप्तकालीन स्वर्णयुग की प्रतिक्रिया-स्वरूप ब्राह्मणों तथा बौद्ध श्रमणों में वैमनस्य चला आ रहा था। इसका जीवित प्रमाण भारत में आए हुए चीनी बौद्धाचार्य ह्वान् च्वाँग के उदात्त जीवन पर घातक आक्रमण की योजनाओं में प्रकट हुआ। हर्ष इसकी भनक पाकर एकाएक ठिठक गया, उसे बौद्ध धर्म अपनी बलिदान-भावना के कारण पवित्रतर रूप में इतना भा गया कि इसी एक घटना ने उसे बौद्ध धर्म के प्रचार में कलाकार रूप में अपनी एक आहुति अर्पित करने को प्रेरित किया। उसी प्रेरणा का परिणाम यह नागानन्द नाटक है।

इस प्रकार प्रियदर्शिका तथा रत्नावली की भाँति नागानन्द भी हर्ष की समकालीन घटनाओं द्वारा ही प्रेरित है, और दोनों नाटिकाओं की भाँति इसका कथानक भी गुणाढ्य की बृहत्कथा से लिया गया है। बाण-भट्ट ने पैशाची बृहत्कथा की जो प्रशंसा अपने हर्षचरित में की है, उससे प्रकट है कि कम-से-कम श्रीहर्ष के समय तक कथाओं का यह बृहत् (पैशाची) संग्रह उपलब्ध था।

नागानन्द की मूल कथा सोमदेव के कथासरित्सागर (शशांकवती लम्बक १२ की तरङ्ग २६, आदितः ९० वीं तरङ्ग) में संगृहीत है। यद्यपि नागानन्द नाटक के आमुख में स्वयं श्रीहर्ष ने लिखा है कि यह नाटक (बोधिसत्त्व जातक-माला के) विद्याधर जातक को आधार मानकर प्रस्तुत किया गया है, तथापि आर्यशूर की जातकमाला में जीमूतवाहन की कथा किसी रूप में भी उपलब्ध नहीं है।

हाँ, हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग द्वारा प्रकाशित 'जातक' द्वितीय खण्ड में भदन्त आनन्द कौसल्यायन ने (अङ्क १५४ पृष्ठ १५२ पर) 'उरग जातक' का उद्धरण किया है, जिसमें बोधिसत्त्व ने गरुड़ से नाग की रक्षा की। परन्तु वह कथा 'नागानन्द' की कथा से सर्वथा भिन्न है।—

ब्रह्मदत्त के राज्य में वाराणसी में एक नाग और गरुड़ मेला देखते हुए इकट्ठे खड़े थे। नाग ने भूल से गरुड़ के कन्धे पर हाथ रख दिया। गरुड़ ने जब पीछे मुड़कर

देखा तो नाग प्राण-भय से नदी की ओर भाग निकला। गरुड़ ने उसका पीछा किया। नदी में तपस्वी के रूप में बोधिसत्त्व स्नान कर रहे थे। नाग मणि का रूप धारण कर-के तट पर पड़े उनके बल्कल वस्त्र में छिप गया। गरुड़ ने प्रार्थना की, भन्ते—

इधूरगानं पवरो पविट्ठो
सेलस्स वण्णेन पमोक्ख मिच्छं।
बह्मञ्च वण्णं अपचायमानो
बुभुक्खितो नो विसहामि भोत्तुं॥

अर्थात् यहाँ मणि रूप में प्राण बचाने के लिये नागराज घुस गया है। मैं ब्राह्मण वर्ण का आदर करने के कारण भूखा होता हुआ भी उसे खाने का साहस नहीं करता।

पानी में खड़े-खड़े बोधिसत्त्व ने गाथा कही—

सो बह्मगुत्तो चिरमेव जीव
दिब्बा च ते पातु भवन्तु भक्खा।
सो बह्मवण्णं अपचायमानो
बुभुक्खितो नो वितरासी भोत्तुं॥

अर्थात् तू ब्रह्म द्वारा रक्षित होकर चिरकाल तक जीवित रह। तुझे दिव्य भोजन प्राप्त हों, जो तू भूखा होता हुआ भी ब्राह्मण वर्ण के गौरव के कारण इसे नहीं खा रहा।

तब तपस्वी ने उन दोनों को अपने आश्रम में लेजाकर उनकी मैत्री करा दी। तत्पश्चात् वे दोनों प्रसन्नतापूर्वक सुख से रहने लगे।

जीमूतवाहन के 'उपेक्षित' आत्मोत्सर्ग को यथोचित मान सम्प्रदान करने का श्रेय उपलब्ध साहित्य साक्ष्य के अनुसार सर्वप्रथम श्रीहर्ष का ही है। नागानन्द की कथा प्रायः घटनाक्रम, चरित-चित्रण आदि में मूल कथा से ही ज्यों की त्यों —शब्दशः—ले ली गई है। किन्तु जिस प्रकार (बोधिसत्त्व) जीमूतवाहन के उपेक्षित बलिदान को सर्व प्रथम अभिनयार्पित करना श्रीहर्ष की कलाकारता का द्योतक है, उसी प्रकार बलि-दान के सजीव रोमाञ्चकारी वातावरण से प्रभावित होकर गरुड़ जैसे क्रूर नागभक्षक का सद्यः-परिवर्तन (आत्मिक कायापलट) भी श्रीहर्ष की धार्मिक सूक्ष्म बुद्धि, सत्य-प्रियता तथा बौद्ध-प्रचार में अनुदान-परता का रूपक है।

मूल कथा के कुछ अंश नागानन्द नाटक में छूट भी गए हैं और अन्य अंशों में नाटकीय परिवर्तन भी हुए हैं। यथा—

(i) विद्याधरों की राजधानी (हिमालय पर बसी) काञ्चनपुरी, जीमूतकेतु की पत्नी महारानी कनकदेवी इत्यादि का नाम्ना उल्लेख हर्ष ने नहीं किया।

(ii) वानप्रस्थ में जीमूतवाहन की मैत्री एक ऋषि पुत्र से हुई थी, उसी ऋषि

पुत्र को नाटककार ने नाटकीय अनुरोध से विदूषक बना डाला है—परन्तु यह विदूषक संस्कृत नाटक के सामान्य विदूषकों से सर्वथा भिन्न है। उसे लड्डुओं से इतना प्रेम नहीं, जितना अपने मित्र के हित से है; न ही वह संस्कृत नाटकों की परम्परानुसार अन्तःपुर में सर्वथा नपुंसक है। वह युवक-युवतियों के परिहास का रस ले सकता है (देखो, आपानोत्सव में मत्तपालक-दृश्य)।

(iii) कथासरित्सागर में जीमूतकेतु द्वारा मलयवती के वधू रूप में स्वीकार की सूचना मलयवती की सहेली लाती है, नागानन्द की 'चेटी' नहीं। मूल कथा में प्रथम अनुराग के दृश्य में शृङ्गारानुकूल रोमाञ्च अधिक है, क्योंकि जीमूतवाहन पर दृष्टि पड़ते ही मलयवती—

तथानुराग-विवशा भेजे कन्या विहस्तताम्।
यथा सखीव वीणास्या व्याकुलालपतां ययौ ॥ ४८ ॥

(iv) अशोक-पादप पर फाँसी लगाकर लटकने से पूर्व मलयवती गौरी से प्रार्थना करती है—

त्वद्भक्तया देवि संवृत्तो नास्मिन् जन्मनि चेन्मम।
जीमूतवाहनो भर्ता तद् भूयात् सो ऽन्यजन्मनि ॥ ७२ ॥

फंदा भी उसने उत्तरीयक से लगाया है, अतिमुक्तलता से नहीं। यहाँ मलयवती के 'प्रयास' को चेटी ने चीख-पुकार कर विफल नहीं बनाया, अपि तु मलयवती की 'अन्तिम इच्छा' ने ही स्वयं मुखर होकर जीमूतवाहन को पुकारा है—

हा नाथ विश्व-विख्यात-करुणेनापि न त्वया।
कथमस्मि परित्राता देव जीमूतवाहन ॥ ७४ ॥

(v) मित्रावसु से 'अस्थि शिखर' की कथा सुनकर जीमूतवाहन नागराज वासुकि तथा पक्षिराज गरुड़ दोनों की हृदयहीनता पर खीझा है, और तत्क्षण आत्म-बलिदान (द्वारा शङ्खचूड की रक्षा) के लिये उद्यत हो गया है। मूल कथा में वध्य-चिह्न रक्तांशुक युगल का उल्लेख नहीं है।

(vi) परन्तु नाटक में तथा मूल कथा में सबसे अधिक रोमांचकारी दृश्य गरुड़ की कायापलट है।

गरुड़ जीमूतवाहन के बलिदान पर विस्मित रह गया है। उसे निश्चय है कि जिसका मांस मैं आज खा रहा हूँ वह कोई महापुरुष है, नाग नहीं। परन्तु जीमूतवाहन उसके प्रश्न के उत्तर में कहता है—

नाग एवस्मि। को ऽयं ते प्रश्नः ? प्रकृतमाचर ॥ १६६ ॥

मुझे अपना काम करने दे, तू अपना कर (अर्थात् मेरा मांस खाता जा)।

पर इसी एक दृश्य के कला-पूर्ण उपयोग से श्रीहर्ष की नाटककारता को

चार चाँद लग गए हैं।

(vii) सोमदेव की कहानी में जब भगवती गौरी प्रकट होकर कमण्डलु-जल से जीमूतवाहन को प्रत्युज्जीवित करती है, तभी गरुड़ भी जीमूत की उदात्तता से सन्तुष्ट होकर उसे वर माँगने को कहता है। इस प्रकार गरुड़ का नाग-भक्षण से विमुख होना तथा पूर्व-भक्षित नागों को अमृत द्वारा फिर से जीवन-प्रदान करना जीमूतवाहन की वरयाचना का परिणाम है, न कि पूर्व-कृत पापों के प्रति पश्चात्ताप के उद्वेग से उसके हृदय का स्वतः विपरिणाम।

यही एक दृश्य श्रीहर्ष की प्रतिभा, कला तथा धर्म-दृष्टि को, जीमूतवाहन की स्वाभाविक उदात्तता और गरुड़ की प्रायश्चितोद्भूत अन्तः-शुद्धि के साथ ऊँचा उठा देने के लिये पर्याप्त है। जीवन में यह क्षण एक बार ही आया करता है। बलिदान किस प्रकार न केवल 'हुतात्मा' जीव को अपि तु सम्पूर्ण जीव-जात को पावन कर जाता है इसका उदाहरण जहाँ अशोक के कलिङ्ग हत्याकाण्ड के पश्चात् धर्म-चक्र परिवर्तन में ऐतिहासिक बन चुका है, वहाँ गाथाओं में जीमूतवाहन के बलिदान से गरुड़ के मनः-परिवर्तन में चिर-साहित्य बन चुका है। तथा श्रीहर्ष द्वारा नाटकीकृत होकर वह जनसाधारण की (मनोरंजनपूर्ण) मनः-शुद्धि का साधन बन चुका है।

श्रीहर्ष के जीवन में यह परिवर्तन टवान् च्वाँग की बलिदान-क्षण में भी निर्भय-वृत्ति को देखकर आया था।

(viii) एक और बात जो प्रस्तुत नाटक में कथासरित्सार और बृहत्कथा-मञ्जरी की मूल कथाओं से सर्वथा भिन्न है वह है कथानक का उद्देश्य। कथा-सरित्सागर में जीमूतवाहन की कथा सुनाकर बेताल त्रिविक्रमसेन से पूछता है—

तद् ब्रूहि शङ्खचूडः किं वा जीमूतवाहनोऽधिकः
सत्त्वेन तयोरुभयो? ॥ २०३ ॥

और त्रिविक्रम उत्तर देता है—

बहु जन्म सिद्धमेतच् चित्रं जीमूतवाहनस्य कियत्?
श्लाघ्यः स शङ्खचूडो मरणोत्तीर्णोऽपि यो रिपवे ॥ २०५ ॥
अन्यप्रत्तात्मानं प्राप्य सुदूरं गताय तार्क्ष्याय।
पश्चाद्-धावन् गत्वा स्वं देहमुपानयत् प्रसभम् ॥ २०६ ॥

और कथामञ्जरी में विक्रम ने उत्तर दिया कि हृदय-परिवर्तन जन्मजन्मान्तर सिद्ध उदात्तता से कहीं ऊँचा है। गौरव गरुड़ का है, जीमूतवाहन का नहीं।

हर्ष ने गरुड़ की अमृत वर्षा से पूर्व ही जीमूतवाहन को प्रत्युज्जीवित करा दिया है। वह गरुड़ के अनुग्रह से मुक्त है मूल कथाओं के विपरीत नागानन्द में गरुड़ की महत्ता पश्चात्ताप में है; और नागों का प्रत्युज्जीवन किसी नवीन चेतना के

प्रादुर्भाव का परिणाम नहीं, अपि तु जहाँ वह जीमूतवाहन के मृत्यु-शय्या पर दिये उपदेश से नाग-भक्षण से विमुख हो जाता है, वहाँ अमृत की अकस्मात् स्मृति से उसका अभिमान जाग उठता है और वह उड़कर, यमराज, इन्द्र, कुबेर पर आपत्ति लाता हुआ अपने पंख 'समुद्र' में भिगो लाता है और मलयगिरि पर अमृत की वर्षा कर देता है।

जीमूतवाहन 'बलिदान-कथासरित्'—

(क) १. जीमूतवाहन के आत्मोत्सर्ग की कथा भारतवर्ष में दो और रूपों में भी मिलती है। कथा के हिन्दी रूपान्तर में (Barker कथा १५) मलयवती के आत्महत्योद्योग की घटना नहीं है। पहले झपटे में जीमूतवाहन गरुड़ के पंजे से छूट जाता है। जीमूतवाहन को प्रत्युज्जीवित करने के लिये गौरी प्रकट नहीं होती। जीमूतवाहन क्षत्रिय था, आत्मबलिदान में उसकी उदात्तता कुछ नहीं।

तामिल रूपान्तर (Babington कथा १६) में गरुड़ आते ही जीमूतवाहन को पहचान लेता है और उसके आत्मोसर्ग की भावना से प्रभावित होकर तत्क्षण (बिना खाए) उसे वर दे देता है। नाग-भक्षण गरुड़ का स्वभाव है, उसका हृदय पसीज जाए और वह हाथ में आए आमिष को छोड़ दे!—इस स्वभाव-परिवर्तन से बड़ा चमत्कार और हो नहीं सकता।

२. कथासरित्सागर, बृहत्कथामञ्जरी तथा श्लोक-संग्रह के अतिरिक्त यह कथा सिंहासन-द्वात्रिंशिका में 'एकादशी पुत्तलिका' तथा वेतालपञ्चविंशतिका में '१६-वाँ वेताल' के रूप में संगृहीत है।

३. कथासरित्सागर का विक्रम महाभारत में 'चिरंजीवी' पक्षी के मुख से एक राक्षस के अत्याचारों की कथा सुनता है। चिरंजीवी के (एक पूर्व जन्म के) मित्र ा पुत्र आज राक्षस की भेंट हो रहा है। विक्रम झट जादू का जूता पहनकर पर्वत पर पहुँच जाता है और अपने निर्भीक बलिदान उपहार से राक्षस की काया पलट देता है।

महाभारत के एक और स्थल पर बक राक्षस की कथा आती है। वनवास के दिनों में पाण्डव एक ब्राह्मण के हाँ अतिथि बनकर रहे थे। एक दिन ब्राह्मण-परिवार एकाएक चिन्ताग्रस्त हो गया। ब्राह्मण के इकलौते पुत्र की बक राक्षस का भोजन बनने के लिये जाने की बारी थी। माता कुन्ती ने स्वयं अपने पाँचों पुत्रों को फटकारा कि तुम क्षत्रिय किस बात के हो ? भीम ने जाकर उस राक्षस का संहार कर दिया और 'जनस्थान' को नर-बलि की बिभीषिका से मुक्त कर दिया।

४. शिवि तथा दधीचि के बलिदान लोक-प्रसिद्ध हैं ही।

५. आर्यशूर की जातक माला में जीमूतवाहन की कथा अथवा विद्याधर

जातक प्राप्य नहीं, परन्तु व्याघ्रीजातक, शिविजातक तथा महाबोधिजातक में बुद्ध के करुणा-वत्सल रूप तथा आत्मोत्सर्गमय जीवन की झाँकी अवश्य मिलती है। एक और लोक-प्रसिद्ध बौद्ध कथा में आता है कि एक बार बुद्ध के सामने कुछ बकरी के बच्चों को बड़ी निर्दयता से वध्यभूमि की ओर घसीटा जा रहा था। पता चला, इन्हें वेद की आज्ञानुसार यज्ञशाला में ले जाया जा रहा है। बुद्ध साथ हो लिये। यज्ञभूमि पर पहुँचकर उन्होंने पशुओं के स्थान पर अपने-आपको अर्पित कर दिया और कहा, 'जो वेद प्राणी हत्या की अनुमति देता है उसे मैं नहीं मानता'। बात अवसर की थी, घर कर गई। ठीक ऐसी घटना ऋषि दयानन्द के जीवन में भी घटी, परन्तु आत्म-बलिदानार्थ प्रस्तुत होते हुए उन्होंने कहा था 'मैं ऐसे वेद-भष्य को नहीं मानता'।

६. पञ्चतन्त्र तथा हितोपदेश में कबूतर के चिता-प्रवेश द्वारा 'कश्चित् क्षुद्र-समाचारः घोरः शकुनि-लुब्धकः'—व्याध के हृदय-परिवर्तन तथा स्वर्ग-लाभ की कथा आती है, जिसमें पशु-हृदय की करुणा को मानव-करुणा से ऊँचा दिखाया गया है।

७. पारसी धर्म में तो शव को गगन-चुम्बी (जीमूतवाहन ?) मृत्यु-कूप के शिखरपर नंगा रख दिया जाता है, और चील-गिद्ध आदि नर-मांस भक्षक पक्षी, आकर उसे खा जाते हैं।

(ख) ८. जन-साधारण के अन्ध विश्वास तथा गाथा-लोक के राक्षसों के पश्चात्, अगले युग में राक्षस अजगर (Dragons) बन जाते हैं। काल्मुक (Kalmuck काल मुक्ति ?) की कथाओं में दो अजगरों का उल्लेख आता है जो मनुष्य जाति को खेती की सिंचाई के लिये अभीष्ट जल से वञ्चित कर देते हैं। इस अभिशाप से मुक्ति इसी शर्त पर होती है कि वे प्रतिदिन एक मनुष्य को अपना आहार बनाएँगे। एक दिन खान (The Khan) की बारी आती है। परन्तु खान का पुत्र उसके स्थान पर अपने-आपको अर्पित करता है। पिता-पुत्र साथ जाते हैं, और अजगरों की 'रहस्य' भरी बात-चीत—"मनुष्य न जाने अपने-आपको इतना बुद्धिमान् क्योंकर समझता है ? उसे इतना भी पता नहीं कि हमें मारना कितना सुगम है !"—ओट से सुनकर दोनों को मारने में सफल होते है। पृथ्वी फिर से हरी-भरी हो जाती है।

९. इसी प्रकार की एक और कथा Julg—Siddhi-kur No. 2; Coxwell—Siberian and Other Folk-Tales No. 4; Busk—Sagas From the Far East No. 2.—में 'सूर्य-रश्मि और उसका छोटा भाई' के नाम से उद्धृत है, जिसमें एक सरोवर पर अजगरों का आतंक छाया हुआ है। खेती-हर लोग विवश उन्हें प्रति वर्ष (एक विशेष मास में उत्पन्न) एक नवयुवक भेंट करते हैं। कथा के नायक की बारी आती है। उसकी प्रेयसी (राजकुमारी) के

अनुरोध पर दोनों (जीमूतवाहन-मलयवती ?) को एक खाल में इकट्ठे सीकर अजगरों के सम्मुख फेंक दिया जाता है। प्राण-संकट में प्रेमी-युगल के इस परस्पर प्रेम से विमुग्ध होकर अजगर न केवल दोनों को छोड़ देते हैं अपि तु उस सरोवर पर से भी अपना आतंक उठाकर खेती-बाड़ी के लिये पानी खुला छोड़ देते हैं।

१०. नाग-पूजा का सम्बन्ध सम्भवतः आर्यों तथा दस्युओं के प्रागैतिहासिक युद्ध-काल से है ऐसी एक विद्वान् की कल्पना है। एक लेख (The Nagas : A Contribution to the History of Serpent-Worship, JRAS, July 1901) में C.F. Oldham ने दर्शाया कि चनाब की घाटी में वासुकि अथवा वासुदेव (नागराज) के मन्दिरों में नागराज की प्रतिमा के साथ उसके मुख्य-मन्त्री की प्रतिमा भी संलग्न हैं। मुख्यमन्त्री का नाम है जीमूतवाहन। कथा के अनुसार वासुदेव का गरुड़ से घोर युद्ध हुआ, इस युद्ध में नागराज के प्राण बड़ी कठिनता से बचे। मन्त्री ने अपने प्राणों पर खेलकर राजा के प्राण बचाए। वासुदेव ने भागकर समुद्र से १३०० फुट की ऊँचाई पर, चनाब तथा रावी की घाटियों के बीच, कैलाश-कुण्ड में शरण ली। फिर से सेना का संगठन किया गया और गरुड़ को अगले युद्ध में परास्त कर दिया गया। नागराज ने प्रत्युपकार-स्वरूप आदेश दिया कि आगे से जीमूतवाहन की भी मेरे साथ-साथ पूजा हुआ करेगी। ऐतिहासिक तथ्य कुछ हो कैलास-कुण्ड पर आज भी (पाकिस्तान बनने के पश्चात् नहीं !) वार्षिक समारोह होता है, और आस-पास के सब नर-नारी इसमें सम्मिलित होते हैं।

११. जेन्द अवस्था में गरुड़ का नाम है एओरोष (Eorosh=उर्वश ? *v.l.* Chanmrosh)। भारतीय गाथाओं में जीमूतवाहन की कथा विक्रमादित्य अथवा त्रिविक्रमसेन के नाम से सम्बद्ध है। सम्भवतः विक्रम और उर्वशी का प्रेम-परिणय इसी बात का द्योतक हो कि विक्रम ने कभी एक नाग का जीवन बचाने के लिये आत्म-बलिदान से उर्वश (=एओरोष=गरुड़) को इतना मुग्ध किया हो कि उस ने स्वयं अपनी पुत्री उर्वशी का विवाह उसके साथ कर दिया हो।

१२. ह्यू न् त्सांग (य्वान् च्वाँग) ने, जो बौद्ध धर्म के प्रचार कार्य में भारत में कई वर्ष (६२९—६४५ ई०) तक परिव्राजक बनकर घूमता रहा, श्रीहर्ष द्वारा लिखे गए जीमूतवाहन सम्बन्धी 'एक नाटक' की प्रशंसा करते हुए कहा है कि स्वयं श्रीहर्ष जीमूतवाहन की भूमिका में उतरते थे। इसके साथ ही तुलना के रूप में य्वान् च्वाँग ने चीन की कराकश नदी (खोतान दरिया ?) की एक गाथा का उल्लेख किया है। इस नदी के आस-पास रहने वाले अनावृष्टि से तंग आए हुए थे। एक अर्हत ने उन्हें जताया कि यह एक अजगर की करतूत है, दुर्भिक्ष से मुक्ति का एक मात्र उपाय है बलिदान। ग्रामीण जनता पूजनार्थ नदी पर एकत्र हुई। एक नागकन्या ने जल में

से बाहर निकलकर कहा मैं विधवा हूँ, मुझे पति चाहिये। राजा का एक मन्त्री सफेद घोड़े पर चढ़कर नदी में कूद पड़ा। कुछ देर पीछे घोड़ा लौट आया, किन्तु उसकी पीठ खाली थी। नदी में बाढ़ आई, धरती पर फिर से हरियाली छा गई। इस कथा का उल्लेख करके अन्त में य्वान् च्वाँग लिखते हैं—"वर्ष पर वर्ष बीतते जाते हैं, अब न उस स्थान पर वे ढोल-ढमाके हैं, न वह पुराना चैत्य है, और न कोई अर्हत। अब वह स्थान सर्वथा सुनसान है"।

१३. जापान के कथासरित्सागर को-जी-की (Ko-ji-ki) में एक कथा अष्टावक्र साँप की कहानी नाम से संगृहीत हुई है। इद्ज़ुमो (Idzumo) देश में हि (Hi) नदी के मुहाने पर एक नर-वृषभ-अगस्त्य (His-Swift-Impetuous-Augustness) कहीं से आ टपका एक दिन वह नदी के तट पर मँडरा रहा था कि अकस्मात् उसने एक आर्त्त-नाद सुना। एक वृद्धा और वृद्ध अपनी युवती कन्या को लिये हुए चले आ रहे थे। पता चला कि यह उनकी आठवीं कन्या है। सात को तो नदी का देवता (अथवा राक्षस ?) कोशी (कंस ?) एक-एक करके हड़प चुका है। अगस्त्य ने कहा अपनी कन्या का विवाह मेरे साथ कर दो, तो मैं तुम्हें इस अभिशाप से मुक्ति दिला सकता हूँ। बुड्ढे और बुढ़िया को और क्या चाहिये था ? लड़की का जीवन बच जाय और उसका विवाह भी हो जाय—एक पन्थ दो काज !' अगस्त्य ने अपनी दस-धारी तलवार से अजगर के टुकड़े-टुकड़े कर दिये, और हि-नदी एक रक्त की नदी में परिवर्तित हो गई। (Cf. चर्मण्वती नदी—हमारा मेघदूत, पूर्वमेघ, श्लोक ४६, पृष्ठ ५७, तथा भूमिका पृष्ठ *xxix*—ग)

(ग) १४. सृष्टि में सब कहीं उत्पातों की शान्ति तथा सुख-वैभव का आवाहन सदा आत्मोत्सर्ग द्वारा ही सम्पन्न होता है। बलिदान का अर्थ सदा से आत्म-बलिदान ही रहा है, किन्तु भीरु ब्राह्मणों, मौलवियों और पादरियों ने स्वार्थ से पशु बलिदान की परम्परा चला दी है। आत्म-बलिदान का सम्बन्ध रक्त से है जिसका उपलक्षण नागानन्द के वध्यचिन्हभूत रक्तांशुक-युगल हैं, रन्तिदेव के गोमेध यज्ञों में (देखो मेघदूत, loc. cit.) चर्मण्वती की रक्त-धारा है, ईसा के आत्म-बलिदान में उसका लाल कपड़ों वाला (Man of Sorrows का) रूप है। सृष्टि के प्रवाह का मूलसूत्र है आत्मोत्सर्ग, इसीलिये वंशवृक्ष को आगे ले जाने वाले—पुत्र को 'आत्मज' नाम दिया गया है।

जैन बलिदान-कथाओं में नाग—तीर्थंकर-दिगम्बर अर्थात् नाँगे साधु हैं। कनफटे नाथ-पंथी जोगी संभवतः 'गो-कर्ण' के पुजारी थे। कभी गौओं के कान भी फाड़े जाते थे...दुर्गा तथा शिव का खप्पर भी 'हाथ में जान लिये-लिये फिरना' (जी-मूत-वाहन) का द्योतक ही तो है !

नागों की विपत्ति तथा जीमूतवाहन के बलिदान की विश्वव्यापी कथाओं का सार है—अनावृष्टि द्वारा धरती पर से लहलहाते (√नज् व्रीडायाम्, Cf. Naiad) सस्यों का लोप, तथा इस विपत्ति से मेघ (जीमूतवाहन) उत्सर्ग द्वारा मुक्ति तथा सुख-वैभव संप्राप्ति। फ्रेज़र (Frazer) ने इस कथा के विभिन्न प्रायः ६० (विश्व-व्यापी) संस्करणों के तुलनात्मक अध्ययन से यही निष्कर्ष निकला है कि इन कथाओं में जल-देवियों को सन्तुष्ट करने के लिये मनुष्य के आत्म-बलिदान की भावना निगूढ़ है।

(The Pausanias' Description of Greece, Vol. V, pp.143-144.) ; Golden Bough, Vol. II. pp. 155-170) ई० एस० हार्टलैंड (E. S. Hartland ने भी इसी प्रकार अपने (The Legend of Perseus 3 Vols. 1894-1896) में विश्व-विख्यात 'वृत्र तथा इन्द्र' के युद्धों के तुलनात्मक अध्ययन द्वारा यही स्थापना प्रस्तुत की है कि देवी-देवता को, विशेषतः जलदेवता को, सन्तुष्ट करने में मनुष्य की यही भावना अन्तर्निहित है कि पृथ्वी, पशु तथा मनुष्य जगत् में कहीं भी उत्पत्ति का अभाव (barrenness) न रहे तथा सम्पूर्ण विश्व नव जीवन से उर्वर (fertile) हो जाए। जल 'उत्पादन-शक्ति' का उपलक्षण है; संस्कृत में जल का एक पर्यायवाची शब्द 'जीवन' है।

ऐतिहासिक दृष्टि में जीमूतवाहन का उपाख्यान सम्भव है भारतवर्ष के प्राचीन युग के आर्य-दस्यु कालीन 'कुरुक्षेत्र' की ओर ही संकेत करता हो (देखो ऊपर कथा संख्या १०)। परन्तु सृष्टि-चक्र में नाग-विपत्ति का अर्थ है खेती-बाड़ी की विपत्ति, पृथ्वी-शोषण; गरुड़ भगवान् सूर्य हैं; जीमूतवाहन मेघ है; समुद्र में डुबकी लगाकर जो अमृत गरुड़ लाता है वह वर्षा का जल ही तो है; जीमूतवाहन के आत्मोत्सर्ग से पुनरुज्जीवित सस्य ही नाग हैं। आध्यात्मिक जगत् में जो भी महामानव अपने प्राणों को शिव की भाँति 'हथेली पर लिये-लिये फिरे' वही 'जी-मूत-वाहन' है। मलयवती-जीमूतवाहन, विक्रमोर्वशी, शिव-पार्वती के पार्वतीय परिणय में इसी तथ्य की आधि-भौतिक छाया भी है और आध्यात्मिक प्रतिच्छाया भी।

जीमूतवाहन की कथा को त्रिविक्रम अथवा विक्रमादित्य का नायकत्व यूँही नहीं दे दिया गया।[1]

वेद में एक स्थान (ऋग्वेद २.१३.३) पर इन्द्र की स्तुति में कहा है—'यो गा उदाजदपधा वलस्य' अर्थात् जो 'वल' को 'नष्ट' करके गौओं को ऊपर निकाल लाया। टीकाकार अब तक गाः का अर्थ, न जाने क्यों, सूर्य की किरणें करते रहे हैं, जब कि

---

[1] विक्रम-आदित्य = त्रि-विक्रम = त्रि-अयन = त्रि-नयन। अर्थात् ब्रह्मा = विष्णु = महेश। अर्थात् सूर्य = विष्णु = इन्द्र (वृत्रहन्)

यास्क के निघण्टु में गौः शब्द 'पृथ्वी नामधेयानि' में सर्व प्रथम (निघण्टु समाम्नाय का पहला शब्द !) पढ़ा गया है। हमारे विचार में गा(व): वर्षा ऋतु में पृथ्वी (की गोदी) में ..नाज् से (नाग from Nनज् व्रीडायाम्; with व्रीडा cf. blush) अपना सिर ऊपर उठाकर अंकुरित होती हुई (गो[=पृथ्वी]-पुत्रियाँ)[1] सस्यावलियाँ ही हैं—जिन्हें आख्यानकारों ने नाग-कन्याएँ बना दिया है।

श्रीहर्ष : आलोचना—

रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने अपने एक निबन्ध में साहित्य की उपेक्षिताओं पर प्रकाश डाला है। उनका कहना है कि यदि आज संसार उर्मिला, यशोधरा और तारापीड की ताम्बूल-वाहिनी को एक साथ भुला बैठा है, तो इसमें दोष कविजनों का ही है। कवीन्द्र की इस भर्त्सना से प्रेरणा पाकर मैथिलीशरण गुप्त ने साकेत तथा यशोधरा लिखकर दो उपेक्षिताएँ तो पूर्ण कर दीं। परन्तु कादम्बरी की 'ताम्बूल-वाहिनी' अभी तक उपेक्षित ही रही।

महाकवियों की साधना में श्रेय होता भी इसी बात का है कि वे इतिहास, गाथा तथा परम्परा के किसी उपेक्षित अङ्ग को आत्मसात् करके उसे पुनर्नव कर देते हैं। कालिदास की अमरता शकुन्तला को अमर कर देने में है। शूद्रक को आज लोग भुला बैठे हैं, परन्तु मृच्छकटिक में जन-गण, एक दरिद्र ब्राह्मण और एक वेश्या, अमर बन चुके हैं।

श्रीहर्ष की कला-साधना की सफलता इसी में पर्याप्त है कि उन्होंने उपेक्षित बोधिसत्त्वांश जीमूतवाहन को पुनर्जीवित किया, उसे अमर कर दिया। आश्चर्य तो यह है कि आर्यशूर की बोधिसत्त्वावदानमाला (जातक-माला) में जीमूत की कथा संगृहीत नहीं हुई। य्वान् च्वाँग के जीवन पर घातक-आक्रमण की भनक ने श्रीहर्ष की आँखें खोल दीं, और उनकी काया पलट दी। श्रीहर्ष के दिनों में ब्राह्मणों तथा श्रमणों के बीच, गुप्त-कालीन पुनरुत्थान-युग की प्रतिक्रिया रूप में वैमनस्य चला आता था। किन्तु श्रीहर्ष में इतना परिवर्तन आया कि उन्होंने अपने नाटक की कथा-वस्तु न केवल इस वैमनस्य पर आधारित ही नहीं की प्रत्युत उसमें इस वैमनस्य का संकेत तक नहीं किया। हम नाटक की प्रगति के साथ-साथ यह भूल ही जाते हैं कि जीमूत-

[1]अथाप्यस्यां (ताद्धितेन) कृत्स्नवन् निगमाभवन्ति—निरुक्त २.५. Philologically the word *nigama* means implication, i.e. the sense implied. तद्धितेन=तस्मिन् हितेन, कृत्स्नवत्=कृत्स्नमस्मिन् इति कृत्स्नवत्, तद् यथा स्यात् तथा—i.e. all that is in it, all its associations implied therein.

वाहन बोधिसत्त्वांश के अवतार हैं और विदूषक ब्राह्मण है। नाटककार की इस उदार भावना तथा कलापूर्णता का प्रमाण अन्तिम अङ्क में बिल्कुल स्पष्ट हो जाता है, जब जीमूतवाहन के आत्मोत्सर्ग की वेला में हमें विद्याधर राजकुमार के परम मित्र विदूषक की अनुपस्थिति, अखरना तो दूर, सर्वथा विस्मृत हो चुकी होती है। और यह भी स्मरणीय है कि यह मैत्री समय के वैमनस्यपूर्ण वातावरण के विपरीत बौद्ध अवतार तथा एक ब्राह्मण के बीच थी। जनताजनार्दन का उद्धार अशोक, तथा श्रीहर्ष सरीखे राजाओं की इसी सूक्ष्मनीति, धर्म-सहिष्णुता तथा मानव-प्रेम से प्रसूत उदारता द्वारा ही संभव है। गाँधी जी के चरखे में और भारतीय जन-तन्त्र के प्रतीक अशोक-धर्मचक्र में यही धर्मनिरपेक्ष, अर्थात् मत-मतान्तर के भेद-भाव से शून्य, मानव-प्रेम की मूलप्रेरणा ही काम कर रही है।

विषय की दृष्टि से नागानन्द नाटक की दूसरी विशेषता यह है कि मूलकथा के उद्देश्य को इसमें सर्वथा अछूता रखकर, कथा-वस्तु को धर्म-निरपेक्ष मानव-प्रेम तथा उत्सर्ग की लोकातिशायी, तथापि लौकिक, भावनाओं से उद्गूर्ण कर दिया गया है। नागानन्द का जीमूतवाहन बौद्ध अहिंसा का प्रतीक न होकर करुणा-शील, साधारण मनुष्य है। वह विस्मित है कि वासुकि इस निर्हृदयता से एक नाग-शिशु को प्रतिदिन गरुड़ के अर्पित कर सकता है और कि एक वृद्धा माता के करुण-क्रन्दन का गरुड़ के वज्र-हृदय पर तनिक भी प्रभाव नहीं ! मूलकथा में जीमूतवाहन का प्रत्युज्जीवन तथा गरुड़ का हृदय-परिवर्तन (एवं पूर्व-भक्षित नागों को पुनः जीवनदान भी) बोधि-सत्त्व के आत्मोत्सर्ग से सन्तुष्ट होकर गरुड़ के वरदान और जीमूतकेतु की वर-याचना के फल स्वरूप होता है। किन्तु नाटक में सभी का पुनरुज्जीवन, यहाँ तक कि गरुड़ की काया-पलट, नायक के आत्म-बलिदान के प्रभाव से जनित गरुड़ के पश्चात्ताप द्वारा संपन्न होती है। जीमूतवाहन का नव-जीवन गरुड़ के अनुग्रह से अस्पृष्ट है।

आलोचना के उदात्त सिद्धान्तों की दृष्टि से नागानन्द का रस-परिपाक अपनी ही विलक्षणता से परिपूर्ण है। सामान्य नाटकों की भाँति नागानन्द की कथा-वस्तु भी जीमूतवाहन और मलयवती की प्रणय-कथा है। यह प्रणय-कथा प्रथम दृष्टि से ही प्रसूत है परन्तु प्रणय का रस शृङ्गार नहीं। विवाह-विधि समाप्त होती है, बन्धु-बान्धव आपानोत्सव में मग्न हैं, और नव-विवाहित दम्पती को संभोग का अवसर ही नहीं मिलता कि अकस्मात् विप्रलम्भ की छाया उन्हें आ घेरती है। करुणा के बादल तृतीय अङ्क की समाप्ति के साथ वातावरण को आर्द्र तथा रसमय करने लग जाते हैं। वस्तुतः जीमूतवाहन तथा हर्ष का शृङ्गार रस—संभोग तथा विप्रलम्भ दोनों रूपों में—करुण ही है। इसमें उदात्तता है, हीनता का लेश भी नहीं। इस करुण रस के दो अङ्ग हैं—एक तो वह जब मलयवती की चेटी अपनी स्वामिनी से कहती है—इस

निष्करुण मूर्ति के आगे तेरी प्रार्थनाओं और वीणा-गीतों से लाभ ? यह निष्करुणा अथवा स्वप्न-करुणा परिणय की पूर्वावस्था है । बुद्ध भगवान् तथा भगवती गौरी निष्ठुर रहें तो रहें, परन्तु जीमूतवाहन—वह अभी बोधिसत्त्व है, बोधिसत्त्वांश है, वह भगवान् 'अतिमानव' अभी नहीं बना—कारुणिक है, मिथ्याकारुणिक नहीं । श्रीहर्ष की करुणा का दूसरा अङ्ग विवाहोपरान्त जीमूतवाहन का पुत्र-वत्सल बुढ़िया की पुकार सुनकर उसके पुत्र के लिये आत्मोत्सर्ग का संपूर्ण वातावरण है जो पूर्वनिर्दिष्ट करुण रस का पूरक है । करुण रस के ये दोनों अङ्ग अद्भुत कलास्पर्श के साथ नान्दी के दो श्लोकों में प्रस्तुत हुए हैं ।

कला

(१) नाटक का बहिरङ्ग—

विषय की भाँति ही, विषय-प्रस्ताव के विभिन्न अङ्गों में भी श्रीहर्ष की प्रतिभा मौलिक है । नाटक का आरम्भ नान्दी से होता है । नान्दी में स्तुति भगवान् बुद्ध की हुई है । भगवान् बुद्ध करुणा के अवतार थे । तथागत-सिद्धि प्राप्ति से पूर्व वे जन्म-जन्मान्तर में बोधिसत्त्व रहे थे । उन्हींकी करुणा के दो पूरक स्वरूप बोधिसत्त्वांश जीमूतवाहन की अमर गाथा में प्रकट हुए । नान्दी के दो श्लोकों में श्रीहर्ष ने बुद्ध की स्तुति के व्याज से ध्वनि रूप में जीमूतवाहन की करुणा के यही दो पार्श्व उपस्थित किये हैं । बुद्ध बोधि-अवस्था को पहुँचने वाले हैं, वे आँखें मूँदे 'परम तत्त्व' के ध्यान में लीन हैं । इसी समय काम की दूतियाँ आकर उनकी समाधि भङ्ग करने पर उतारू हैं—

"यूँ समाधि-मिस किस प्रेयसि के स्वप्न देखते मुँदी आँख से ?"
"क्षण-इक देखो प्रेम-विकल अबला को !" "निर्बल के बल, वाह रे !"
"झूठमूठ बनते करुणाकर !" "हृदय-हीन तुम-सा, प्रभु ! कौन ?"—१. १.

वाणी के ये पाँच बाण वस्तुतः कामदेव के पञ्चबाण ही तो थे । बुद्ध की अन्तिम परीक्षा का यह क्षण था । उन्होंने आश्रय लिया पृथ्वी माता का—भूमि-स्पर्श मुद्रा ! बुद्ध से पूर्व तपस्वि-जन पृथ्वी, पार्थिवता तथा भौतिक जीवन की उपेक्षा करते हुए आध्यात्मिक उड़ानें लिया करते थे । बुद्ध ही प्रथम योगी हुए जिन्होंने कामदेव के प्रलोभनों को किसी दैवी-शक्ति के द्वारा नहीं अपि तु भूमि-स्पर्श अर्थात् इह-जीवन की भौतिकता तथा मानव-प्रेम एवं करुणा द्वारा ही निष्फल किया । बुद्ध ने जिस प्रकार उपेक्षित भौतिकता के आदान द्वारा मानव जीवन को उदात्त किया, उसी प्रकार श्रीहर्ष ने (भौतिक बुद्धि द्वारा) नान्दी का विषय काम दूतियों की इन चुटकियों को ही बनाया ! श्रीहर्ष की कला अन्य संस्कृत कवियों में भी दिखाई देती है (यथा विशाखदत्त के मुद्रा राक्षस में—धन्या केयं स्थिता ते शिरसि ?), किन्तु श्रीहर्ष की विशेषता

उनकी सूक्ष्म कवि दृष्टि है, क्योंकि नान्दी का काव्य रस हास (व्यङ्ग्य) का आभास लिये हुए शृङ्गार, बोध तथा आत्मोत्सर्ग की करुणा-त्रयी है। क्या कामदूतियों के इन सिर-तोड़ प्रयत्नों पर कवि के चुभते पदों के संमुख बुद्ध किञ्चिन्मात्र भी विचलित हुए ? स्वयं हर्ष ने स्वीकार किया है, और इसी स्वीकृति में उनकी कथा-वस्तु रसान्तरित[1] हो गई है—

बोध-क्षण में काम-दूतियों की चुभती चोटों में मौन ! ॥१॥
खिंचा रह गया धनुष काम का, विफल वाद्य-नर्तन-रत वीर।
भृकुटि-कम्प-जृम्भा-स्मितिमय नव-मोहिनि् में सुन्दरीं अधीर॥
नत-मस्तक थे सिद्ध-योगि-जन पुलकित, इन्द्र सविस्मय मौन—
बोध-क्षण में अविचल-अविकल मुद्रा में तापस यह कौन ? ॥२॥

बुद्ध ने विवाह को न कभी बन्धन माना और अतएव न उसे हेय ही कहा। महात्मा बुद्ध की करुणा-त्रयी जीमूतवाहन के यौवन, शुश्रूषा-भाव, तथा आत्मोत्सर्ग के त्रि-'विक्रम' में सूक्ष्म कलार्पण द्वारा अन्तर्निहित है। भवभूति के 'एको रसः करुण एव' की मूल प्रेरणा नागानन्द ही है।

नागानन्द में ही क्यों, प्रियदर्शिका तथा रत्नावली में भी कवि की दृष्टि नान्दी के देवी-देवताओं पर शिष्ट-व्यङ्ग्यात्मक ही रही है। पाठक पढ़ता है और मुस्कराता है—

पादाग्रस्थितया मुहुः स्तन-भरेणानीतया नम्रतां
शम्भोः सस्पृह-लोचन-त्रय-पथं यान्त्या तदाराधने।
ह्रीमत्या शिरसीहिता स्व-पुलक-स्वेदोद्गमोत्कम्पया
विश्लिष्यन् कुसुमाञ्जलिर् गिरिजया क्षिप्तो ऽन्तरे पातु वः ॥रत्ना० १. १॥

यह थी पार्वती की विकलता साधना-क्षण में और उधर थी शिवजी महाराज की—'ध्यान व्याजमुपेत्य !' नागा० १. १.—सस्पृह-लोचनता, क्योंकि अधमुँदी आँखों की समाधि तो एक बहाना ही थी ! और सिद्धि क्षण में—

औत्सुक्येन कृतत्वरा, सहभुवा व्यावर्तमाना ह्रिया,
तैस्तैर्बन्धुजनस्य वचनैर्नीता ऽऽभिमुख्यं पुनः।
दृष्ट्वा ऽग्रे वरमात्तसाध्वस-रसा गौरी नवे संगमे
संरोहत्पुलका हरेण हसता श्लिष्टा शिवायास्तु वः ॥रत्ना० १. २॥

प्रथम संगम की वेला में रस-संकर स्वाभाविक है, सह-भू है; किन्तु देवी-देवता, महात्मा बुद्ध, काम को भले ही पराजित कर लें, कवि (श्रीहर्ष) के कटाक्ष से नहीं बच

---

१. अर्थात् 'बौद्ध' करुणा के (द्वितीय) 'पूरक' पार्श्वनाथ के रूप में।

सकते। 'साध्वस' भी एक रस है ! वः शिवाय अस्तु—पार्वती शिव के लिये है, किन्तु कवि द्वारा रस-'साधारणीकृत' होकर कन्या के साध्वस-रस का आनन्द सभी-किसीको मिल रहा है ! कुमारी की तपस्या-यातना तथा सिद्धि (सुहाग-रात) का रस ले लिया; विवाह मण्डप की झाँकी लीजिये—

धूमव्याकुलदृष्टिर् इन्दुकिरणैराह्लादिताक्षी पुनः
पश्यन्ती वरमुत्सुका ऽऽनतमुखी भूयो ह्रिया ब्रह्मणः।
सेर्ष्या पादनखेन्दुदर्पणगते गङ्गां दधाने हरे—
स्पर्शादुत्पुलका, करग्रहविधौ गौरी शिवायास्तु वः ॥प्रिय० १. १॥

इसी नान्दी का तृतीय चरण 'मुद्राराक्षस' की नान्दी[1] का आधार है—परन्तु वहाँ ईर्ष्या पार्वती और शशिकला में है, विवाह के अनन्तर मधु-मास में, कभी—

पादावष्टम्भसीदद्वपुषि दशमुखे याति पातालमूलं।
क्रुद्धो ऽप्याश्लिष्टमूर्त्तिर् भयघनमुमया पातु तुष्टः शिवो वः ॥प्रिय० १. २॥

किस 'रसीली' उद्धतता पर रावण को दण्ड-स्वरूप एक वर मिल गया[2] !

हर्ष की कला में नान्दी की ध्वनि तथा नाटक की प्रगति में परस्पर संगति के अतिरिक्त नान्दी तथा भरतवाक्य की परस्पर संगति भी स्वतः विशिष्ट होती है। प्रियदर्शिका तथा रत्नावली का अभिनय वसन्तोत्सव पर हुआ था, नागानन्द का

---

१. मुद्राराक्षस, १. १.—

'धन्या केयं स्थिता ते शिरसि'—शशिकला, किं नु नामैतदस्याः ?
नामैवास्यास्तदेतत्...।

दोनों नाटकों के पूर्ववर्ती, महाकवि कालिदास मेघदूत में संकेत छोड़ गए थे—

गौरी-वक्त्रभृकुटिरचनां या विहस्यैव फेनैः
शम्भोः केश-ग्रहणमकरोदिन्दुलग्नोर्मिहस्ता ॥पूर्वमेघ, ५४॥

२. कालिदास-मेघदूत, पूर्वमेघ—

"गत्वा चोर्ध्वं दशमुखभुजोच्छ्वासितप्रस्थसन्धेः ॥६२॥"
"त्वामासाद्य स्तनितसमये मानयिष्यन्ति सिद्धाः
सोत्कम्पानि प्रियसहचरीसंभ्रमालिङ्गितानि ॥१५॥

धनपति का यक्ष (=कालिदास) को 'शाप' भी तो 'मेघदूत' का प्रेरक होने के कारण 'वरदान' ही है !

शिशुपालवध १. ५०.—

समुत्क्षिपन् यः पृथिवीभृतां वरं वरप्रदानस्य चकार शूलिनः।
त्रसत्-तुषाराद्रिसुता ससंभ्रम-स्वयंग्रहाश्लेष-सुखेन निष्क्रयम् ॥

इन्द्रोत्सव अर्थात् वर्षा-स्वागत पर हुआ। इसलिये बुद्ध, जीमूतवाहन की करुणा-वृष्टि, मलयवती से पाणिग्रहण के अनन्तर, पंचम अङ्क में गरुड़ की अमृतवृष्टि द्वारा नाग-पुनरुज्जीवन तथा भरतवाक्य की वृष्टि (एवं प्रजाजन की सुख-समृद्धि)-याचना में पुष्ट होती है। मूलकथा में जीमूतवाहन ने बाप-दादा से चले आ रहे कल्प-वृक्ष से अन्तिम वर माँगकर उसे मुक्त कर दिया था। इस प्रकार विसृष्ट कल्पवृक्ष ने स्वर्ग से पृथ्वी पर ऐसी पुष्प-वृष्टि की थी कि संसार में कहीं दारिद्र्य न रहा। कल्पवृक्ष की यही पुष्प-वृष्टि ही तो नाटककार ने भारतवाक्य द्वारा प्रस्तुत करते हुए नाटक को भारतीय प्रथा के अनुसार सुखान्त बना दिया है।

कला—

(२) नाटक का अन्तरङ्ग—

नाटक के अन्तरङ्ग में सर्व प्रथम अङ्ग आमुख होता है। किस प्रकार आमुख के द्वारा सूत्रधार नायक अथवा नाटक के प्रथम दृश्य का अवतरण कराता है, कवि प्रायः इस अंश में नवीनता प्रस्तुत करते रहे हैं। प्रियदर्शिका तथा रत्नावली में तो श्रीहर्ष नें, नाटकीय कथावस्तु उदयन-कथाएँ होने के कारण मानों भास का आभार स्वीकार करते हुए, भास-नाटकों की भाँति सूत्रधार के नेपथ्य-रचना-प्रस्ताव द्वारा नाटक का प्रथम दृश्य उपस्थित किया है। नेपथ्य-रचना का प्रस्ताव हुआ तो नागानन्द में भी है परन्तु राजकुमार जीमूतवाहन को, राजपाट छोड़कर वृद्ध (वानप्रस्थ) माता-पिता की शुश्रूषा में वनवास भोगता हुआ देखकर, सूत्रधार रंगमंच से विदा होता है। श्रीहर्ष की विशेषता नाटक के संपूर्ण घटनाचक्र को एक सुसंगत शृंखला में बाँधने की अपनी ही है। वह आमुख तक ही सीमित नहीं।

घटना-संगति—

१. कुछ पात्र तो, यथा चेटी, प्रतीहार, कंचुकी, रंगमंच पर कोई संदेश लेकर ही आते हैं—'आज्ञप्तो ऽस्मि यथा...'।

२. (क) मलयवती और जीमूतवाहन की आँखें चार होती हैं। चेटी को परिहास सूझता है। मलयवती एकदम शङ्कित हो उठती है—कहीं कोई तापस आ निकले और मुझे इस अवस्था में देख ले तो ?... (ततः प्रविशति तापसः)

(ख) मलयवती चेटी को अपना स्वप्न सुना रही है कि गौरी ने वर देकर कल रात उसकी मनःकामना पूरी कर दी है। विदूषक, जो स्वप्न सुन रहा था, जीमूतवाहन को हाथ पकड़कर खींचता हुआ कहता है, चलो हम भी देवी के दर्शन कर आएँ, वह ठीक ही तो कह रही है—'सत्यमेवेषा भणति, वर एव एष (जीमूतवाहनः !) देव्या दत्तः'। और दोनों मलयवती और चेटी के निकट पहुँच जाते हैं।

(ग) प्रथम दर्शन के अनन्तर मलयवती के लिये न रात में चैन है, न दिन में। चांदनी, चन्दनगृह, कदलीवृन्त सभी उसके अन्तस्ताप को बढ़ाते ही हैं। चेटी सब समझती है। विह्वलता में मलयवती पूछती है—सखि, अस्ति को ऽप्यस्य दुःखस्योपशमोपायः? चेटी—भर्तृदारिके, अस्ति, यदि स इहागच्छेत्। (ततः प्रविशति नायको विदूषकश्च)

(घ) जीमूतवाहन ने भी स्वप्न में मलयवती को प्रणयकुपिता प्रेयसी के रूप में पा लिया है। चन्दनलतामण्डप के वातावरण में वही स्वप्न सजीव हो उठता है। 'एषा सा चन्द्रमणिशिला'। चेटी और मलयवती, विदूषक और जीमूतवाहन के वार्तालाप को अधूरा ही सुन पाती हैं। मणिशिला पर उधर जीमूतवाहन स्वप्न-प्रेयसी मलयवती का चित्र बना रहा है, और इधर मलयवती इस अज्ञात प्रेयसी का संकेत पाकर सशङ्क, सेर्ष्य हो उठती है। चित्र-लेखन दृश्य में मलयवती के मन का पूर्ण आविर्भाव इन्हीं दो शब्दों 'एषा सा' पर आश्रित है। मलयवती की विकलता में रस की पूर्णता संभवतः अभी नहीं आई, वह भाई मित्रावसु के लिये विह्वल है। परन्तु चेटी कहती है—गतैव तस्मिन् मनोहरिका। अतः कदाचिद् भर्तृदारको मित्रावसुरिहैवागच्छेत्। (ततः प्रविशति मित्रावसुः)।

(ङ) विवाह के उपरान्त सब कहीं आपानोत्सव की रंगरलियाँ हो रही हैं। चेटी को परिहास सूझा है, और उसने विदूषक का दिवास्वप्न मुद्रा में मुँह काला कर दिया है। जीमूतवाहन और मलयवती की हँसी छूटती है। विदूषक क्रुद्ध होकर चला जाता है। पीछे-पीछे चेटी भी उसे मनाने (के बहाने) चल पड़ती है। नववधू मलयवती काँप उठती है—"हञ्जे चतुरिके, कथं मामेकाकिनीम् उज्झित्वा गच्छसि? चेटी—(जीमूतवाहनमुद्दिश्य, सस्मितम्) एवमेव चिरमेकाकिनी भव। (निष्क्रान्ता)। अब, एकान्त पाकर जीमूतवाहन कहता है—प्रिये, यह तेरा मुख खिला हुआ अरुण कमल ही तो है, "मधु मधुकरः किन्त्वेतस्मिन् पिबन्न विभाव्यते। (मलयवती विहस्य मुखमुन्नमयति)।" परन्तु चुम्बन भारतीय परम्परा के अनुसार रंगमंच पर प्रस्तुत नहीं हो सकता, इसीलिये—"(प्रविश्य) चेटी—(सहसोपसृत्य) एष खलु सिद्ध युवराजो मित्रावसुः कार्यान्तरेण कुमारं प्रेक्षितुमागतः।"

(च) शङ्खचूड बलि होने चला है। उसे अपने कुल का गर्व है। वह इस प्रकार जीमूतवाहन के बलिदान से जीवन-दान पाकर शङ्खपाल के शुभ्र कुल का कलंक नहीं बनेगा। वह रक्तांशुक युगल साथ लेकर मृत्यु से पूर्व भगवान् दक्षिणगोकर्ण की प्रदक्षिणा करने चला जाता है। "जीमूतवाहन—कष्टं न संपन्नमभिलषितम्। तत् को ऽत्राभ्युपायः? (सहसोपसृत्य) काञ्चुकीयः—इदं वासोयुगलम्।"

(छ) जीमूतकेतु यौवन, कीर्ति, राज्य, पुत्र तथा पुत्रवधू आदि गृहस्थ के

संपूर्ण सुखों का आस्वादन करके, अब केवल एक वस्तु की प्रतीक्षा में हैं—"चिन्त्यो मया ननु कृतार्थतया ऽद्य मृत्युः। (प्रविश्य) प्रतीहारः—(सहसोपसृत्य) जीमूतवाहनस्य।"

(ज) "जीमूतकेतुः—देवि, अपि नाम नाग चूडामणिरयं भवेत्? (ततः प्रविशति रक्तवस्त्रसंवीतः शङ्खचूडः) जीमूतकेतुः—(शङ्खचूडमुपसृत्य) वत्स, किं तव चूड़ामणिरपहृता? शङ्खचूडः—आर्य, न ममैकस्य, त्रिभुवनस्यापि।"

जीमूतवाहन की मृत्यु-समाचार की सूचना के लिये कितना करुणापूर्ण वातावरण उपस्थित किया है!

(झ) जीमूतवाहन की आत्म-संतोष मुद्रा को देखकर गरुड़ ने उसे खाना छोड़ दिया है। वह जीमूतवाहन से जानना चाहता है कि वस्तुतः वह है कौन?

"जीमूतवाहनः—एवं क्षुदुपतप्तो न श्रवण-योग्यः। तत्कुरुष्व तावद् अस्मन्मांसशोणितेन तृप्तिम्। शङ्खचूडः (सहसोपसृत्य)—न खलु, न खलु साहसमनुष्ठेयम्। नायं नागः, परित्यजैनम्। मां भक्षय। अहमसौ तवाहारार्थं वासुकिना प्रेषितः।" और उधर जीमूनवाहन का जी बैठ गया, कमबख्त ने आकर सब कुछ किया कराया चौपट कर दिया।

(ञ) जीमूतवाहन को मरा देखकर गरुड़ को इतना पाश्चात्ताप हुआ कि वह अग्निप्रवेश के लिये उद्यत हो गय। परन्तु, "क्व नु खलु वह्निमासादयामि? (दिशः पश्यन्) अमी केचिद् गृहीताग्नय इत एवागच्छन्ति।"

(ट) माँ के सामने पुत्र मरा पड़ा है वह कहती है—अब भी देवता अमृत की दो बूँद टपका दें तो वह जी उठे। "गरुडः—(सहर्षमात्मगतम्) अमृत-संकीर्तनात्साधु स्मृतम्। मन्ये प्रमृष्टमयशः।...अमृतवर्षेण...जीमूतवाहनं...पूर्वभक्षितानस्थिशेषान् आशीविषान् प्रत्युज्जीवयामि।"

३. जिस प्रकार काव्य-समय-शिष्टाचार के अनुसार मित्रावसु के प्रवेश ने जीमूतवाहन को मलयवती के अधर-रस आस्वादन से वञ्चित कर दिया, उसी भाँति चतुर्थ अङ्क में कञ्चुकी तथा प्रतीहार को दो भिन्न सन्देश देकर भेजा गया है। प्रतीहार का काम है मित्रावसु को घर बुला लाए। इसके अनन्तर, अर्थात् जब जीमूतवाहन अकेला रह जाता है तब कञ्चुकी लाल जोड़ा लेकर पहुँच जाता है। शङ्खचूड भी नाटकीय संगति को पूर्ण करते हुए अवसर पर ही गोकर्ण पूजा के लिये क्षणभर ओझल हो जाता है, इसी अवसर में जीमूतवाहन को गरुड़ उठा ले जाता है। तत्पश्चात् रोता-धोता शङ्खचूड ठीक समय पर ही, जीमूतवाहन की मृत्यु से पूर्व पहुँचकर गरुड़ की आँखें खोल देता है और जीमूतवाहन के हृदय में स्वमनोरथ विफल होने की आशंका उत्पन्न कर देता है।

इसी प्रकार दूसरे अङ्क में मलयवती के आत्मघात-उद्योग के अवसर पर जीमूतवाहन तथा विदूषक की निकट उपस्थिति भी नाटकीय-घटना-चक्र की सुसंगत योजना है।

४. पात्रों का अवतरण जिस प्रकार श्लिष्ट हुआ है उसी प्रकार उनका निष्क्रमण भी, यथा—प्रथम दर्शन वेला में विमूढ मलयवती को तापस आकर कहता है कि मध्यन्दिन सवन की वेला बीत रही है।...नायक और नायिका के विलास के लिये एकान्त आवश्यक है। विदूषक का चेटी द्वारा 'उपवर्णन', विदूषक का क्रुद्ध होकर निकल जाना, और चेटी का उसे मनाने जाना स्वाभाविक संगति जुटा देते हैं। परन्तु चुम्बन नाटकीय प्रथा को अभिमत नहीं, सो मित्रावसु आकर नायक को अपने साथ ले जाता है।

५. श्रीहर्ष के अन्य नाटकीय उपकरणों में स्वप्न-संमिलन, स्वप्नानन्तर पाणि-ग्रहण, विरहोत्कण्ठिता प्रेयसी का आत्महत्या उद्योग, और उसी समय नायक द्वारा उसे पाश-मुक्त करते हुए लतापाश को फेंककर उसके बाहुपाश में स्वयं उलझ जाना, लताजाल अथवा कुञ्ज की ओट से रहस्य वार्तालाप सुनना, वैवाहिक वस्त्र-युगल की उपयोगिता, इत्यादि भी सम्मिलित हैं।

दृश्य—

नागानन्द के सम्पूर्ण घटनाचक्र में दो-तीन दृश्य स्मृति-पट पर से उतर नहीं सकते, यथा—

१. चित्र-लेखन दृश्य। इधर नायक स्वप्न-प्रेयसी का चित्र बनाने में तल्लीन है, और उधर नायिका अधूरी बातें सुनकर ईर्ष्या से जली जा रही है। ऊपर से मित्रा-वसु आकर जीमूतवाहन से मलयवती के पाणिग्रहण का प्रस्ताव उपस्थित करता है। जीमूतवाहन का अपने-आपको अन्यासक्त कहकर उसका प्रत्याख्यान मलयवती के लिये जले पर नमक का काम करता है। अब, वह आत्महत्या न करे तो क्या करे ?

२. विवाह के अनन्तर आपानोत्सव के रंग अपने ही हैं। विट तथा उसका चेट मदिरा की मस्ती में नवमालिका को ढूँढ रहे हैं। उधर से मधुकरों से अपने-आप-को बचाने के लिये उपहार के वस्त्र-युगल से घूँघट निकाले बेचारा विदूषक इन मधु-करों के हाथ पड़ जाता है। विट उसे रुष्ट नवमालिका समझकर उसके पाँव पड़कर मनाता है। ऊपर से नवमालिका आ जाती है। बड़ा मनोरञ्जक और परिहासपूर्ण दृश्य बन पड़ता है।......समधी से समधियों जैसी ही ठठोली छिड़ जाती है। विट अपने सेहरे से दो फूल मदिरा के प्याले में डालकर नवमालिका से कहता है—"लै नवमालिका, लै, एन्नूँ पीके अपने बुल्हाँ नाल सुच्ची करके एस बाह्मन नूँ दे दे।"

३. जीमूतवाहन के बलिदान के लिये और गरुड के अवतरण के लिये सन्ध्या

उपयुक्त समय है। प्रतिपदा है। गरुड़ के आगमन से पूर्व विपत्ति के बादल घिर रहे हैं। सामने एक हिम-शिखर सा अस्थि-पर्वत है । समुद्र में ज्वार आने वाली है और एक ओर श्मशानभूमि की बीभत्सता है । गरुड़ स्वाभिमान से वध्यभूमि पर उतर रहा है, और उधर बोधिसत्त्व संतुष्ट है कि आज प्राण-दान से जीवन सफल हुआ। मृत्यु से कुछ क्षण पूर्व तथा मृत्यु वेला में 'एको रसः करुण एव'—जीमूतकेतु, कनक-देवी, मलयवती तथा शङ्खचूड और गरुड़ मानो जीमूतवाहन के 'महा-परिणिब्बाण' के साक्षी होने के लिये ही आ इकट्ठे हुए हैं। अद्भुत सन्नाटा छाया हुआ है—नायक का धैर्य और शान्ति, 'अद्भुत करुणा' का वातावरण और गरुड़ की विवशता और पश्चात्ताप—संपूर्ण दृश्य इतना हृदय-स्पर्शी है कि कवि के पास उसके लिये शब्द ही नहीं। किंकर्तव्यविमूढ गरुड़ की अवस्था—सब रो धो रहे हैं परन्तु—वह निःस्तब्ध बैठा बगलें झाँक रहा है !—पाठक इसकी केवल कल्पना ही कर सकता है।

४. करुणा के वातावरण में जहाँ गरुड़ की काया पलट रही है वहाँ मलयवती का विवाह के एक दिन पश्चात् ही सुहाग लुटा जा रहा है। जीमूतवाहन के वृद्ध माता-पिता, शङ्खचूड का पश्चात्ताप, और वृद्धा माता की पुकारों ने दृश्य को सर्वथा ही आर्द्र, अश्रुमय बना दिया है। परन्तु एक बात इस संपूर्ण दृश्य में अखरती ही रहती है कि कवि ने नागों का वर्णन सचमुच के साँपों का-सा ही किया है। नाग भी तो सिद्धों, विद्याधरों की भाँति एक पार्वतीय गण ही हैं !

परिहास—

१. श्रीहर्ष की परिहास-बुद्धि से स्वयं भगवान् बुद्ध भी नहीं बच सके। (नान्दी, १. १)

२. प्रथम दर्शन की वेला में मलयवती मूक है । चेटी को परिहास सूझता है—अभ्यागत का दो शब्दों से स्वागत तो कर देती ? चलो, मैं ही किये देती हूँ।

३. आपान-दृश्य में शेखरक विदूषक से समधियों की-सी ठठोली करता है। वह कहता है—"नवमालिका, आ, तूँ एहदे कोल बैठ जा।" मैं तुहानूँ दोहाँ नूँ मनौनाँ आँ।...लै, नवमालिका, तूँ एन्नूँ पीके अपने बुल्लाँ नाल सुच्ची करके एस बाह्मन नूँ दे दे।"

४. रत्नावली में संकेत अङ्क का परिहास अपना ही है। सागरिका और उसकी सहेली ने विदूषक की सहायता से यह आयोजना बनाई है कि वासवदत्ता और उसकी चेटी के रूप में उदयन से मिला जाए । परन्तु भेद खुल जाता है, और स्वयं वासवदत्ता संकेत स्थान पर पहुँच जाती है। उदयन उसीको प्रच्छन्न वेष में सागरिका समझ बैठता है......। वासवदत्ता रुष्ट होकर चली जाती है। उसी समय वासवदत्ता के वेष में सागरिका आ जाती है।......उदयन सागरिका के साथ प्रेम आलाप में

मग्न हो जाते हैं कि ऊपर से फिर वासवदत्ता अपनी धृष्टता के लिये क्षमा माँगने आ पहुँचती है। परन्तु वहाँ पहुँचते ही प्रणय की नोंक-झोंक देखकर उसकी क्षमा-याचना-बुद्धि रोष में परिणत हो जाती है। [बरुआ की फ़िल्म 'ज़िन्दगी' इत्यादि में Mrr. X और Vagabond (यमुना और सहगल) में यही घात-प्रतिघात चलते रहते हैं]।

ध्वनि—

श्रीहर्ष के नाटकों में ध्वनि सूक्ष्म होती है, इसीलिये केवल रसिक ही उसका रस-पान कर सकते हैं। इसका दिग्दर्शन हम नान्दी के प्रकरण में कर आए हैं। संस्कृत के अन्य नाटककारों में ध्वनि प्रायः नान्दी तथा प्रथम अङ्क में ही समाप्त हो जाती है। परन्तु श्रीहर्ष की ध्वनि पग-पग पर, यहाँ तक कि नाटक के अन्तिम दृश्य तक, स्फुरित होती चलती है। प्रथम अङ्क में चेटी मलयमती को समझाती है—'इस निष्करुण मूर्त्ति के सामने याचना से लाभ ?' जीमूतवाहन की मृत्यु से गौरी के वरदान के होते हुए भी, मलयवती एक बार तो विधवा हो ही जाती है। नान्दी की ध्वनि के अनुसार जीमूतवाहन भी इस प्रकार 'मिथ्या-कारुणिक' ही तो ठहरते हैं।......विवाह-विधि से पूर्व नेपथ्य में सिद्ध-लोक में स्नान वेला की घोषणा करते हुए सभी की मङ्गल-कामना की है। संभवतः इस द्वितीय नान्दी की ध्वनि पूर्व सब ध्वनियों की अमङ्गल-सूचनाओं को निरस्त कर देती है।......जीमूतवाहन के शरीर का भार अनुभव करते हुए गरुड़ कहता है—

नागानां रक्षिता भाति गुरुरेष यथा मम।
तथा सर्पाशनाशङ्कां व्यक्तमद्यापनेष्यति ॥४. २८॥

और सचमुच जीमूतवाहन न केवल शङ्खचूड की प्रत्युत संपूर्ण नाग लोक की रक्षा करने में समर्थ होता है। गरुड़ जीमूतवाहन से उपदेश ग्रहणकर नूतन-मार्ग पर अग्रसर होता है, और नाग-भक्षण की अपनी पुरानी आदत को सदा के लिये छोड़ ही नहीं देता अपि तु अमृत-वर्षा से पूर्व-भक्षित नागों को पुनरुज्जीवित करके अपना सब पुराना कलङ्क धो देता है।

नाटक के अन्य उपकरण—

ध्वनि की भाँति अन्य नाटकीय उपकरणों को भी श्रीहर्ष ने अपने ही ढंग से अपने नाटकों में उपयुक्त किया है। अन्य नाटकों में एक ही रस होता है, अन्य रस संचारी बनकर उसीकी पुष्टि करते हैं। नागानन्द का प्रथम दृश्य तपोवन में—शकुन्तला-दुःष्यन्त की भाँति—जीमूतवाहन तथा मलयवती के गान्धर्व-प्रेम से आरम्भ होता है। कुछ देर के लिये नायिका का मन शङ्कित हो जाता है। किन्तु सुगमता से ही विवाह हो जाता है। दोनों परिवारों के सम्बन्धी आपानोत्सव में मस्त हैं।

इसी समय बोधिसत्त्व का शृङ्गार आत्मोत्सर्ग की उद्वलता द्वारा दान-वीर रस में परिणत हो जाता है। यही दान-वीर अन्ततोगत्वा करुण-रस बनकर संपूर्ण विश्व में छा जाता है।

नाटक की पाँच प्रकृतियों, पाँच अवस्थाओं, पाँच संधियों का अनुकरण हर्ष की मौलिकता एवं उदारता के अनुकूल नहीं उतरता। जहाँ शृङ्गार रस स्वभावतः दान-वीर में, दान-वीर धर्म-वीर में, तथा धर्मवीर करुण-रस तथा परोपकार में क्रमशः परिणत होता चले, ऐसे नाटक में अवस्था-संगति तो आ सकती है परन्तु प्रकृति के इस प्रकार तीन अथवा चार रसों में एक-साथ आप्लावित होने के कारण नाटकीय संधियों का तो अवकाश ही नहीं रह जाता।

चरित्र-चित्रण—

१. विदूषक—श्रीहर्ष के नाटकों में नाटककार का सब से अधिक स्वाभाविक तथा नाटकीय रूढ़ियों के विपरीत सर्वथा मौलिक चित्रण विदूषक का हुआ है। नागानन्द में जब मलयवती और जीमूतवाहन का गान्धर्व-सम्बन्ध हो गया, केवल उसी एक अवसर पर ही उसे खाने-पीने की स्मृति आई है—

"चलो, मेरे मित्र की इच्छा पूर्ण हुई, अथवा बहिन जी की। या दोनों में से किसीकी भी नहीं, यह तो केवल (अपने पेट की ओर संकेत करते हुए) इस ब्राह्मण की इच्छा पूर्ण हुई है।"

एक बार पहले भी—

"दृष्टं यत्प्रेक्षितव्यम्। इदानीं मध्याह्नसूर्यसंतापद्विगुणित इव मे जठराग्नि-र्धमधमायते। तन्निष्क्रामावः, येनातिथिर् भूत्वा मुनिजनसकाशाल्लब्धैः कन्दमूलफलैरपि तावत् प्राणधारणं करिष्यामि।"

पर यहाँ उसकी भूख स्वाभाविक है, लड्डुओं का लालच नहीं।

श्रीहर्ष के नाटकों में विदूषक सचमुच नायक का गान्धर्व-मित्र है। मलयवती और जीमूतवाहन की आँखें चार होती हैं और वह कहता है आख़िर मेरे मित्र पर कामदेव के, नहीं नहीं मेरे, तीर चल ही गए। कुछ क्षण पूर्व ही तो वह उसे समझा रहा था—'छोड़ो जी, इन बुड्ढों को जो जीते जी ही मुरदा हैं, इनकी सेवा से लाभ? जवान बनो, दोस्त जवान' और ओट से मलयवती का स्वप्न सुनकर मित्र को हाथ से घसीटता हुआ ले जाकर कहता है—'देखा, वह सच ही तो कह रही है, देवी ने इसे ही तो वरदान रूप में यहाँ भेजा है'।

आपानोत्सब में भौंरे मलयवती के होंठों पर नहीं मँडराने गए, उन्हें भी इसी-से छेड़ख़ानी सूझी है। परन्तु किस्मत का मारा एक प्रकार के मधुकरों के पंजे से बच-

कर दूसरी ही प्रकार के 'मधु-करों' के पाले पड़ जाता है।......चेटी के संमुख वह अपने-आपको ब्राह्मण भी सिद्ध नहीं कर सकता, उसका यज्ञोपवीत टूट चुका है; वेदाक्षर, जो दो-एक उसे आते भी होंगे, मदिरा की दुर्गन्ध से वे भी भाग गए और वह कोरे का कोरा रह गया। विवश बेचारे को चेटी के आगे नाक रगड़नी पड़ी !

एक ओर चेटी इससे प्रेम-लीला करने चली थी—विदूषक यही समझ रहा था—किन्तु उसने इसका मुँह काला कर दिया।

काले ब्राह्मण के हृदय में प्रेमांकुर फूट भी निकलें, गान्धर्व लीला में तो उसका मुंह ही काला होता है।

रत्नावली में सागरिका और उदयन के मिलन की योजना इसीके मस्तिष्क की उपज है। विदूषक से तो बृहस्पति भी हार जाए। और चेटियाँ चकित हैं, कि आज तक तो सुनते आए थे कि प्रेमी-प्रेयसियों के विषय में यौगन्धरायण ही सिद्ध-हस्त है, पर आज तो मैत्रेय ने उसे भी मात कर दिया !.... वासवदत्ता पर भेद खुल गया है परन्तु फिर भी सागरिका और उदयन का मिलन होकर ही रहा; विदूषक ने कहा सँभलकर रहो, कहीं वासवदत्ता बवंडर बनकर आ गई, फिर किसीकी खैर नहीं !

संस्कृत के अन्य नाटकों के विपरीत हर्ष के विदूषक नपुंसक नहीं हैं, वे नारी, मदिरा आदि का रस ले सकते हैं। नवमालिका के होंठों से सुच्ची की हुई मदिरा में रस अपना ही है, चाहे पीकर नहाना ही क्यों न पड़े; आखिर है तो ब्राह्मण ही ना ?

विदूषक परिहास का उपलक्षण होता हुआ नवमालिका तथा शेखरक की संगति के अनुकूल ही है और राजकीय अन्तः-पुर का सुयोग्य पात्र भी है। परन्तु स्मरण रहे कि मूल कथा के जिस पात्र को हर्ष ने नायक का परम मित्र विदूषक बनाया है वह कथासरित्सागर में एक मुनिपुत्र है। हर्ष के कटाक्ष मलयवती पर, बुड्ढे खूँसटो पर, भगवान् बुद्ध पर, काले-कलूटे (कदाचित् मोदक-वृत्ति-शून्य दुबले-पतले भी) ब्राह्मण अथवा मुनिपुत्र पर एक से पड़ते हैं।

२. गरुड़—जीमूतवाहन की बलि से पूर्व गरुड़ अपने आगमन द्वारा संपूर्ण वातावरण को आतंक से भर देता है। परन्तु मृत्यु के मुख में भी जीमूतवाहन की आत्म-संतुष्टि उसकी काया पलट देती है। वह निष्करुण से सकरुण बन जाता है। यह महान् आत्मोत्सर्ग एक नवीन अनुभूति द्वारा उसके रोम-रोम को पश्चाताप और सद्भावना से पूर्ण कर देता है। उसका हृदय-परिवर्तन अन्तस्तल पर गहरी चोट लगने के कारण गम्भीर और सच्चा है, दिखावे का नहीं। गरुड़ का पश्चात्ताप श्रीहर्ष की अपनी कृति है मूलकथा में गौरी की भाँति वह भी जीमूतवाहन से संतुष्ट होकर उसे वर माँगने के लिये कहता है। परन्तु जीमूतवाहन को जिलाने की उसकी साध श्रीहर्ष का कवि-न्याय सहन नहीं कर सकता। गरुड़ की अमृतवर्षा के पूर्व ही भगवती

गौरी मलयवती का वर पूरा करती हुई उसे जीवित कर देती है।

न गरुड़ कोई पक्षी है, न शंखचूड़ कोई नाग। नाटकीय कथा-वस्तु में दोनों पात्र हैं--एककी हृदय-हीनता पर मन खीझ उठता है तो दूसरे की विवशता पर हृदय बरबस पसीज जाता है। शंखचूड़ किसी भी अन्य की बलि द्वारा अपने प्राण बचाकर अपने उज्ज्वलवंश को कलङ्क नहीं लगा सकता। एक कथा में तो उसके चरित्र को जीमूतवाहन से भी ऊँचा ठहराया गया है—क्योंकि जीमूतवाहन की बलिदान भावना जन्म-जन्मान्तर सिद्ध है, परन्तु शंखचूड़ अपने स्वाभाविक शत्रु गरुड़ से एक बार बचकर भी फिर भागता-भागता आकर उसके सामने अपनी छाती खोल देता है--बलि का बकरा मैं हूँ, यह नहीं है, तुम अन्धे हो ?

३-४. जीमूतवाहन-मलयवती—जीमूतवाहन आत्म-बलिदान का पुतला है इसलिये शंखचूड़ की माँ उसे अपना पुत्रवत् ही नहीं, पुत्र से भी अधिक प्यारा समझती है। (उसके बाप-दादा स्वार्थी थे, किन्तु इस परार्थ के पुतले ने कल्पवृक्ष से विश्वभर को दारिद्र्य-दुःख से मुक्त कराकर, स्वयं कल्पवृक्ष को भी छुट्टी दे दी। वह युवा है, मलयवती के सर्वथा अनुकूल है परन्तु यह उसका गुण नहीं है। जीमूतकेतु ने अनेकों मनोरथों से उसे पाया था--

तं प्रार्थ्य देवतात्मानं स राजा तत्प्रसादतः।
प्राप जातिस्मरं पुत्रं बोधिसत्त्वांश-संभवम् ॥
दानवीरं महासत्त्वं सर्वभूतानुकम्पिनं।
गुरु - शुश्रूषण - परं नाम्ना जीमूतवाहनम् ॥

(कथासरित्सागर, ९०. ८-९)

विवाह के उपरान्त भी संसार उसके लिये असार है। वह चकित है कि शेषनाग की सहस्र जिह्वाओं में से एक भी फूटी ज़बान ऐसी न निकली जो कह सकती कि इस नाग-शिशु के स्थान पर मेरी ही बलि ले लो! और गरुड़ के विषय में उसका विचार है—

'चञ्चुर्नैव खगाधिपस्य हृदयं वज्रेण मन्ये कृतम्।'

परन्तु उसे विश्वास है कि वृद्धा की करुण पुकार सुनकर—

'अकरुण-हृदयः करुणां कुर्वीत भुजङ्ग-शत्रुरपि।'

इसी उदात्तता का एक रूप गरुड़ ने आकर स्वयं देखा, और उसके मृत्युमुख में उज्ज्वल आत्म-संतोष पर वह मुग्ध हो उठा और चकित रह गया कि—

'दृष्टिर्मय्युपकारिणीव निपतत्यस्यापकारिण्यपि।'

मलयवती संभवतः गुण-कर्म-स्वभाव की दृष्टि से जीमूतवाहन की पत्नी बनने योग्य न हो। वह युवती है, उसके सब काम गौरी के प्रसाद से चलते हैं। वीणा से

वह स्तुति गौरी की कर रही थी किन्तु, उसके मन की पुकार, सुन जीमूतवाहन ने ली। आँखें चार हुईं और तब से शय्या, चन्दनलतागृह, कदलीवृन्त, चाँदनी—सब जैसे उसे काटने को दौड़ते हैं। उसकी सुधि मारी गई है, जाना मणिशिला की ओर है किन्तु पैर उसके देवी मन्दिर की ओर पड़ते हैं। चित्र-लेखन दृश्य में सिद्ध-कन्या होते हुए भी वह यह कभी सहन नहीं कर सकती कि जिसपर वह स्वयं मरती हो उसे किसी अन्य से प्रेम हो। ईर्ष्या स्त्री का स्वभाव है। परन्तु तपस्या आखिर फल लाती है—'क्लेशः फलेन हि पुनर्नवतां विधत्ते'। अब वह नववधू है। जीमूतवाहन के साथ बैठते वह लजाती है—

दृष्टा दृष्टिमधो ददाति कुरुते नालापमाभाषिता।
शय्यायां परिवृत्य तिष्ठति बलादालिङ्गिता वेपते।
निर्यान्तीषु सखीषु वासभवनान् निर्गन्तुमेवेहते।

परन्तु जीमूतवाहन को इसी कारण वह और भी प्यारी लगती है। किन-किन तपस्याओं के अनन्तर उसने उसे पाया है! उसकी दृष्टि में—

एतत् ते भ्रूलतोल्लासि पाटलाधरपल्लवम्।
मुखं नन्दनमुद्यानम् अतो ऽन्यत्केवलं वनम्॥
स्मित-पुष्पोद्गमो ऽयं ते दृश्यते ऽधर-पल्लवे।
फलं तु जातं मुग्धाक्षि पश्यतश्चक्षुषोर्मम॥

और कवि के साधारणीकरण द्वारा 'पश्यतश्चक्षुषोस्तव !' यही नवदम्पति का प्रथम तथा अन्तिम मिलन है। मूलकथा में जब जीमूतवाहन को लेकर गरुड़ उड़ता है, उस समय जीमूतवाहन की चूड़ामणि मलयवती के चरणों में आ गिरती है, परन्तु श्रीहर्ष जीमूतवाहन की पितृ-भक्ति के समर्थन में उसे उसके पिता के चरणों में गिराते हैं।

चूड़ामणिं चरणयोर्मम पातयता त्वया।
लोकान्तरगतेनापि नोज्झितो विनयक्रमः॥५. १२॥

अब कथा का मुख्य पात्र जीमूतवाहन का बोधिसत्त्व रूप है, एक लौकिक सद्यो-विवाहिता पत्नी नहीं। स्वयं मलयवती भी जीमूतवाहन की करुणा का पात्र ही तो थी—बुद्ध मिथ्या-कारुणिक हो सकता है, गौरी निष्ठुर हो सकती है, किन्तु जीमूतवाहन बोधिसत्त्व नहीं (अभी वह अति-मानव नहीं बना)। आत्महत्यार्थ फाँसी लगाने से पूर्व स्वयं मलयवती ने ही तो उसे पुकारा था—

हा नाथ विश्व-विख्यात-करुणेनापि न त्वया।
कथमस्मि परित्राता देव जीमूतवाहन॥कथासरित्० ९०.७४॥

अब मलयवती की परीक्षा का समय है। वह स्त्री-स्वभावतः कातर है। उसके

मन में चित्र-लेखन दृश्य की भाँति अब नूतन घात-प्रतिघात उठेंगे ही—

(i) अहं तु पुनर्मुहूर्तकमपि आर्यपुत्रमपश्यन्ती अन्यदेव किमप्याशंके।

(ii) देवी—(सहर्षं, मलयवतीमालिङ्ग्य) अविधवे, धीरा भव। न खलु त ईदृशी आकृतिर्वैधव्य-दुःखमनुभवितुम्।

मलयवती—(सहर्षम्) अम्ब, तवैषाशीः (पादयोः पतति)।

(iii) मलयवती—हा, कथं सत्यीभूतं मे दुश्चिन्तितम्?

(iv) मलयवती—(बद्धाञ्जलिरूर्ध्वं पश्यन्ती) भगवति गौरि, त्वयाज्ञप्तं विद्याधरचक्रवर्ती ते भर्ता भविष्यतीति कथं तन्मम मन्दभाग्यायास् त्वमप्यलीकवादिनी संवृत्ता?

किन्तु नहीं, देवता जीवन में धोखा भले ही दे जाएँ, काव्य में उन्हें ध्वनि-पूर्ति के अर्थ कवि-न्याय के अधीन ही रहना पड़ता है। (ततः प्रविशति ससंभ्रमा गौरी)।

५-६. जीमूतकेतु-कनकदेवी—श्रीहर्ष ने जीमूतवाहन की माता का नाम न देकर उसे केवल 'देवी' शब्द से ही संबोधित किया है। सोमदेव की कथा में उसका नाम कनकदेवी है। नागानन्द में पुत्र की मृत्यु के अनन्तर वातावरण की करुणार्द्रता को जीमूतकेतु-दम्पती का अग्नि-चयन और भी सान्द्र कर देता है। यही इस वृद्ध वानप्रस्थ दम्पती की प्रस्तुत नाटक में नाटकीय उपयोगिता है। कथासरित्सागर में कल्प-वृक्ष की मुक्ति जीमूतवाहन ने माता-पिता की अनुमति से ही की थी, और जब बूढ़े माँ-बाप ने देखा कि जिसके लिये हम यह राज्य-वैभव छोड़ चले हैं, उसीकी इसमें कोई आसक्ति नहीं, तब उन्होंने प्रसन्नता-पूर्वक जीमूतवाहन को भी अपने साथ वन में चलने की अनुज्ञा दे दी। नागानन्द में केवल एक प्रतीहार को ही जीमूतकेतु-दम्पती के वानप्रस्थ-रूप के दर्शन हुए हैं—"जीमूतकेतु एक शुभ्र रेशमी दुपट्टा पहने हैं। दुपट्टे पर तरङ्गें उठ रही हैं। पास कनकदेवी की गङ्गा के समान शुभ्र मूर्त्ति विराजमान है। मलयाचल की वेला के समान चरणों में मलयवती विद्यमान है" (५. २)। जीमूतकेतु सचमुच समुद्र हैं। करुणा के अथाह समुद्र, विशालहृदय समुद्र!

७. कञ्चुकी—कञ्चुकी की नाटकीय उपयोगिता जीमूतवाहन को उसकी बेबसी में विवाह-मंगल का लाल जोड़ा पहुँचाने में है। उसका अपना चरित्र सभी अन्तःपुर के बुड्ढे कर्मचारियों का प्रतिरूपक है—

अन्तःपुराणां विहित-व्यवस्थः
पदे-पदे ऽहं स्खलितानि रक्षन्।
जरातुरः संप्रति दण्ड-नीत्या
सर्वं नृपस्यानुकरोमि वृत्तम्॥४. १॥

शब्द-गुण—

श्रीहर्ष की अन्तरङ्ग तथा बहिरङ्ग शैली से हम परिचित हो लिये। हमने देखा कि किस प्रकार नाटकीय उपकरणों तथा साहित्य की उपेक्षिताओं के उपयोग में वे सिद्ध-हस्त हैं। किन्तु क्या भाषा तथा नाटकोपयोगी अन्य कलाओं में भी उनका यथा-योग्य प्रवेश है ? मलयवती के तन्त्री-उपवीणन में जो व्यञ्जन धातु, त्रिविध लय, त्रिविध यति, त्रिविध वाद्यविधि का सूक्ष्म दर्शन उपस्थित किया है, तथा मलयवती के गीत सुनने में निःस्तब्ध, व्याजिह्माङ्ग हिरणों को उपस्थित किया है—ये सब बातें श्रीहर्ष की कला-प्रियता, प्रकृति-अन्तस् के साक्षात्कार तथा कला-परिचय की बोधक हैं। भाषा के विषय में यह कह सकना तो कठिन है कि संस्कृत अथवा प्राकृत पर उन्हें वही अधिकार था जो उनके राज-कवि बाणभट्ट को था (उनकी शैली को वैदर्भी आदि नामों से, तथा प्राकृत को शौरसेनी आदि नामों से विशिष्ट करना अनुचित होगा)। दोनों समकालीन थे, किन्तु बाणभट्ट की परिहास-ग्रहण बुद्धि, गाथा-विज्ञान, भाषा-विज्ञान, मनो-विज्ञान आदि का सर्वाङ्ग परिचय अनुपम है। परन्तु नागानन्द नाटक में ही भाषा प्रयोग में भी श्रीहर्ष की लेखन-चातुरी स्वतः विशिष्ट है। विचार-दृष्टि से देखें, तो जहाँ कुछ प्रेरणाएँ उन्हें अपने पूर्ववर्ती कवि-नाटककार कालिदास से उपलब्ध हुईं, वहाँ उनकी मौलिकता परवर्ती कवि भवभूति, विशाखदत्त, आदि के लिये उपजीव्य वस्तु बन ही गई थी। प्रथम हम उनकी शब्द-चातुरी को ही लेते हैं।

शब्द—कुछ शब्द श्रीहर्ष की शैली के इतने अन्तरङ्ग हैं कि वे अन्य कवियों ने प्रयुक्त ही नहीं किये, यथा—पिष्टातक, आयल्लक। कोष में 'पिष्टातक' अनुपलभ्य है, प्रकरण में इसका अर्थ स्पष्ट है : पिष्ट + अत + क, अर्थात् पुष्पादि का उड़ता हुआ पराग, *Cf.* Panjabi पीठया होया अट्टा। आयल्लक का अर्थ कोषकार उत्कण्ठा, उत्सुकता आदि करते हैं, किन्तु इसकी ध्वनि भी पंजाबी शब्दों की सी है, ध्वन्यर्थता-बुद्धि से हम इसका अर्थ (हार्दिक) गाढ-स्नेह की (आकुल) परिपूर्णता समझ पाए हैं। (*Cf.* the '*la-la-la*', of songs, and the '*tirra-lirra*' of Tennyson)। इसी प्रकार आकृति शब्द में मलयवती का परिपूर्ण यौवन समाविष्ट हैं, न कि केवल उसका मुखड़ा—"न खलु त ईदृशी आकृतिर् वैधव्य-दुःखमनुभवति।" पंजाबी में भी "एहो जई मुटयार नूँ ए रँडेपा !' हर्ष कभी किसी हार्दिक अनुभूति के लिये 'स्वाभाविक', 'प्राकृतिक' शब्द का प्रयोग नहीं करते, उसके वर्णन के लिये उनका प्रिय शब्द है 'सह-भू' *Cf.*—पंजाबी—'नाल ई जम्मे ने'। चेटी को ठठोली सूझती है, तो मलयवती कहती है "नी चुलबुलिये, तूँ एह की कीता ए ?" एह वी कोई हासे दा वेला सी ?"—'परिहास-शीले, मैवं कुरु'। आपानोत्सव में भी विट ने विदूषक से समधियों का-सा ही परिहास किया है—'सम्बन्धिकानुरूपः परिहासः कृतः'। शेखरक

नवमालिका से कहता है—नवमालिका, लै, एनूँ पीके अपने बुल्लाँ नाल सुच्ची करके बाह्मन नूँ दे दे (नवमालिके, पीत्वा चोक्षित्वा देह्येतदेनम्)। आपनोत्सव का हँसी-ठट्ठा, शब्द, मुहावरे, वातावरण सब कुछ पंजाबी हैं। जीमूतवाहन जब मित्रावसु के प्रस्ताव को ठुकरा देता है तब मित्रावसु ने कहा है—'एवं निवेदितात्मनो ऽस्मान् प्रत्याचक्षाणः कुमार एव बहुतरं जानाति,' (असाँ ताँ आपने वलों कह छड्डेया, तुसाँ न मन्नया, तुसीं आप ई सयाने ओ)। गरुड़ से कहता है—पहलाँ रज के सुनन जोगे (श्रवण-योग्यः) ताँ हो जाओ। सूत्रधार नटी को बुलाते हुए कहता है 'परपुरुष-चन्द्र-कमलिनि'—वाह, चन्द वर्गे पराए पुरख (अर्थात अतिथि, श्रोता-जन) आए बैठे ने ते तूँ कमलिये अन्दर लुकी बैठी एँ।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि हर्ष का अपना देश पंजाबी बोली का देश है, जहाँ आजकल पंजाबी बोली जाती है। हर्ष के दिनों की संस्कृत, प्राकृत, तथा अपभ्रंश परम्परा आजकल की पंजाबी का मूल है। ये पंजाबी विशेषताएँ बाण के काव्य में भी कहीं-कहीं मिलती हैं यथा—बहुकरी = बौखर (बुहारी)। परन्तु इनकी पंजाबी में सिन्धी की पुट नहीं है, जिससे प्रमाणित होता है कि उनकी भाषा मूलतः ग्रियरसन के इनर बैंड (Inner Band) वर्ग की भाषा थी, आउटर बैंड की नहीं। यह हिन्दी के निकटतर थी, 'मुलतानी' अथवा 'लहँदा' से दूरतर। परम्परा भी तो श्रीहर्ष को कुरुक्षेत्र, थानेसर का ही मानती है।

श्रीहर्षनाटकचक्र का नाटककार कौन है इस प्रश्न पर विचार-विनिमय प्रस्तुत करते हुए हम ऊपर कह आए हैं कि धावक कोई कवि नहीं हुआ, बाण-भट्ट इन नाटकों का लेखक हो नहीं सकता। और कि इतने श्रीहर्षों में से केवल महाराज श्रीहर्षवर्धन ही इनके रचयिता हो सकते हैं। एक और श्रीहर्ष भी हैं, जिन्होंने भाऊदा जी, फ़र्ग्युसन की कल्पना के अनुसार, कोरूर की लड़ाई (५८७ ई०) में शकों को परास्त करके विक्रमादित्य की उपाधि अर्जित की थी, (और ६०० वर्ष पूर्व ! विक्रमादित्य संवत् की स्थापना की थी)। एक टीकाकार (मधुसूदन-१७११ वि०) ने तो लिख भी दिया कि रत्नावली का रचयिता उज्जयिनी का श्रीहर्ष था (देखो ऊपर—श्रीहर्ष-नाटकचक्र का रचयिता—बाह्यसाक्षी, पृष्ठ *vi*)। इस प्रकार प्रस्तुत नाटकचक्र के रचयिता के विषय में यह चतुर्थ हर्ष एक नई समस्या उपस्थित कर देते हैं। परन्तु इसका प्रत्याख्यान इ-त्सिंग और य्वान् च्वाँग की साक्षियों द्वारा—कि नागानन्द न केवल श्रीहर्ष ने रचा और उसका अभिनय कराया, अपि तु जीमूतवाहन के पात्र में स्वयं अभिनय किया—यदि विश्वसनीय न भी समझा जाए, तो भी भाषा की युक्ति के आधार पर इस नाटक-त्रयी के रचयिता का मध्य भारत, उज्जैनवासी होना असंभव है। वह निश्चय ही पाञ्चाल देशीय था। सूक्ष्म तुलना पर श्रीहर्ष की शैली काव्य-सम्प्रदाय की शास्त्रीय रीतियों में पाञ्चाली ही उतरेगी। श्रीहर्ष की श्लेष तथा

अर्थगौरव-प्रधान वृत्ति बाण के निम्न-लिखित लक्षण के अनुसार भी उत्तर-पश्चिम-'स्थानीय' ठहरती है—

'श्लेष-प्रायमुदीच्येषु प्राच्येष्वर्थ-गौरवम् ।'

नान्दी की सूक्ष्म ध्वनि में अर्थ-गौरव पुष्ट होता है तो चतुर्थ अङ्क की समाप्ति पर गरुड़ की उक्ति में अर्थ-गर्भित श्लेष की सुन्दरता अनुपम है—

नागानां रक्षिता भाति गुरुरेष यथा मम ।
तथा सर्पाशनाशङ्कां व्यक्तमद्यापनेष्यति ।।४. २८।।

श्रीहर्ष के श्लेष में रस है, शब्दालङ्कारमात्र नहीं । इस श्लेष का रस केवल पंजाबी ही दे सकती है—आपनोत्सव में बेचारा विदूषक एक प्रकार के मधुकरों से बचता है तो दूसरे प्रकार के मधुकरों के चुंगल में जा फँसता है ।—

अमी गीतारम्भैर्मुखरितलतामण्डपभुवः
परागैः पुष्पाणां प्रकटपटवासव्यतिकराः ।
पिबन्तः पर्याप्तं सह सहचरीभिर्मधुरसं
समन्तादापानोत्सवमनुभवन्तीह मधुपाः ।।३. ८।।

यह मौज-बहार विद्याधर और सिद्ध लूट रहे हैं कि भौंरे ? श्लोक का प्रत्यक्षर श्लिष्ट है, किन्तु सुबन्धु के श्लेष के विपरीत, सरस है । आपानोत्सव दृश्य का अनुवाद भाषा, वातावरण, तथा मानव-प्रवृत्ति अर्थात् सभी दृष्टियों से पूर्ण पाञ्चाली वृत्ति ही कर सकती है । ब्राह्मण के जनेऊ पर एक पंजाबी मतवाला (मत्तपालक) ही हाथ डालने का साहस कर सकता है । पंजाबी मदिरा की तीक्ष्ण गन्ध से ही वेदाक्षर उड़ सकते हैं और एक पंजाबी लफंगा (विट) ही अपनी प्रेयसी को पर पुरुष के पास बिठाकर उसके होंठों से सुच्ची की हुई मदिरा एक ब्राह्मण को देकर कह सकता है—'एतन्नवमालिकामुखसंसर्गविर्वधितरसं शेखरकाद् अन्येन केनाप्यनास्वादितपूर्वम् । तत् पिबैतत् । किं ते अतः परं संमानं करोमि ?'—(ए नवमालिका दे बुल्लाँ दे रस दी भरी जिदा शेखरक तों बिना पहलाँ किसे स्वाद नहीं लित्ता, लै पी ताँ सही । एदूँ पराँतेरा होर की मान कराँ ?), और एक पंजाबी ब्राह्मण ही विवशता में चेटी के चरणों पर गिरने का और उसकी मुँह-लगी शराब का रस ले सकता है, और फिर 'मत्तपालक-संसर्गदूषित' होने के पाप को जाकर छप्पड़ के 'सुथरे' पानी में धो सकता है ।

टीकाकार, आलोचक तथा अनुश्रुतियाँ किसी भी व्यक्ति को श्रीहर्ष-नाटक-चक्र के रचयिता होने का श्रेय दे सकती हैं, परन्तु निष्पक्ष अनुसंधान इन नाटकों के लेखक को पंजाबी ही ठहराएगा । यही एक युक्ति थानेसर अथवा कुरुक्षेत्र के श्रीहर्ष को यह श्रेय देने के लिये पर्याप्त है । श्रीहर्ष तथा शूद्रक, दो ही नाटककार संस्कृत वाङ्मय में ऐसे हुए हैं जिनका परिहास अनोखा भी है, शिष्ट भी है, और स्वाभाविक

भी है। इस परिहास की कुछ झलक हमें बाण में भी मिलती है—प्रथम-मिलन में श्रीहर्ष ने बाण के विषय में कहा था 'माहानयं नागः' और राजकवि ने अपनी गुण-ग्राहिता से इस उक्ति को हर्षचरित में अमर कर दिया है। परिहास करने और परिहास सहने—दोनों में हृदय की महत्ता अपेक्षित होती है।

श्रीहर्ष का आभार—

श्रीहर्ष के आभार को संस्कृत नाटकों की कालानुक्रमणी के अनुसार तीन भागों में विभक्त किया जा सकता है—

१. श्रीहर्ष की अपनी मौलिकता, जिसमें सातवीं शताब्दी की बाण-मयूर आदि कवियों की अपनी समकालीन विशेषताएँ समाविष्ट हैं। इस युग की सबसे बड़ी आकांक्षा ब्राह्मणों तथा श्रमणों के परस्पर वैमनस्य को शान्त करना थी। और यह पूर्त्ति महाराज श्रीहर्षवर्धन ने ही अपने कलास्पर्श से प्रस्तुत की। संस्कृत साहित्य का प्रस्थान काल (Classical Period) तथा हिन्दू-संस्कृति का स्वर्णयुग गुप्तकाल के अनन्तर अभी अस्त नहीं हुआ था। किन्तु श्रीहर्ष की नाटककार रूप में सूक्ष्म-सरस परिहास, ध्वनि, श्लेष, अर्थान्तरन्यास प्रथाओं के विरुद्ध नाटकीय अवस्था-प्रकृति-सन्धि आदि अङ्गों से विहीन मौलिकता को पंजावी के लोक-साहित्य के अतिरिक्त किसी ने भी नहीं अपनाया। श्रीहर्ष को और पंजाबी साहित्य को आचार्य-समय के बहिरङ्ग अलङ्कार, रीति, तथा सन्धि आदि नहीं जँचते। यहाँ काव्य का विषय 'अन्तरङ्ग' है—शृङ्गार अथवा भक्ति की, मानसिक एवं आध्यात्मिक, आन्तरिक काय-कल्प कर देने वाली, अनुभूति।

२. (क) श्रीहर्ष से पूर्व शूद्रक, भास तथा कालिदास अपूर्व ख्याति प्राप्त कर चुके थे। शूद्रक से संभवतः श्रीहर्ष ने परिहास बुद्धि ग्रहण की हो। उदयन-नाटकों, प्रियदर्शिका तथा रत्नावली, में भास की छाया स्पष्ट ही है, किन्तु उनमें भी कथा-प्रयोग, वेष-परिवर्तन आदि कल्पना-वैचित्र्य द्वारा कवि ने अपनी निजी मौलिकता का परिचय दिया है। साथ ही राज्य की घटनाओं—राज्यश्री का आत्म-हत्या प्रयास तथा ग्वान् च्वाँग की विपत्ति—को भी अपने नाटकों में प्रतिच्छायित कर दिया है। एक त्रुटि जो हमें आपाततः खटकती है वह यह है कि—राज्यश्री (जिसका परिगणन भारतीय इतिहास में प्रभावती गुप्ता, अहल्या बाई तथा झाँसी की रानी के साथ होता है) को, राज्य कार्य में अपनी सह-योगिनी बहिन राज्यश्री को, श्रीहर्ष ने एक स्वतन्त्र नाटक का विषय क्यों नहीं बनाया?

(ख) नागानद नाटक में शकुन्तला की उदात्तता एवं शिष्ट शृङ्गार-बुद्धि का भी स्थान-स्थान पर परिचय मिलता है। मलयवती तथा जीमूतवाहन के गन्धर्व प्रेम का वातावरण वही शकुन्तला का तपोवन है, परन्तु राजकुमार यहाँ आखेटक बनकर

नहीं आया । तपोवन में पहुँचने पर पशु-पक्षी कण्वाश्रम की भाँति उसका स्वागत करते हैं । परन्तु एक बात कालिदास की कवि दृष्टि से ओझल रह ही गई—यहाँ शुक साम-गान कर रहा है । अन्यथा तपोवन का संपूर्ण वातावरण तथा चित्र-लेखन दृश्य कालिदास की शकुन्तला ने प्रदान किये हैं । यह तपोवन है, किन्तु दुःष्यन्त की भाँति मलयानिल जीमूतवाहन को एक नवीन स्फूर्ति से संचारित कर देता है—

सेव्यो ऽयं मलयाचलः किमपि मे चेतः करोत्युत्सुकम् ॥१. ९॥

और दुःष्यन्त की ही भाँति—

स्पन्दते दक्षिणं चक्षुः फल-कांक्षा न मे क्वचित् ।
न च मिथ्या मुनि-वचः कथयिष्यति किं न्विदम् ? (१. १०)

दुःष्यन्त की भाँति ही जीमूतवाहन की हृदयाशङ्का शान्त हो जाती है—

कथमियमेवासौ विश्वावसोर्दुहिता मलयवती ? अथवा, रत्नाकरादृते कुतश्चन्द्र-लेखाप्रसूतिः ?

मलयवती को पिता विश्वावसु ने मध्यंदिन सवन के लिये घर बुला भेजा है । शकुन्तला की भाँति वह भी—(उत्थाय, निःश्वस्य, सलज्जं सानुरागं च जीमूतवाहनं पश्यन्ती तापस-सहिता निष्क्रान्ता) । जीमूतवाहन कहता है—

अनया जघनाभोग-मन्थर-यानया ।
अन्यतो ऽपि व्रजन्त्या मे हृदये निहितं पदम् ॥१. १६॥

विदूषक नायक को समझाता है धैर्य धारण करो, तो नायक उत्तर देता है, क्या मैं धैर्य धारण नहीं कर रहा ?—

नीताः किं न निशाः शशाङ्क-रुचयः. . .॥२. ३॥

विवाह के अनन्तर जीमूतवाहन की दृष्टि में मलयवती के स्वभाव-सुन्दर, यौवनभरावनत शरीर पर आभूषण केवल व्यर्थ का बोझ ही हैं—

स्वाङ्गैरेव विभूषिता ऽसि वहसि क्लेशाय किं मण्डनम् ? ॥३. ६॥

और दुःष्यन्त को तो शकुन्तला के वल्कलवस्त्रों, शैवल आदि आभूषण-प्रवचनीयों में भी दैवी सौन्दर्य की झलक ही मिली थी—

इयमधिक-मनोज्ञा वल्कलेनापि तन्वी ।
किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम् ? (शकु० १.२०)

शकुन्तला का शिकार होकर दुष्यन्त ने मृगया का त्याग कर दिया था और जीमूतवाहन का शिकार होकर गरुड़ ने नाग-भक्षण का । तुलना करो—

गाहन्तां महिषा निपानसलिलं शृङ्गैर्मुहुस्ताडितं
छायाबद्धकदम्बकं मृगकुलं रोमन्थमभ्यस्यतु ।

विश्रब्धं क्रियतां वराहततिभिर्मुस्ताक्षतिः पल्वले
विश्रामं लभतामिदं च शिथिलज्याबन्धमस्मद्धनुः ॥ (शाकुन्तले २. ६)

क्वचिद् द्वीपाकारः पुलिनविपुलैर्भोगनिवहैः
कृतावर्तभ्रान्तिर्वलयितशरीरः क्वचिदपि ।
व्रजन् कूलात्कूलं क्वचिदपि च सेतुप्रतिसमः
समाजो नागानां विहरतु महोदन्वति सुखम् ॥ (नागानन्दे ५. २७)

कालिदास के 'न खलु न खलु बाणः संनिपात्यो ऽयमस्मिन्' की छाया श्रीहर्ष के 'न खलु न खलु मुग्धे साहसं कार्यमेवम्' (नाग० २. ११) और 'अलमलमतिमात्रं साहसेनामुना ते' (रत्नावली ३. १७) में स्पष्ट है ।

(ग) शब्दादि अंशों में कथासरित्सागर तथा नागानन्द की तुलना निरर्थक है । क्योंकि कथावस्तु एक होने से प्रतीत ऐसे होता है जैसे श्रीहर्ष ने स्थल-स्थल पर सोमदेव को शब्दशः, वाक्य तथा परिस्थिति आदि सभी अङ्गों में पूर्ण-रूपेण उद्धृत ही किया है । ऐसे कुछ स्थल हमने टिप्पण में उदाहरण-स्वरूप यथास्थान संगृहीत कर दिये हैं । यदि गुणाढ्य की पैशाची बृहत्कथा उपलभ्य होती तो संभव है हमें श्रीहर्ष के अन्य अंशो में भी पूर्ववर्ती कवियों के आभार दृष्टिगोचर होते ।

३. भारत में प्रस्थान साहित्य की समाप्ति सुबन्धु, बाण, श्रीहर्ष के साथ अथवा सातवीं शती के प्रथमार्ध के साथ हो जाती है । प्रस्थान-युग की समाप्ति के अनन्तर भी दो एक प्रतिभाशाली कवि हुए हैं, किन्तु उनकी संस्कृत में, उनकी प्राकृत में, लोक-भाषा की-सी सजीवता नहीं हैं ।

भवभूति के नाटकों में प्राकृत कहीं-कहीं पर तो संस्कृत से भी अधिक समास-बहुल है, अत्यधिक कृत्रिम है । रस-दृष्ठि से साधारणतया आलोचक भवभूति को करुण रस का प्रतिनिधि कवि स्वीकार करते हैं । परन्तु हमें तो उनका संपूर्ण रस कालिदास तथा (विशेषतः) श्रीहर्ष की प्रतिभा से नितान्त अकृतज्ञता के साथ ले लिया गया प्रतीत होता है । श्रीहर्ष ने भी कालिदास के तपोवन आदि से अपने नाटकों को प्रतिच्छायित किया है, परन्तु भवभूति ने कालिदास तथा श्रीहर्ष की नवलता में अपना अनुदान कुछ भी तो नहीं जोड़ा । भवभूति का 'एको रसः करुण एव' नागानन्द नाटक तथा जीमूतवाहन-बोधिसत्त्व की सहृदयता से प्रेरित है । *Cf.*—

श्रीहर्ष के 'मिथ्या-कारुणिको ऽसि,' 'किमेतस्या निष्करुणायाः पुरतो वादितेन' के व्यङ्ग्य, करुणरस, तथा जीमूतवाहन के बलिदान और बलिदान से पूर्व मलयवती-प्रणय की उभय-विध करुणा का पूर्ण वातावरण ही तो उत्तररामचरित का 'विवर्त-भेदात्' भिन्न-भिन्न रूप में प्रस्तुत 'एको रसः करुण एव' है ।

अपि च,

चञ्चुर्नैव खगाधिपस्य हृदयं वज्रेण मन्ये कृतम् ॥४. ९॥

अस्या विलोक्य मन्ये पुत्र-स्नेहेन विक्लवत्वमिदम् ।
अकरुण-हृदयः करुणां कुर्वीत भुजङ्ग-शत्रुरपि ॥४. ११॥

और भवभूति—अपि ग्रावा रोदित्यपि दलति वज्रस्यहृदयम् ॥उत्तर०॥

परन्तु उत्तररामचरित अथवा रामभद्र की करुणा किसी 'वज्रहृदय' गरुड़ का हृदय विदीर्ण नहीं कर सकी। और देखिये—

१. न प्रभातरलं ज्योतिरुदेति वसुधातलात् ॥ (शकुन्तला १. २५)
२. रत्नाकराद् ऋते कुतश्चन्द्रलेखा प्रसूतिः ॥ (नागानन्द पृष्ठ ६४)
३. कुतो वा महोदधिं वर्जयित्वा पारिजातस्योद्गमः ॥ (मालती० २.)

अन्यत्र, गरुड़ और श्मशानभूमि आदि का बीभत्स वातावरण श्रीहर्ष जिस प्रकार समास-बहुल, श्रवण-कठोर, और कहीं-कहीं दुर्बोध एवं सामान्यतः अज्ञात पदावलियों से भरे श्लोकों में प्रस्तुत करते हैं, वही वृत्ति भवभूति ने लव तथा चन्द्रकेतु के युद्ध में वनवास के अजगरों के वर्णन में अपनाई है। श्रीहर्ष के निम्न उद्धरण सहसा भवभूति का स्मरण कराते हैं—

उद्गर्जज्जलकुञ्जरेन्द्ररभसाऽऽस्फालानुबद्धोद्धतः ॥४. ३॥
चञ्चच्चञ्चूद्धृतार्धच्युतपिशितलवग्राससंवृद्धगर्वैः ॥४. १७॥
क्षिप्त्वा बिम्बं हिमांशोर्भयकृतवलयां संहरन् शेषमूर्त्तिम् ॥४. २४ ॥ इत्यादि

परन्तु श्रीहर्ष की कलादक्षता भवभूति में नहीं है। जीमूतवाहन के मृत्युमुख में आत्म-संतोष से गरुड़ का न केवल हृदय-परिवर्तन ही संपन्न हुआ है, अपि तु 'वाच्य'-परिवर्तन भी—

ग्लानिर्नाधिकपीयमानरुधिरस्याप्यस्ति धैर्योदधेर्
मांसोत्कर्तनजा रुजो ऽपि वहतः प्रीत्या प्रसन्नं मुखम् ।
गात्रं यन्न विलुप्तमेष पुलकस्तत्र स्फुटो लक्ष्यते
दृष्टिर् मय्युपकारिणीव निपतत्यस्यापकारिण्यपि ॥५. १५॥

अपि च

आवर्जितं मया चञ्च्वा हृदयात्तव शोणितम् ।
अनेन धैर्येण पुनस्त्वया हृदयमेव नः ॥५. १७॥

पश्चात्ताप की अग्नि ने झुलसाकर गरुड़ को अपनी ही दृष्टि में नीच बना दिया है—

ज्वालाभङ्गैस् त्रिलोकीग्रसनरसचलत्कालजिह्वाग्रकल्पैः
सर्पद्भिः सप्त सर्पिष्कणमिव कवलीकर्तुमीशे समुद्रान् ।

स्वैरं एवोत्पातवातप्रसर-पटुतरैर् धुक्षिते पक्षवातैर्
अस्मिन् कल्पावसान-ज्वलनभयकरे बाडवाग्नौ पतामि ॥५. २२॥

अमृत की स्मृति से वह फिर जाग उठता है, वह क्या कुछ नहीं कर सकता ?—

पक्षोत्क्षिप्ताम्बुनाथः पटुजवपवनप्रेर्यमाणे समीरे
नेत्रार्चिःप्लोषमूर्च्छा-विधुर-विनिपतत्सानलद्वादशार्कः ।
चञ्च्वा संचूर्ण्य शक्राशनिधनदगदाप्रेतलोकेशदण्डान्
अन्तः-संमग्नपक्षः क्षणममृतमयीं वृष्टिमभ्युत्सृजामि ॥५. ३२॥

अवस्था तथा मानसिक परिस्थितियों के अनुकूल शब्द-प्रस्ताव श्रीहर्ष के अतिरिक्त बाण की भी अपनी विशेषता है । बाण की सन्ध्याएँ धीमे-धीमे आती हैं; आरम्भ में स्वच्छ, शुभ्र, शनैःशनैः अरुण, अन्धकारमय, ज्योति-हीन, गाथा-देश की-सी अनन्त तमोमयी, फिर नक्षत्रों के विस्फुरण से विलासमय, स्वप्नमय, सुषुप्तिमय होती हुई और फिर प्रभातोदय में उद्भासित ! और वाक्य-रचना, उसी प्रकार, सदा नवीन तथा तदनुकूल ही होती है । मनोवैज्ञानिक विश्लेषण में तथा उपदेशों में, कुमारियों के परिहास में, बाण के वाक्यों में लघुता और चुलबुलापन आदर्श हैं ।

(ख) मुद्राराक्षस की नान्दी—

धन्या केयं स्थिता ते शिरसि, शशिकला, किं नु नामैतदस्या
नामैवास्यास्तदेतत् परिचितमपि ते विस्मृतं कस्य हेतोः ।
नारीं पृच्छामि नेन्दुं, कथयतु विजया न प्रमाणं यदीन्दुर्
देव्या निह्नोतुमिच्छोरिति सुरसरितं शाठ्यमव्याद्विभोर्वः ॥मुद्रा० १. १॥

के परिहास-प्रस्ताव की प्रेरणा महाराज विशाखदत्त[1] को श्रीहर्ष की निम्ननान्दी से मिली थी—

धूमव्याकुलदृष्टिर् इन्दुकिरणैराह्लादिताक्षी पुनः
पश्यन्ती वरमुत्सुका ऽऽनतमुखी भूयो ह्रिया ब्रह्मणः ।
सेर्ष्या पादनखेन्दुदर्पणगते गङ्गां दधाने हरे
स्पर्शाद् उत्पुलका करग्रहविधौ गौरी शिवायास्तु वः ॥ (प्रियदर्शिका १.१)

(ग) नागानन्द के श्मशान दृश्य—

प्रतिदिनम् अशून्यमहिनाहारेण विनायकाहितप्रीति ।
शशिधवलास्थिकपालं वपुरिव रौद्रं श्मशानमिदम् ॥४. १८॥

को नाटकीय बुद्धि से वेणीसंहार में—नागानन्द के विट-चेटी-विदूषकमय आपानोत्सव की भाँति—युद्ध भूमि के बीभत्स वातावरण में 'लुहिलप्पिय' तथा 'लुहिल-

---

१ यदि जस्टिस काशीनाथ त्र्यम्बक तेलांग के अनुसार महाराज विशाखदत्त का काल सातवीं-आठवीं शताब्दी ईस्वी माना जाए, तो

प्पिआ' द्वारा अतीव उपयुक्त रूप में दृश्यार्पित किया गया है।

श्रीहर्ष की सूक्तियाँ—

श्रीहर्ष की सूक्तियों के कुछ उदाहरण, हम १. नागानन्द से और २. सुभाषितावली आदि से उपस्थित करते हैं—

१. नागानन्द—

प्रथम अङ्क में

(क) आयासः खलु राज्यमुज्झितगुरोस्तेनास्ति कश्चिद् गुणः। (१.७)

(ख) वन्द्याः खलु देवताः। (पृ० १८)

(ग) निर्दोषदर्शना हि कन्यकाः। (पृ० २०)

(घ) सर्वस्याभ्यागतो गुरुः। (पृ० ३०)

द्वितीय अङ्क में

(क) किं मधुमथनो वक्षः-स्थलेन लक्ष्मीमनुद्वहन् निर्वृतो भवति? (पृ० ४२)

(ख) किं सुजनः प्रियं वर्जयित्वा ऽन्यद्भणितुं जानाति? (पृ० ४२)

(ग) न शक्यते चित्तमन्यतः प्रवृत्तमन्यतो निवर्तयितुम्। (पृ० ५८)

(घ) रत्नाकराद् ऋते कुतश्चन्द्रलेखाप्रसूतिः? (पृ० ६४)

(ङ) अन्योन्यदर्शनकृतः समानरूपानुरागकुलवयसाम्।
केषांचिद् एव मन्ये समागमो भवति पुण्यवताम्॥ (२.१४)

तृतीय अङ्क में

(क) कीदृशो नवमालिकया विना शेखरकः? (पृ० ७२)

(ख) जाता वामतयैव मे ऽद्य सुतरां प्रीत्यै नवोढा प्रिया। (३.४)

(ग) स्वाङ्गैरेव विभूषिता ऽसि वहसि क्लेशाय किं मण्डनम्? (३.६)

(घ) एतत्ते भ्रूलतोल्लासि पाटालाधरपल्लवम्।
मुखं नन्दनमुद्यानमतो ऽन्यत् केवलं वनम्॥ (३.११)

(ङ) स्मितपुष्पोद्गमो ऽयं ते दृश्यते ऽधरपल्लवे।
फलं तु जातं मुग्धाक्षि पश्यतश्चक्षुषोर्मम॥ (३.१२)

(च) एकः श्लाघ्यो विवस्वान् परहितकरणायैव यस्य प्रयासः। (३.१८)

चतुर्थ अङ्क में

(क) सर्वाशुचिनिधानस्य कृतघ्नस्य विनाशिनः।
शरीरकस्यापि कृते मूढाः पापानि कुर्वते॥ (४.७)

(ख) क्रोडीकरोति प्रथमं जातं नित्यमनित्यता।
धात्रीव जननी पश्चात् ततः शोकस्य कः क्रमः॥ (४.८)

(ग) ये नित्यं परदुःखदुःखितधियस्ते साधवो ऽस्तंगताः । (४.१०)

(घ) परार्थे बद्धकक्षाणां त्वादृशामुद्भवः कुतः ? (४.१६)

पञ्चम अङ्क में

(क) स्वगृहोद्यानगते ऽपि स्निग्धे पापं विशङ्क्यते स्नेहात् । (५.१)

(ख) विषादृते किमन्यद् विषधरस्य मुखान्निष्क्रामति ? (पृ० १४४)

(ग) आत्मीयः पर इत्ययं खलु कुतः सत्यं कृपायाः क्रमः । (५.२१)

(घ) मेदोऽस्थिमांसमज्जाऽसृक्-संघाते ऽस्मिंस्त्वगावृते ।
शरीरनाम्नि का शोभा सदा बीभत्सदर्शने ॥ (५.२४)

२. श्रीहर्ष की अन्य उक्तियों को कवीन्द्र वचन-समुच्चय, सदुक्तिकर्णामृत, आदि में उद्धृत किया गया है । य्वान् च्वांग ने अपने संस्मरणों में अष्टमहाश्रीचैत्यसंस्कृत-स्तोत्र की रचना का श्रेय श्रीहर्ष को दिया है । इसके अतिरिक्त, ताम्रशासनों में कहीं-कहीं श्रीहर्ष के राज-वचन उद्धृत हैं, यथा—

कर्मणा मनसा वाचा कर्तव्यं प्राणिने हितम् ।
हर्षेणैतत्समाख्यातं धर्मार्जनमनुत्तमम् ॥

इसमें अशोक के संपूर्ण धर्म-चक्र का संक्षेप में समावेश हो गया है ।

सुभाषितावली से हम एक ही उद्धरण देकर विषय समाप्त करते हैं—

अशठमलोलमजिह्मं त्यागिनमनुरागिणमशेषज्ञम् ।
यदि नाश्रयति नरं श्रीः श्रीरेव हि वञ्चिता तत्र ॥

श्रीहर्ष आचार्य-आलोचकों की दृष्टि में—

१. बाण—

(i) काव्यकथासु अपीतामृतमुद्वमन्तम् ।

(ii) विमल-कपोल-प्रतिबिम्बितां चामर-ग्राहिणीं विग्रहिणीमिव मुख-वासिनीं सरस्वतीमादधानम् ।

(iii) अपि चास्य प्रज्ञायाः शास्त्राणि कवित्वस्य वाचो न पर्याप्तो विषयः ।

२. जयदेव—

यस्याश्चोरश्चिकुरनिकरो कर्णपूरो मयूरो
भासो हासः कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः ।
हर्षो हर्षो हृदये वसति पञ्चबाणस्तु बाणः
तेषां नैषा कथय कविता-कामिनी कौतुकाय ।।

३. सोड्ढल—

श्रीहर्ष इत्यवनिर्वातषु पार्थिवेषु नाम्नैव केवलमजायत वस्तुतस्तु।
गीर्हर्ष एष निजसंसदि येन राज्ञा संपूरितः कोटिकनकशतेन बाणः ॥

श्रीहर्ष तथा उनके पूर्वोत्तरवर्ती नाटककारों की विशेषताएँ—

१. भास के नाटकों में सर्वप्रियता का अंश उदयन की प्रेम लीलाओं में है। यह सम्भवतः गुणाढ्य की बृहत्कथा का युग था, नाट्य-मण्डली और उदयन-कथा का युग था।

२. कालिदास में भारतीय संस्कृति की स्वर्ण-युगीन सर्वतोमुखी परिपक्वता विद्यमान है। कवि-दृष्टि से भी कालिदास भारतवर्ष के राष्ट्र-एकीकरण के साहित्य-कार हैं, अग्रदूत हैं। उन्होंने अपनी कथा-वस्तु के लिये प्रेरणा साहित्य के उपेक्षित कथानकों से ही ली है।

३. शूद्रक के मृच्छकटिक के समय में एक गणिका और एक दरिद्र ब्राह्मण की गन्धर्व-लीला उपहासास्पद और गर्हणीय वस्तु नहीं थी। आवश्यक नहीं था कि नाटक का नायक केवल किसी ख्यात-वृत्त कथा का राजकुमार ही हो, प्रत्युत जनता का प्रत्येक व्यक्ति नायक बन सकता था। यह विक्रमादित्य के जन-गण का युग था।

४. अश्वघोष—परन्तु शूद्रक-विक्रमादित्य के प्रायः दो शताब्दी पश्चात् अश्वघोष के नाटकों में कथावस्तु तथा कला का प्रधान-सूत्र नाटककार की धर्म-प्रचार बुद्धि में संनिहित है।

५. श्रीहर्ष के नाटकों की विशेषता यह है कि उनमें प्रेरणा कवि को राज्य-काल में हो रही घटनाओं से ही मिली है। नाटककार ने राज्यश्री तथा ग्वान् च्वाँग के जीवन की, अर्थात् समकालीन, घटनाओं से जहाँ अपने जीवन में काया-पलट अनु-भव की है, वहाँ उदयन-कथाओं तथा जीमूतवाहन की बलि द्वारा वर्तमान को कथा सरित्सागर के चिर-सत्य से आवृत करते हुए जन-गण के मनोरंजन तथा उदात्ती-करण की वस्तु बना दिया है।

६. भवभूति विशाखदत्त तथा भट्टनारायण आदि की रचनाओं में भरत-नाट्यशास्त्र तथा पाणिनीय व्याकरण के शुद्ध रूप प्रस्तुत होते हैं, किन्तु उनमें कलाकारों की निजी मौलिकता दुर्लभ है। ये सभी नाटककार अपनी कथावस्तु रामा-यण, महाभारत तथा मौर्ययुग की राजनीतिक (किन्तु धर्म-बुद्ध्या) घटनाओं को बनाते हैं। भवभूति का स्वप्न था कि वह राम भक्ति तथा कवि प्रतिभा द्वारा संस्कृत का सर्वश्रेष्ठ कवि और नाटककार माना जाएगा। परन्तु भवभूति की सबसे बड़ी त्रुटि अपने पूर्ववर्ती कलाकारों का आभार स्वीकार न करने की कृतघ्नता है। इसके अतिरिक्त—जैसे कि भूमिका में "श्री हर्ष का आभार" प्रस्तुत करते हुए हम भली भाँति दर्शा चुके हैं—भवभूति में मौलिकता का प्रायः क्यों, नितान्त अभाव ही है।

* * *

नाटकों का अध्ययन हम एक और कोण से भी कर सकते हैं। यदि प्राकृत

और इसी प्रकार केवल संस्कृत अथवा केवल प्राकृत का प्रयोग भी हो सकता है या दोनों का एकसाथ भी । विष्कम्भक के इन दो प्रकारों को क्रमशः शुद्ध तथा मिश्र (विष्कम्भक) कहते हैं ।

कुछ घटनाओं का संकेत 'नेपथ्ये कोलाहलः' अथवा सूचना के रूप में भी होता है । इन सब उपायों का प्रयोग दर्शक के हृदय में अद्भुत रस संचार करता रहता है, और इस प्रकार कहानी की प्रगति बनी रहती है ।

यदि एक अङ्क की कथा दूसरे अङ्क में बिना किसी दृश्य-परिवर्तन आदि के अनुस्यूत हो जाए, तो (नाटककार की) इस (वृत्ति) को अङ्कावतार कहते हैं । और यदि आने वाले अङ्क की घटना का संकेत मात्र हो तो उसे अङ्कास्य कहते हैं ।

कहीं-कहीं मुख्य कथा-वस्तु के समानान्तर एक और गन्धर्व-लीला भी चल रही होती है । इस गौण कथा का अभिप्राय नायक तथा नायिका की कथा में रंग लाना होता है । प्रारम्भ में संभवतः विट तथा चेटी का मनोरञ्जक प्रणय दर्शकों के हृदय को लाघव प्रदान करता था । प्रणय की इस सह-कथा को पताका तथा प्रकरी भेद से आचार्यों ने दो प्रकार का कहा है ।

अपवार्य, सहसा, प्रविश्य, आत्मगतम्, अपटीक्षेपेण, आदि संकेत भी कथरस की स्वाभाविकता प्रस्तुत करने के लिये ही होते हैं ।

नाटक की सुखान्तता न केवल नायक-नायिका की दृष्टि से अपेक्षित होती है, अपि तु नाट्य-मण्डली के समकालीन राज्य-शासन के लिये मङ्गल-कामना तथा दर्शक-गण और प्रजागण के सुख, शान्ति और वैभव की दृष्टि से भी अत्यावश्यक होती है ।

सिद्ध-हस्त कलाकार प्रायः जिस प्रकार नान्दी तथा आमुख के द्वारा नाटकीय कथा-वस्तु के सूत्रों को विकीर्ण करते हैं उसी प्रकार अपनी कला-कुशलता द्वारा भरत-वाक्य तक पहुँचते-पहुँचते उनका प्रत्याहार कर लेते हैं ।

किन्तु यह सब घटना-संगति इन उपकरणों द्वारा अत्यन्त स्वाभाविक रूप में उपस्थित होनी चाहिये । इसीमें नाटककार की कला-कुशलता एवं सफलता है ।

नागानन्द में प्रयुक्त मुख्य छन्द—

सस्कृत नाटकों की एक और विशेषता है । उनमें पात्रों की योग्यता और स्थिति के अनुसार संस्कृत तथा प्राकृत का प्रयोग होता है । संस्कृत केवल उच्च पात्र ही बोलते हैं । प्राकृत स्त्रियों, बालकों, विदूषक तथा नीच पात्रों के लिये है । सीता आदि महारानियों तक को संस्कृत में बोलने का अधिकार नहीं, परन्तु गणिकाएँ शिक्षित होने के कारण संस्कृत बोल सकती हैं ।

कीथ ने एक स्थान पर कालिदास के विषय में लिखा है "वस्तुतः यह एक विचित्र चमत्कार है कि एक विषय को एक ही निश्चित छन्द में ग्रथित करना कालि-

दास की एक अपनी ही विशिष्ट अभिरुचि प्रतीत होती है—भक्ति-रस के लिये 'श्लोक', मृत्यु का वर्णन 'वियोगिनी' में, तथा विनाश का 'उपजाति' में, और वर्षा, प्रवास, व्यथा का 'मन्दाक्रान्ता में'। परन्तु संस्कृत के अन्य कवियों में यह कौशल उपलभ्य नहीं।

लौकिक संस्कृत में दो प्रकार के छन्द होते हैं, एक 'वृत्त' और दूसरे 'मात्रा' छन्द। मात्रा छन्दों में लघु-गुरु की क्रमशः एक, और दो मात्राएँ गिनते हुए प्रत्येक चरण में केवल मात्राओं की संख्या पूर्ण करनी होती है। इसका प्रसिद्ध उदाहरण है 'आर्या'। गुरु-लघु-भेदे—

सानुस्वारश्च दीर्घश्च विसर्गी च गुरुर्भवेत्।
वर्णः संयोग-पूर्वश्च तथा पादान्तगो ऽपि च ॥

वृत्त छन्दों के लक्षण में प्राचीन आचार्य प्रायः लघु-गुरु की प्रगति अथवा क्रम को तीन-तीन 'अक्षरों' (*Syllables*) के निम्न गणों में विभाजित करते हैं—

आदि-मध्यावसानेषु य-र-ता यान्ति लाघवम्।
भ-ज-सा गौरवं यान्ति, म-नौ तु गुरु-लाघवम् ॥

अर्थात्				
	य⌣ — —	भ— ⌣ ⌣	म— — —	ग—
	र— ⌣ —	ज⌣ — ⌣	न⌣ ⌣ ⌣	ल⌣
	त— — ⌣	स⌣ ⌣ —		

इन्हीं परिभाषाओं के अनुसार अब हम नागानन्द का वृत्त परिचय उपस्थित करते हैं। छन्द के गान में कहाँ रुकना (यति) है, यह भी लक्षणान्तर्गत ही है। प्रत्येक लक्षण के नीचे गणनाङ्क अङ्कों और श्लोकों के दिये हैं।

१. शार्दूल-विक्रीडितम्—*19 Syllables* : म-स-ज-स-त-त-ग।

लक्षण—सूर्याश्वैर्मसजस्तताः सगुरवः शार्दूलविक्रीडितम्।

१. १,३,६,७,८,६,११,१५,१६,१८,२१
२. २,३,१०
३. ४,५,६,६
४. २,३,६,१०,२७
५. २,१४,१५,१८,१६,२१,३३,३७,४०

२. स्रग्धरा—*21 Syllables* : म-र-भ-न-य-य-य

लक्षण—म्रभ्नैर्यानां त्रयेण त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्तितेयम्।

१. २,१३
२. १३
३. ७,१५,१८

सचमुच नाटककार के समय में लोक-भाषा थी, और संस्कृत भी—चाहे उसका प्रयोग शिष्ट-मंडली तक ही सीमित रहा हो—स्थानीय आचार, शैली आदि द्वारा वैदर्भी, पाञ्चाली प्रभृति रीतियों, वृत्तियों में विभाजित होती थी, तो उस अवस्था में स्वभावतः हमें नाटकों का वर्गीकरण भिन्न-भिन्न प्रान्तीय शैलियों के प्रतिनिधि रूप में करना चाहिये। किन्तु खेद का विषय तो यह है कि (i) वैदर्भी, पाञ्चाली आदि प्राच्य, उदीच्य सभी प्रान्तीय रीतियों (विशेषताओं) को बाण सरीखे कवियों ने एक-शैली के रूप में ही इस सुन्दरता से स्वांगीकृत किया हुआ था कि इन शैलियों में 'स्थानिकता' कसौटी पर उतर ही न सकती थी (जिस प्रकार उन्नीसवीं शती के अन्त में भेद-शून्य, प्रान्तीयता-हीन व्रज/अवधी); (ii) वैदर्भी आदि के लक्षणों में प्राचीन आचार्यों ने कोमल तथा परुष ध्वनियों को ही आधार बनाया है, भाषा तथा जीवन के अन्य रीति-भूत अंगों को नहीं। प्राचीन साहित्य तथा कला को हम लोक-वस्तु तथा लोक-वाङ्मय मानते हैं, और क्योंकि प्रान्तीय रीति-शृङ्खला इतनी सुगमता से लुप्त नहीं हो जाया करती—भाषा तथा जीवन के इस प्रकार उपेक्षित अंगों के अनुसंधान द्वारा वैदर्भी, पाञ्चाली आदि रीतियों का पूर्णरूप अब भी उपस्थित किया जा सकता है।

नाटक-रचना के अङ्ग—

नाटक-रचना के अङ्गों में सब से मुख्य अंग कथावस्तु है। कथावस्तु काल्पनिक हो सकती है, इतिहास अथवा गाथाओं की कोई ख्यात-वृत्त कहानी भी हो सकती है संस्कृत परम्परा के अनुसार नाटक का उद्देश्य केवल मनोरञ्जन नहीं होता अपि तु रस की साधारणीकरण वृत्ति द्वारा लोकचरित्र का उदात्तीकरण ही होता है। संभवतः इसीलिये संस्कृत नाटकों में दुःखान्त रचनाएँ लिखने का निषेध है। दुःखद घटनाओं का प्रभाव दर्शक के हृदय पर स्थायी पड़ जाने से उसका जीवन 'एको रसः व्यथैव' से भर जाता है। कथा-प्रवाह में मानसिक घात-प्रतिघात द्वारा रोचकता लाने के लिये कथावस्तु को दृश्यों तथा अंकों की घटना-संगति में बाँध दिया जाता है।

नाटक में मुख्य रस एक ही होना चाहिये, शेष सब रस उसीको परिपुष्ट करने के लिये गौण रूप से अर्थात् संचारी भाव बमकर आ सकते हैं। यदि कथा-वस्तु में रस अन्तःपुर की शृंगार, ईर्ष्या आदि वृत्तियों का लाना अभिप्रेत हो तो ऐसे नाटक नाटक न कहला कर—*for ladies only!*—नाटिका कहलाएँगे। नाटिका में तीन या चार अङ्क होते हैं जब कि साधारणतया नाटक में पाँच से सात तक और प्रकरण में दस तक।

कथा के मुख्य पात्र नायक और नायिका होते हैं। नायक को कथा-वस्तु तथा

रस के अनुसार चार प्रकार का माना गया है—शृङ्गार में धीर ललित, शत्रु-प्रतिशोध में धीरोद्धत, लोकोत्तर चरित्र में धीरोदात्त तथा सुख-दुःख की समता में धीर-प्रशान्त। इसीके साथ नायिका के भेद—उत्तम, मध्यम तथा नीच—मुख्यतया नायिका की सामाजिक स्थिति पर आधारित, क्योंकि स्त्री का स्वाभाविक स्थान घर में होता है, अथवा संकेत-स्थान में, अन्यत्र नहीं—माने गए हैं।

नाटक का प्रवाह तथा घटना-चक्र की संगति इन्हीं दो पात्रों को केन्द्र मानकर प्रस्तुत होते हैं। अन्य पात्र यथा विदूषक, चेटी, दूती, आदि केवल नायक तथा नायिका की प्रणय-लीला के साधन बनकर ही आ सकते हैं, इनकी उपयोगिता और कुछ नहीं होती। कञ्चुकी तथा प्रतीहार भी इसी प्रकार राज-प्रासाद और अन्तः-पुर के द्वार पर इसलिये खड़े किये जाते हैं कि अन्दर हो रही गन्धर्व-लीला के रंग में भंग न पड़ जाए।

सूत्रधार तथा नटी, और कभी-कभी पारिपार्श्विक, नाटक की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हैं। और बात-चीत करते-करते किसी बहाने प्रस्तूयमान पात्र की भूमिका रचने के लिये विदा हो जाते हैं।

नाटक खेलने से पूर्व नट-मण्डली 'देव-द्विज-नृपादीनां' स्तुति करती है। उसको नान्दी कहते हैं। दक्षिणी नाटकों में कदाचित् नान्दी भी पूर्व रंग के ही अन्तर्गत थी और संभवतः इसीलिये भास के नाटकों की विशेषता, जो उसे कालिदास आदि उत्तर भारत के नाटक-कारों से विशिष्ट करती है, उनकी 'सूत्रधारकृतारम्भता' है। परन्तु नाटक में नान्दी का उपयोग संपूर्ण कथा-वस्तु का ध्वनि रूप में पूर्वाभास दे देने में है। कवि की मौलिकता व्यञ्जना में होती है, और यही उसका अवसर होता है।

नान्दी के अनन्तर सूत्रधार रंग-मञ्च पर उतरता है और अभिनेतव्य नाटक का प्रस्ताव उपस्थित करते हुए लोक-रञ्जनार्थ ज्योंही गीत, नृत्य आदि के लिये वह अपनी सहयोगिनी नटी को बुलाता है, त्यों ही लो, उधर से कोई मुख्य पात्र अथवा मुख्य घटना नेपथ्य से शब्द आदि द्वारा दृश्य परिवर्तन कर देती है। दृश्य परिवर्तन का यह साधन आमुख अथवा प्रस्तावना कहलाता है, इसी से नाटक के प्रथम दृश्य पर परदा उठता है।

नाटक के प्रथम दृश्य को प्रवेशक कहते हैं। इसमें कभी-कभी नायक तथा नायक का कोई साथी, प्रायः कुछ एक गौण पात्र यूहीं बात-चीत करते-करते नायक अथवा नायिका की किसी घटना का संकेत दे जाते हैं और इस प्रकार दर्शकों के संमुख रंगमञ्च पर 'अप्रस्तुत घटनांश' की संगति संपूर्ण घटना क्रम से बँध जाती है। दो अङ्कों के बीच में इसी युक्ति के अवलम्बन को विष्कम्भक कहते हैं, जिसमें केवल नीच, केवल मध्यम अथवा केवज उत्तम पात्र भी आ सकते हैं, या मिलेजुले भी।

समाज शौरसेनी प्राकृत बोलता है, जब कि नीच जाति का व्यवहार-माध्यम मागधी अथवा अर्धमागधी होता है। परन्तु भगवान् बुद्ध ने धर्म-चक्र-प्रवर्तन के लिये इसी नीच भाषा को ही अपनाया था।

३. शौरसेनी तथा मागधी के अतिरिक्त संगीत के लिये माहाराष्ट्री प्राकृत को ही श्रेष्ठ कहा गया है। संगीत में मुख्य अंग आलाप होता हैं, और आलाप के लिये व्यञ्जनों की उतनी आवश्यकता नहीं होती जितनी स्वरों की।

(ख) १. मागधी, शौरसेनी, गुर्जरी, पाञ्चाली, आदि को देश-भेद के अनुसार अवस्थापित करते हुए कुछ अन्य भाषा-शास्त्रियों ने इन प्राकृतों के क्षेत्र सीमित करते हुए प्राकृतों के विकास द्वारा अपभ्रंश का विकास तथा अपभ्रंशों के विकास द्वारा आधुनिक प्रान्तीय भाषाओं के विकास की युक्ति उपस्थित की है। जिन संस्कृत कवियों के काल के विषय में हमें कुछ ज्ञात नहीं, उनके विषय में प्राकृत-विकास की ऐतिहासिक युक्ति ही एकमात्र प्रमाण ठहरती है। इसके अनुसार भास, कालिदास, शूद्रक, अश्वघोष, हर्ष, भवभूति संस्कृत नाट्य-परम्परा में कुछ निश्चित सोपान हैं।

२. प्रायः सभी प्राकृतों का प्रयोग शूद्रक के मृच्छकटिक में हुआ है। पाश्चात्य विद्वानों का विचार है कि इन प्राकृतों का कलापूर्ण उपयोग नाटककार ने भरत नाट्य शास्त्र आदि में परिगणित प्राकृतों के (हेमचन्द्र व्याकरण के) आधार पर किया है। परन्तु प्रश्न यह उठता है कि यही कलापूर्णता भास, कालिदास, तया भवभूति क्यों नहीं दिखा सके ? हमारे विचार के अनुसार नाट्य-शास्त्रादि के लिये मृच्छकटिक की ही साक्षी पर्याप्त थी। मृच्छकटिक की रचना ईसा से पूर्व शताब्दियों में हुई।

३. ग्रियर्सन आदि ने परम्परानुसार प्राकृत, अपभ्रंश तथा 'खड़ी' बोलियों के विकास की शृङ्खला बाँधते हुए शौरसेनी को 'अन्तर्देशीय' तथा बंगाल, उड़ीसा, आसामी, राजस्थानी, गुजराती, माहाराष्ट्री, सिन्धी आदि को 'बहिर्देशीय' स्थापित किया है। शौरसेनी कभी प्राचीनकाल की मौलिक भाषा थी, पश्चिमी हिन्दी शौरसेनी का आधुनिक रूपान्तर है। पाञ्चाली आदि भाषाएँ मूलतः (i) या तो अन्त- र्देशीय थीं और धीरे-धीरे बहिर्देशीय पड़ोसिन के प्रभाव से वे बहिर्मुख होती गईं, या फिर— (ii) वे बहिर्देशीय से उसी प्रकार अन्तर्देशीय बन गईं।

४. पंजाबी इसी प्रकार की द्विमुखी भाषा है, जो थी तो शौरसेनी परिवार की, किन्तु विवाहानन्तर एक कुमारी की भाँति वह सिन्धी घराने की बहू बन गई। *Cf.*—मुलतानी दाह तथा वीह (बहिर्देशीय) *vs.* दस तथा वीह (पंजाबी)। 'प्राकृतों' में पंजाबी की एक और विशिष्टता यह है, जो संभवतः अन्य प्रान्तीय-भाषाओं में अनुपलभ्य है, कि पंजाबी में स्वर (*accent*) आज भी प्राकृत का है, जब कि हिन्दी में अपभ्रंश का स्वर है। *Cf.*—संझा (पंजाबी) *vs.* साँझ (हिन्दी)। पंजाबी में ही

कुछ ऐसे प्रयोग अभी तक अवशिष्ट हैं जो किसी भी प्राकृत में नहीं मिलते, यथा वैदिक 'यह्वीः' तथा आत्मनेपद 'जासु' (गच्छस्व)।

(ग) हर्ष की प्राकृत न केवल शास्त्र के नियमों का अन्धा अनुकरणमात्र है (वह बोल-चाल की भाषा तो है ही नहीं), अपि च वह समास-बहुल तथा क्लिष्ट है। परन्तु भवभूति ने नाटककारों में हर्ष का ही अनुकरण किया है। दोनों की प्राकृत संस्कृत की अपेक्षा अधिक अस्वाभाविक है, क्योंकि संभवतः पहले इन नाटककारों ने संस्कृत संवाद लिखे होंगे और तदनन्तर व्याकरण के नियम लगाते हुए उनका प्राकृत रूपान्तर कर दिया होगा।

(घ) संस्कृत तथा प्राकृत में मुख्य अन्तर निम्न हैं—

१. प्राकृत में द्विवचन, नपुंसक लिङ्ग, आत्मनेपद सर्वथा लुप्त हैं। नाम-रूपों में कुछ कारक-विभक्तियों के भेदक-चिह्न ही नहीं रहे। धातुरूपों में आशीर्लिङ्, लुङ्, लृङ् आदि प्रयुक्त नहीं होते, सारा काम लट्, लङ्, लोट् और लृट् से ही चला लिया जाता है। शब्दों तथा धातुओं के रूप बनाने के लिये राम तथा भवति के अकारान्त पुंलिङ्ग तथा शप्-विकरण को आदर्श मान लिया गया है।

२. उच्चारण सौकर्य के कारण श् ष् स्—इस तीनों का 'स्' ही हो जाता है। पाँचों अनुनासिक संयुक्ताक्षरों में अनुस्वार मात्र ही रह जाते हैं। दन्त्य 'न्' मूर्धन्य 'ण' बन बाता है। भाषा-वैज्ञानिकों का कहना है कि संपूर्ण मूर्धन्य वर्ग इसी प्राकृत 'नियम' (मूर्धन्यी-करण) की देन है। स्वरों के मध्य-वर्ती स्पर्श व्यञ्जनों में मुख्य प्रवृत्ति संवृत से विवृत होने की ओर है। क→ ग→अ; थ→ध→ह, यथा— भगवती→भगवदी→भअवदी→भअवई। इन अवशिष्ट स्वरों में सन्धि नहीं होती, *Cf*. वैदिक 'तितउ' 'प्रउग'। दूसरा मुख्य नियम 'दो-मात्रा' का है, जिसके अनुसार प्राकृत शब्दों का कोई भी स्वर मात्रा की दृष्टि से दो मात्राओं से अधिक नहीं जा सकता अर्थात् भक्त→भत्त←भात। 'कार्त्स्न्यम्' जैसे संयुक्त व्यञ्जन-समुदाय प्राकृत में असंभव हैं।

३. प्राकृत-युग में स्वर-व्यत्यय तथा अवशिष्ट-स्वर सन्धिश्र संभव थी। किन्तु अपभ्रंश में 'गृह' का 'घरु' तथा 'भअवइ' का 'भावी' बन गया! संभवतः अपभ्रंश काल में ही स्वर (*accent, not vowel*) के स्थानान्तरण से ही 'सन्ध्या' का 'साँझ्' बन गया है। इस प्रवृत्ति से, जैसा कि हम ऊपर दर्शा आए हैं, संभवतः केवल पंजाबी ही मुक्त रही। ग्रियरसन के अनुसार भारत की आधुनिक बहिर्देशीय भाषाएँ संश्लोषात्मक हैं और अन्तर्देशीय हिन्दी विश्लेषात्मक है। परन्तु वस्तु-स्थित्या पंजाबी आदि भी विश्लेषण की अवस्था लाँघकर पुनः अगले संश्लेषण-पग (ओस [ने] मारेआ) पर आरूढ हैं। संभवतः इन भाषाओं की विशेषता यह है कि ये अपभ्रंश

४. १५,१८,२२,२५,२८

५. ६,२२,२५,२८,३२,३६,३६

३. आर्या (= *Pkt.* गाथा)—चार पादों में क्रमश १२,१८,१२,१५ मात्राएँ।
लक्षण—यस्याः पादे प्रथमे द्वादश मात्रास्तथा तृतीये ऽपि।
अष्टादश द्वितीये चतुर्थके पञ्चदश सार्या॥
पढमं बारहिं मत्ता बीए अट्ठारहेहिं संजुत्ता।
जह पढमं तह तीयं दहपंच बिहूसिआ गाहा॥

१. ४,१४,१६

२. १,४,५,८,१४

३. १,२,३,१०,१४,१७

४. ४,१२,१६,२३,२४

५. १,४,२०,३५,४१

४. अनुष्टुभ्—*8 Syllables in a quarter*—
लक्षण—पञ्चमं लघु सर्वत्र सप्तमं द्विचतुर्थयोः।
षष्ठं गुरु विजानीयात् शेषेष्वनियमो मतः॥

१. ५, १०,२०

२. ७,६,१२

३. ११,१२

४. ७,८,११,१६,१७,२०,२१,२६

५. ६,१०,११,१२,१७,२४,२६,२६,३४

५. मालिनी—*15 Syllables in a quarter*—न-न-म-य-य
लक्षण—ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः।

१. १२

२. ११

६. द्रुतविलम्बितम्—*12 Syllables in a quarter*—न-भ-भ-र
लक्षण—द्रुतविलम्बितमाह नभौ भरौ।

१. १७

७. हरिणी—*17 Syllables in quarter*—न-स-म-र-स-ल-ग
लक्षण—नसमरसला गः षड्वेदैर्हयैर्हरिणी मता।

२. ६

३. १३

८. शिखरिणी—*17 Syllables in a quarter*—य-म-न-स-भ-ल-ग
लक्षण—रसै रुद्रैश्छिन्ना यमनसभला गः शिखरिणी ।

३. ८

५. २७.३१

९. वसन्ततिलका—*14 Syllables in a quarter*—त-भ-ज-ज-ग-ग
लक्षण—उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौ गः ।

३. १६

४. ५

५. ३,५,७,१३,३०,३८

१०. उपजाति—*11 Syllables in a quarter*—त/ज-त-ज-ग-ग (*See* इन्द्रवज्रा *and* उपेन्द्रवज्रा *following*).

लक्षण—अनन्तरोदीरितलक्ष्मभाजौ पादौ यदीयावुपजातयस्ताः ।

४. १,१३,१४,२६

५. १६,२३

११. इन्द्रवज्रा—*11 Syllables in a quarter*—त-त-ज-ग-ग
लक्षण—स्यादिन्द्र-वज्रा ततजास्ततो गौ ।

(*Cf.* उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ)

४. ६

१२. शालिनी—*11 Syllables in quarter*—म-त-त-ग-ग
लक्षण—मात्तौ गौ चेत् शालिनी वेद-लोकैः ।

५. ८

नाटकों में प्राकृत—

(क) १. साहित्यदर्पणादि ग्रथों में पात्रों की शिक्षा-सभ्यता के अनुसार उनकी भाषा में भी भेद रखा गया है । शिक्षित वर्ग की भाषा संस्कृत है तथा अशिक्षितों की प्राकृत । इससे प्रतीत होता है कि कम-से-कम नाटक-विकास के युग में भारतीय स्त्रियाँ अशिक्षित ही समझी जाती थीं । सीता, अरुन्धती, सावित्री, आदि आदर्श भारतीय नारियाँ संस्कृत की अधिकारिणी नहीं समझी गईं । इसके विपरीत वेश्याएँ प्रायः साधारण जन-समाज से भी अधिक सुशिक्षित थीं । कालिदास ने कुमार-संभव (७. ९०) में विवाहानन्तर सरस्वती द्वारा पार्वती की स्तुति भी प्राकृत में कराई है ।

२. अशिक्षितों में प्रायः दो वर्ग तो निश्चित ही हैं । साधारण अशिक्षि

के माध्यम से न आकर सीधी प्राकृत से ही प्रसूत हुई हैं।

यदि हर्ष ने सचमुच बोलचाल की प्राकृत को अपने नाटकों में प्रयुक्त किया होता, तो उसमें (स्मरण रहे हर्ष थानेसर का वासी था) यही पंजाबी पुट आ जाती। परन्तु यह 'पंजाबीपना हर्षनाटकों की, संस्कृत में अधिक " !

पात्र-परिचयः

(पुरुषाः)

१. सूत्रधारः—नाटक का प्रवर्तक
२. जीमूतवाहनः—नायक, जीमूतकेतु का पुत्र, राजकुमार
३. आत्रेयः—विदूषक, नायक का ब्राह्मण मित्र
४. शाण्डिल्यः—तापस
५. मित्रावसुः—महाराज विश्वावसु का पुत्र, मलयवती का भाई
६. शेखरकः—विट
७. चेटः—शेखरक का भृत्य
८. काञ्चुकीयः—अन्तःपुर का संरक्षक
९. राजपुरुषः—वासुकि का कर्मचारी
१०. गरुडः—विनता का पुत्र, नागों का शत्रु
११. शङ्खचूडः—एक नाग
१२. जीमूतकेतुः—जीमूतवाहन का पिता
१३. सुनन्दः—विश्वावसु के घर का सेवक

(स्त्रियः)

१. नटी—सूत्रधार की पत्नी
२. मलयवती—नायिका, विश्ववसु की पुत्री, राजकुमारी
३. नवमालिका—विट की प्रेयसी
४. चतुरिका—मलयवती की चेटी
५. मनोहारिका—मलयवती की चेटी
६. वृद्धा—शङ्खचूड की माता
७. देवी—जीमूतवाहन की माता
८. गौरी—भगवती हिमालयपुत्री

नागानन्दम्

श्रीहर्षदेवप्रणीतं

नागानन्दम्

प्रथमो ऽङ्कः

ध्यानव्याजमुपेत्य चिन्तयसि काम् ? उन्मील्य चक्षुः क्षणं
पश्यानङ्गशरातुरं जनमिमं ! त्रातापि नो रक्षसि !
मिथ्याकारुणिको ऽसि ! निर्घृणतरस्त्वत्तः कुतो ऽन्यः पुमान् ?
सेर्ष्यं मारवधूभिरित्यभिहितो बोधौ जिनः पातु वः ॥१॥

अपि च—

कामेनाकृष्य चापं, हतपटुपटहावल्गिभिर्मारवीरैर्,
भ्रूभङ्गोत्कम्पजृम्भास्मितललितवता दिव्यनारीजनेन ।
सिद्धैः प्रह्वोत्तमाङ्गैः पुलकितवपुषा, विस्मयाद् वासवेन,
ध्यायन् बोधेरवाप्तावचलित इति वः पातु दृष्टो मुनीन्द्रः ॥२॥

(नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः)

FIRST ACT

"Under the semblence of meditation, of what sweetheart art thou dreaming, my dear ?" "Just open thine eyes and see how mortally smitten with love I am !" "What a Saviour, if thou canst not save me !" "In vain do they call thee Compassionate !" "Who could be more heartless than thou ?"—teased thus by the sirens of Kama in the hour of his Enlightenment, may the Lord Victorious (i. e. Buddha) protect you all. (*1*)

And—

Though marked by Kama as a target of his drawn bow and

श्रीहर्ष देव रचित

नागानन्द

पहला अङ्क

"अजी, समाधि के मिस किस प्रेयसी का ध्यान कर रहे हो ?" "तनिक आँख खोलकर तो देखो कि कामदेव के बाणों ने मेरी क्या दुर्दशा कर दी है !" "अच्छे रक्षक बने हो कि हमारी सुध ही नहीं लेते !" "झूठमूठ के दयालु बने बैठे हो !" "तुमसा निर्दयी जन और होगा कौन ?'—बोध की अवस्था में जिस भगवान् जिन (बुद्ध) को कामदेव की (पाँच) दूतियों ने इस प्रकार के उपालम्भ दिये, वही समाधि-लीन भगवान् तुम्हारी रक्षा करे। (१)

और भी—

जिसे बोध की अवस्था में ध्यान-मग्न देखकर कामदेव का धनुष खिंचा का खिंचा रह गया, उसके वीर योधा नगाड़े पीटते और नाचते रह गए तथा दिव्याङ्गनाएँ आँखें नचातीं, जम्भाइयाँ लेतीं और मुस्काराती रह गईं और तिसपर भी उसे अविचलित देखकर सिद्ध-महात्माओं के सिर आदर-भाव से झुक गए और उन्हें रोमाञ्च हो आया तथा स्वयं इन्द्र भी आश्चर्य-चकित रह गया—वह मुनीन्द्र (भगवान् बुद्ध) तुम्हारी रक्षा करे। (२)

(नान्दी के अनन्तर सूत्रधार का प्रवेश)

---

regarded (viciously) by his warriors with the beat of drums and jubilant dance, and ogled by heavenly damsels with tremulous leers, parted (luscious) lips and bewitching smiles, who remained unruffled in his meditation in the hour of his Enlightenment, and who was, therefore, looked at by the Siddhas with heads bowed and bodies athrill and gazed at by Indra with amazement—may that Lord of Sages protect you all. (2)

[*At the end of the Invocation enter* STAGE-MANAGER]

सूत्रधारः—अद्याहमिन्द्रोत्सवे सबहुमानमाहूय नानादिग्देशागतेन राज्ञः श्रीहर्षदेवस्य पादपद्मोपजीविना राजसमूहेनोक्तः, "यत् तदस्मत्स्वामिना श्रीहर्षदेवेनापूर्ववस्तुरचनालंकृतं विद्याधरजातकप्रतिबद्धं नागानन्दं नाम नाटकं कृतमित्यस्माभिः श्रोत्रपरम्परया श्रुतं, न च प्रयोगतो दृष्टम्। तत्तस्यैव राज्ञो बहुमानादस्मासु चानुग्रहबुद्ध्या यथावत् प्रयोगेणाद्य त्वया नाटयितव्यम्" इति। तद् यावदिदानीं नेपथ्यरचनां कृत्वा यथाभिलषितं संपादयामि। (परिक्रम्यावलोक्य च) आवर्जितानि च सामाजिकजनमनांसीति मे निश्चयः। कुतः,—

श्रीहर्षो निपुणः कविः, परिषदप्येषा गुणग्राहिणी,
लोके हारि च बोधिसत्त्वचरितं, नाट्ये च दक्षा वयम्।
वस्त्वेकैकमपीह वाञ्छितफलप्राप्तेः पदं किं पुनर्
मद्भाग्योपचयादयं समुदितः सर्वो गुणानां गणः ॥३॥

तद् यावद् गृहिणीमाहूय सङ्गीतकमनुतिष्ठामि।

(परिक्रम्य नेपथ्याभिमुखमवलोक्य)

द्विजपरिजनबन्धुहिते मद्भवनतटाकहंसि मृदुशीले।
परपुरुषचन्द्रकमलिन्यार्ये, कार्यादितस्तावत् ॥४॥

Stage-manager—Today at the Indra festival I was very respectfully summoned by the assemblage of Kings come from various regions as vassals at the lotus-feet of His Majesty King Harsha, and was thus addressed, "We have heard it from current rumours that our lord, His Majesty King Harsha, has written a play called *Nagananda*, based on the (story of) Vidyadhara Jataka and adorned with an original arrangement of the plot; but we have not seen it produced. So, out of high respect for the king himself and with the idea of obliging us also, you should have it staged in appropriate style." Accordingly, after arranging the costumes, I shall proceed to fulfil their desire. (*Walking around and looking*) I believe the minds of the audience are all agog. For,—

Sri Harsha is the master of his muse, this assemblage is appreciative of merit, the stories of Bodhisattva do catch the popular fancy, and we are expert in the art of acting. Any of these facts is enough for producing the desired effect, but how much more so does this whole set of excellences when combined through my abundant good fortune! (3)

सूत्रधार—आज, इन्द्रोत्सव में देश-देशान्तर से आए हुए श्रीहर्षदेव महाराज के चरणकमलानुदास राजाओं ने बड़े आदर-पूर्वक बुलाकर मुझसे कहा है—"भाई, कानों-कान तो हमने सुन लिया कि हमारे महाराज श्री हर्षदेव ने (बोधिसत्त्व की जन्म-कथाओं में से) अद्भुत कथानक से सुशोभित विद्याधर-जातक को नागानन्द नाम के एक नाटक के रूप में लिखा है, किन्तु उसे हमने अभी तक अभिनयार्पित हुआ नहीं देखा। सो, महाराज के प्रति आदरभाव के निमित्त तथा हमें अनुगृहीत करने के लिये नागानन्द का समुचित अभिनय उपस्थित करो।" (मुझे भी यह बात जँचती है) तदनुसार मैं वेश-भूषा आदि का प्रबन्ध करके उनकी इच्छा पूर्ण करता हूँ। (घूमकर इधर-उधर देखकर) मुझे तो विश्वास है कि दर्शकों के हृदय को हमारी प्रस्तुत योजना ने पहले ही से मोह लिया है, क्योंकि,—

श्रीहर्ष स्वयं एक सिद्ध-हस्त कवि हैं, तिसपर दर्शक-वृन्द की गुण-ग्राहिता (मानो सोने पर सुहागा है) ! बोधिसत्त्व की पूर्व-जन्म कथाएँ विश्वभर में मोहक सिद्ध हो चुकी हैं ! नाटक की प्रयोग कला में हमारी नाट्य-मण्डली को (अपनी ही) निपुणता प्राप्त है । अभीष्ट फल की प्राप्ति के लिये इनमें से एक-एक वस्तु भी पर्याप्त है, और जब हमारे सौभाग्य से ये सब विभूतियाँ एकत्र उपलभ्य हों तब तो कहना ही क्या ! (३)

तो, अच्छा अपनी सहचरी को बुलाकर कुछ सँगीत आदि का आयोजन करता हूँ।

(घूमकर, नेपथ्य-भूमि की ओर देखते हुए)

प्रिये, ब्राह्मणों, नौकर-चाकरों और बन्धुजनों के हित में तू कितनी संलग्न है ! मेरे घर-रूपी सरोवर में तू हंसी के समान शोभा देती है । और पराए पुरुषों के सामने आने से तू ऐसे झिझकती है जैसे (दिनकी) कमलिनी चन्द्रमा के दर्शन से । अस्तु, अब तनिक इधर आओ, कुछ काम आ पड़ा है । (४)

I shall, therefore, call my wife and arrange for the (preliminary) concert.

[*Turning and looking toward the tiring room*]

My lady, thou art amiable to all—priests, attendants, and kinsmen alike, thou art the enlivening spirit of my house as the swan is that of a lake, thou art sweet of disposition and becomest modest in the presence of strangers as doth the lotus droop at the appearance of the moon. Pray, just come hither. I have something on hand. (4)

नटी—(प्रविश्य, सास्रम्) अज्ज, इयह्मि मन्दभग्गा । आणवेदु अज्जउत्तो को णिओओ अणचिट्ठीअदु त्ति ।

(प्रविश्य, सास्रम्) आर्य, इयमस्मि मन्दभाग्या । आज्ञापयत्वार्यपुत्रः को नियोगो ऽनुष्ठीयतामिति ।

सूत्रधारः—(नटीमवलोक्य) आर्ये, नागानन्दे नाटयितव्ये किमिदमकारणमेव रुद्यते ?

नटी—अज्ज, कधं ण रोइस्सं ? जदा तादो अज्जुआ अ थविरभावजादणिव्वेदाओ कुडुम्बभारुव्वहणजोग्गो दाणिं तुमं त्ति हिअए आरोविअ तवोवणं गदाओ ।

आर्य, कथं न रोदिष्यामि ? यदा तातो ऽज्जुका च स्थविरभावजातनिर्वेदौ कुटुम्बभारोद्वहनयोग्य इदानीं त्वमिति हृदय आरोप्य तपोवनं गतौ ।

सूत्रधारः—(सनिर्वेदम्) कथं मामपि परित्यज्य वनं प्रयातौ पितरौ ? तत् किमिदानीं युज्यते ? (विचिन्त्य) अथवा, कथमहं गुरुचरणपरिचर्यासुखं परित्यज्य गृहे तिष्ठामि ? कुतः,—

पित्रोर्विधातुं शुश्रूषां त्यक्त्वैश्वर्यं क्रमागतम् ।
वनं याम्यहमप्येष यथा जीमूतवाहनः ॥५॥

(निष्क्रान्तौ)

[आमुखम्]

(ततः प्रविशति जीमूतवाहनो विदूषकश्च)

जीमूतवाहनः—(सनिर्वेदम्) वयस्य आत्रेय,—

रागस्यास्पदमित्यवैमि न हि मे ध्वंसीति न प्रत्ययः
कृत्याकृत्यविचारणासु विमुखं को वा न वेत्ति क्षितौ ।
एवं निन्द्यमपीदमिन्द्रियवशं प्रीत्यै भवेद् यौवनं
भक्त्या याति यदीत्थमेव पितरौ शुश्रूषमाणस्य मे ॥६॥

Actress—(*Entering, in tears*) My lord, here I am, a wretched being. Let my lord give the orders that should be carried out.

Stage-manager—(*Observing the* Actress) Lady, while Nagananda is going to be staged here, why do you start weeping for nothing ?

Actress—My lord, why shouldn't I—when I see that revered father-and-mother-in-law, growing indifferent to worldly affairs on account of their old age, have retired to the penance-grove, considering in their mind that you are quite fit to bear the burden of the family.

नटी--(प्रवेश कर, आँसूभरे) जी, आ गई मैं अभागिन। आज्ञा दें, क्या करना है।

सूत्रधार--(नटी को देखकर) देवि, इधर हम तो नागानन्द का नाटक खेलने की सोच रहे हैं और उधर तुम अकारण रो रही हो।

नटी--क्यों न रोऊँ, जी? जब कि सासु और सुसर जी दोनों वृद्धावस्था के कारण संसार से विरक्त होकर और यह समझकर कि आप गृहस्थ का भार उठाने के सर्वथा योग्य हैं वान-प्रस्थी बन गए हैं।

सूत्रधार--अच्छा! तो मुझे भी छोड़कर मात-पिता ने जंगल की राह ले ली? तो अब क्या किया जाए? (सोचते हुए) या फिर मैं ही क्यों गुरु-जनों की सेवा-शुश्रूषा के आनन्द से वञ्चित हो यूँही घर में पड़ा रहूँ? क्योंकि,—

माता-पिता की परिचर्या निमित्त वंश-परम्परागत संपत्ति-वैभव को तिलाञ्जलि देकर, लो, मैं भी इस जीमूतवाहन की भाँति वन को प्रस्थान करता हूँ। (५)

(दोनों का निष्क्रमण)

[प्रस्तावना का अन्त]

(जीमूतवाहन और विदूषक का प्रवेश)

जीमूतवाहन—(दुःख से) मित्र आत्रेय,—

मैं जानता हूँ कि युवा अवस्था विषय-वासना का घर है, मैं इससे भी अनभिज्ञ नहीं कि यौवन शीघ्र ही नष्ट हो जाता है। संसार में कौन नहीं जानता कि भले-बुरे (अथवा कर्तव्य-अकर्तव्य) के विचारने का उचित समय युवास्था नहीं। परन्तु इन्द्रियों के अधीन होने के कारण इतना दोष-युक्त होते हुए भी यह यौवन काल मेरे सन्तोष का कारण बन सकता है यदि यह इसी प्रकार भक्ति-पूर्वक माता-पिता की सेवा में कट जाए। (६)

Stage-manager—What! Have my parents retired to the forest, leaving me behind? What am I to do now? (*Reflecting*) Or, how can I deprive myself of the pleasure of attending at the feet of my elders and stay here at home? For,—

Spurning the comforts of a hereditary fortune, I shall also leave for the forest in order to serve my parents and follow the example of this Jimutavahana. (5)

[*Exeunt both*]

END OF PRELUDE

[*Enter* JIMUTAVAHANA *and the* JESTER]

Jimutavahana—(*Dejectedly*) Friend Atreya,—

I know that youth is the season of rising passion; I am also not unaware of its transience. Who on earth does not know that it flouts all discretion between right and wrong? Be it ever so reprehensible because of passion's sway, it can still contribute to my happiness if I pass it in serving my parents with the same devotion as ever. (6)

विदूषक—(सरोषम्) भो वअस्स, ण णिव्विण्णो एव तुमं एत्तिअं काल एदाणं जीवन्तमुआणं वुड्ढाणं किदे ईदिसं वणवासदुक्खं अणुहवन्तो ? ता पसीद, दाणिं पि दाव गुरुजणसुस्सूसानिब्बन्धादो निव्वत्तिअ इच्छापरिभोअरमणिज्जं रज्जसोक्खं अणुहवीअदु ।

(सरोषम्) भो वयस्य, न निर्विण्ण एव त्वमेतावन्तं कालमेतयोर्जीवन्मृतयोर्वृद्धयोः कृत ईदृशं वनवासदुःखमनुभवन् ? तत् प्रसीद, इदानीमपि तावद् गुरुजनशुश्रूषानिर्बन्धान्निवृत्येच्छापरिभोगरमणीयं राज्यसौख्यमनुभूयताम् ।

जीमूतवाहनः—सख, न सम्यगभिहितं त्वया । कुतः,—

तिष्ठन् भाति पितुः पुरो भुवि यथा सिंहासने किं तथा
किं संवाहयतः सुखानि चरणौ तातस्य किं राजकम् ।
किं भुक्ते भुवनत्रये धृतिरसौ भुक्तोज्झिते या गुरोर्
आयासः खलु राज्यमुज्झितगुरोस्तेनास्ति कश्चिद् गुणः ॥७॥

विदूषकः—(आत्मगतम्) अहो, से गुरुजणसुस्सूसाणुराओ ! (विचिन्त्य) भोदु, एवं दाव भणिस्सं । (प्रकाशम्) भो वअस्स, ण क्खु अहं केवलं रज्जसोक्खं उद्दिसिअ एव्वं भणामि, अण्णं पि दे करणिज्जं अत्थि ज्जेव्व ।

(आत्मगतम्) अहो, अस्य गुरुजनशुश्रूषानुरागः ! (विचिन्त्य) भवतु, एवं तावद्भणिष्यामि । (प्रकाशम्) भो वयस्य, न खल्वहं केवलं राज्यसौख्यमुद्दिश्यैवं भणामि, अन्यदपि ते करणीयमस्त्येव ।

जीमूतवाहनः—वयस्य, ननु कृतमेव करणीयम् । पश्य,—

Jester—(*Indignantly*) My dear friend, have you not grown sick of enduring so long the hardships of life spent in the forest for the sake of these two (wasted) old people who are more dead than alive ? Should it please you to have my advice, it is time you desisted from your resolve of attending on your parents and enjoyed the luxuries of the King's life which is so alluring on account of affording surfeit of all desires.

Jimutavahana—You are not right, my friend. For,—

The majesty a man acquires by sitting on the ground waiting

विदूषक—(रोष-पूर्वक) मित्र, इतने दिनों से इन बूढ़ों के कारण, जो जीते भी मरों के समान हैं, तू इस प्रकार वनवास के कष्टों को झेलता हुआ आज तक तनिक भी खिन्न नहीं हुआ ? तू मेरी मान और अब भी गुरु-जनों की शुश्रूषा के इस व्यर्थ के आग्रह से निवृत्त होकर अपनी इच्छा अनुसार सुखोपभोग करता हुआ अपने राज्य का अनन्द लूट ।

जीमूतवाहन—भाई, तेरी बात मुझे नहीं जँचती । क्योंकि,—

पिता के संमुख धरती पर बैठे हुए पुत्र की जो शोभा बन आती है, क्या वह सिंहासन पर बैठे आ सकती है ? माता-पिता के चरणों को दबाते हुए जो (स्वर्गिक) आनन्द स्वतः उपलब्ध होता है क्या वह राज-समूह पर अनुशासन से मिल सकता है ? क्या त्रिभुवन का राज्य उपभोग करने पर भी वह सन्तोष मनुष्य को कभी मिल सकता है जो माता-पिता को भोजन खिलाकर उनके भुक्त-शेष से प्राप्त होता है ? और, माता-पिता की सेवा से वंचित होकर तो राज्य केवल एक क्लेश ही बन जाता है । ऐसे राज्य से भला क्या लाभ ? (७)

विदूषक—(मन ही मन) अहो, गुरु-जनों की सेवा-सुश्रूषा म इसकी आसक्ति आश्चर्य-जनक है ! (विचारकर) अस्तु, तो मैं इसे इस प्रकार कहता हूँ । (प्रकट में) भई, मैंने केवलमात्र राज्योपभोग को ही लक्ष्य में रखकर यह बात नहीं कही थी । और कई काम भी तो तुम्हारे करने के हैं ।

जीमूतवाहन—भई, मैंने तो जो कुछ करना था, कर चुका । देख,—

---

upon his parent—can it ever be his whilst he sits on the throne? The pleasure a man finds in shampooing the feet of his parent—can it ever be his whilst he rules over feudatory chiefs? The satisfaction a man gets by partaking of what is left after feeding his parent—can it ever be his whilst he enjoys the lordship of the three worlds? Even Kingship, I daresay, is a curse for him who neglects his parent. What is there then to commend it? (7)

Jester—(*Aside*) O, what an obsession has this service of parents become with him! (*Reflecting*) Well, I shall then say this: (*Aloud*) "My friend, I did not simply mean to refer to the life of royal luxuries in what I said. There are other things, too, which are to be done by you."

Jimutavahana—My friend, I have indeed finished with all I had to do. Look,—

न्याय्ये वर्त्मनि योजिताः प्रकृतयः सन्तः सुखं स्थापिता
नीतो बन्धुजनस्तथात्मसमतां राज्ये ऽपि रक्षा कृता।
दत्तो दत्तमनोरथाधिकफलः कल्पद्रुमो ऽप्यर्थिने
किं कर्तव्यमतः परं कथय वा यत् ते स्थितं चेतसि ॥८॥

विदूषकः—भो वअस्स, अच्चन्तसाहसिओ मदङ्गदेवहदओ दे पडिवक्खो। तस्सि अ समासण्णट्ठिदे पहाणामच्चसमहिट्ठिदं पि ण तुए विणा रज्जं सुत्थिदं त्ति मे पडिभादि।

भो वयस्य, अत्यन्तसाहसिको मतङ्गदेवहतकस्ते प्रतिपक्षः। तस्मिंश्च समासन्नस्थिते प्रधानामात्यसमधिष्ठितमपि न त्वया विना राज्यं सुस्थितमिति मे प्रतिभाति।

जीमूतवाहनः—किं मतङ्गो राज्यं ग्रहीष्यतीत्याशङ्कसे ?

विदूषकः—अध इं ?

अथ किम् ?

जीमूतवाहनः—यद्येवं ततः किम् ? स्वशरीरतः प्रभृति सर्वं परार्थमेव मया परिपाल्यते। यत् तु स्वयं न दीयते, तत् तातानुरोधात्। तत् किमनेनावस्तुना चिन्तितेन ? वरं ताताज्ञैवानुष्ठिता। आज्ञापितो ऽस्मि तातेन, यथा—"वत्स जीमूतवाहन, बहुदिवसपरिभोगेण दूरीकृतं समित्कुशकुसुमम्। उपभुक्तमूलफलकन्दनीवारप्रायमिदं स्थानं वर्तते। तदितो मलयपर्वतं गत्वा निवासयोग्यमाश्रमपदं निरूपय" इति। तद्यावन्मलयमेव गच्छावः।

विदूषकः—जं भवं आणवेदि। एदु भवं।

यद् भवानाज्ञापयति। एतु भवान्

(उभौ परिक्रामतः)

The officers have already been set on the path of righteousness. Good men are living in happiness now. Kinsmen have been raised to a footing equal to my own. Security has been established in the State. To the needy I have given away even the Kalpa tree which yields them more than they desire. What more remains to be done after this ? Or tell me, what you have in mind. (8)

Jester—You know, my friend, the desperate Dare-Devil, that Matangadeva, is your foe. He being your next-door neighbour, I am afraid your kingdom is insecure without you, however well-administered it may be under your Prime Minister.

Jimutavahana—Do your apprehend that Matanga will annex my kingdom ?

Jester—Certainly.

Jimutavahana—Even if he does, what matters ? I hold

राजाधिकारियों को धर्म-मार्ग पर प्रवृत्त कर चुका हूँ। साधु-जनों के सुख की भी व्यवस्था कर दी गई है। सगे-संबन्धियों को अपने समान अधिकार दे दिये हैं। राज्य की रक्षा का प्रबन्ध भी पूरा-पूरा हो लिया। मुँह-माँगे से भी अधिक फल देने वाला कल्प-वृक्ष भी याचकों को दे दिया है। इसके अनन्तर अब करना ही क्या शेष रह गया? जो तेरे मन में हो, मुझे बता। (८)

विदूषक—हाँ, पर मित्र, मतङ्गदेव जैसा दुष्ट साहसी वीर तेरा शत्रु है। उसका राज्य यहीं निकट है। सो भले ही तूने राज्य-व्यवस्था का भार अपने प्रधान मंत्री को सौंप दिया है, पर मेरी दृष्टि में तेरे बिना राज्य सुरक्षित नहीं।

जीमूतवाहन—तो तुझे डर है कि मतङ्ग मेरा राज्य हड़प लेगा?

विदूषक—और क्या?

जीमूतवाहन—मान लो, यदि हड़प ही ले तो भी क्या हुआ? मैंने तो अपना सब कुछ, अपना शरीर तक परोपकार के लिये धरोहर समझ रखा है। और जो मैंने अभी तक अपने-आप ही इस (राज्य) को नहीं दे डाला सो केवल पिता जी के अनुरोध से। पर ऐसी तुच्छ वस्तु की चिन्ता करने से ही क्या लाभ? पिता जी की आज्ञा का पालन करना ही सबसे अच्छी बात है। मुझे पिता की आज्ञा हुई है कि "पुत्र, जीमूतवाहन, इतने दिन (इस वनस्थली का) उपभोग करते-करते यहाँ समिधाएँ, कुशाएँ तथा पुष्प आदि सब कुछ निपट चुका है। यहाँ अब कन्द-मूल, फल और नीवार-शष्प प्रायः समाप्त हो रहे हैं। तो, अब तू तनिक मलयाचल की ओर जाकर वहाँ हमारे रहने के लिये किसी आश्रम की खोज कर।" तो आ भई, दोनों ही मलय की ओर चलें।

विदूषक—जैसी आपकी आज्ञा। चलिये!

(दोनों चल पड़ते हैं)

---

everything, not excluding my own person, as a sacred trust for the good of others. That I have not voluntarily given it (*i. e.* my kingdom) away is all due to my deference to the wishes of my father. But why bother about a trifle like this? Better I should carry out the behest of my father. Father has commanded me saying, "Jimutavahana dear, flowers, grass and fuel have grown sparse here from continued picking over all these days, and the edible roots, fruits and tubers and rice have have been practically exhausted from this place by constant consumption. Go ye, therefore, to the Malaya hills and find out a place of hermitage fit for our living." So, come, let us go to Malaya.

Jester—As you command. Come, Sir.

[*Both walk about*]

विदूषकः—(अग्रतो ऽवलोक्य) भो वअस्स, पेक्ख पेक्ख ! एसो क्खु सरसघणसिणिद्धचन्दणवणच्छङ्गपरिमिलणलग्गबहलपरिमलो विसमतडणिबडणजज्जरिज्जन्तणिज्भरुच्चलिअसिसिरसीअरासारवाही पढमसङ्गमोक्कण्ठिअपिआकण्ठग्गहो विअ मग्गपरिस्समं अवणअन्तो रोमञ्चेदि पिअवअस्सं मलअमारुओ ।

(अग्रतो ऽवलोक्य) भो वयस्य, प्रेक्षस्व प्रेक्षस्व ! एष खलु सरसघनस्निग्धचन्दनवनोत्सङ्गपरिमिलनलग्नबहलपरिमलः विषमतटनिपतनजर्जरायमाणनिर्भरोच्चलितशिशिरशीकरासारवाही प्रथमसङ्गमोत्कण्ठितप्रियाकण्ठग्रह इव मार्गपरिश्रममपनयन् रोमाञ्चयति प्रियवयस्यं मलयमारुतः ।

जीमूतवाहनः—(निरूप्य) अये, कथं प्राप्ता एव मलयपर्वतम् ! (सर्वतो दत्तदृष्टिः) अहो रामणीयकमस्य ! तथा हि,—

माद्यद्दिग्गजगण्डभित्तिकषणैर् भग्नस्रवच्चन्दनः
क्रन्दत्कन्दरगह्वरो जलनिधेरास्फालितो वीचिभिः ।
पादालक्तकरक्तमौक्तिकशिलः सिद्धाङ्गनानां गतैः
सेव्यो ऽयं मलयाचलः किमपि मे चेतः करोत्युत्सुकम् ॥९॥

तदेह्यारुह्य निवासयोग्यमाश्रमपदं निरूपयावः ।

(आरोहणं नाटयतः)

जीमूतवाहनः—(निमित्तं सूचयन्) सखे,—

स्पन्दते दक्षिणं चक्षुः फलकांक्षा न मे क्वचित् ।
न च मिथ्या मुनिवचः कथयिष्यति किं न्विदम् ॥१०॥

विदूषकः—भो वअस्स, आसण्णं दे पिअं णिवेदेदि ।

भो वयस्य, आसन्नं ते प्रियं निवेदयति ।

Jester—(*Looking ahead*) Look, my friend, look here! This Malaya breeze, laden heavily with fragrance from its contact with fresh and shady thickets of sandal trees and wafting the cool sprays tossed by rills dashing upon rugged rocks, thrills my friend like the embrace of the sweet-heart anxiously waiting for the first meeting, and removes the fatigue of the journey.

Jimutavahana—(*Observing*) O, we have already reached the Malaya hill! (*Looking all round*) How lovely it is! For,—

Here flows the sap of sandalwood trees broken by wild elephants as they rub their temples against them. Here the vaults of caves are resonant with the dash of the breakers. Here the rocks of pearly feldspar bear the red foot-prints of Siddha women walking on them.

विदूषक—देखो, मित्र, देखो तो सही, यह मलय वायु यात्रा की थकावट को दूर करती हुई तुम्हारे शरीर में इस प्रकार रोमाञ्च का संचार कर रही है जैसे कोई प्रेयसी प्रथम मिलने की उत्सुकता से आकर गले में बाहें डाल रही हो। सरस तथा घने, छायाकुल चन्दनवन में से बहती हुई यह समीर पुष्प-धूलि से लदी हुई और ऊबड़-खाबड़ चट्टानों पर गिरने से उछलकर उठी हुई पानी की शीतल फुहार को साथ लिये हुए कैसे बह रही है !

जीमूतवाहन—(देखकर) अरे, हम तो मलय-पर्वत पर आ ही पहुँचे ! (सभी ओर दृष्टि दौड़ाते हुए) क्या ही रमणीयता है इसकी ! क्योंकि,—

यह मलयाचल तो वास्तव में उपभोग्य स्थान है और न जाने मेरे हृदय में कैसी उत्कण्ठा उत्पन्न कर रहा है। कहीं इसमें मस्ताने दिग्गजों के गण्ड-स्थल की रगड़ से टूटे हुए चन्दन-वृक्षों से रस टपक रहा है, कहीं समुद्र की उत्ताल तरङ्गों के टकराने से इसके गुहा-कन्दर प्रतिध्वनित हो रहे हैं, तो कहीं महावर लगा कर चलती हुई सिद्ध युवतियों के चरण-राग से इसकी मोतियों के समान स्वच्छ शिलाएँ रञ्जित हो रही हैं। (६)

आओ, तनिक और ऊपर चढ़कर किसी निवास-योग्य आश्रम की पड़ताल करें।

(दोनों आरोहण का अभिनय करते हुए)

जीमूतवाहन—(शुभ शकुन की अनुभूति सूचित करते हुए) मित्र,—

मेरी दाईं आँख फरक रही है। परन्तु मुझे तो किसी फल की आकांक्षा है नहीं। और न ही मुनिजनों (शकुन-शास्त्रियों) का वचन कभी असत्य हो सकता है। तो इसका क्या अर्थ समझा जाए? (१०)

विदूषक—मित्र, यह अवश्य ही निकट में होने वाले तेरे किसी मङ्गल की सूचना है।

Malaya hills are indeed a fine resort and fill my mind with great excitement. (9)

Come, let us climb it and find out a hermitage suitable for living in.

[*They act as if climbing*]

Jimutavahana—(*Indicating an omen*) Friend,—

My right eye throbs but I have no desire for any boon. The word of the wise cannot be untrue. Then what possibly could it mean? (10)

Jester—My dear friend, it only augurs for you of some windfall at hand.

जीमूतवाहनः—एवं नाम, यथा भवान् आह ।

विदूषकः—(सहर्षम्) भो वअस्स, एदं क्खु सविसेसघणसिणिद्धपाअवोवसोहिदं सुरहिहविग्गंधगब्भिणुद्दामधूमणिग्गमं अणुव्विग्गमग्गसुहणिसण्णसावअगणं तवोवणं विअ लक्खीअदि ।

(सहर्षम्) भो वयस्य, एतत् खलु सविशेषघनस्निग्धपादपोपशोभितं सुरभिहविर्गन्धगर्भितोद्दामधूमनिर्गमम् अनुद्विग्नमार्गसुखनिषण्णश्वापदगणं तपोवनमिव लक्ष्यते ।

जीमूतवाहनः—सखे, सम्यगुपलक्षितम् । तपोवनमेवैतत् । कुतः,—

वासोऽर्थं दययैव नातिपृथवः कृत्तास्तरूणां त्वचो
भग्नालक्ष्यजरत्कमण्डलु नभः-स्वच्छं पयो नैर्झरम् ।
दृश्यन्ते त्रुटितोज्झिताश्च वटुभिर्मौञ्ज्यः क्वचिन्मेखला
नित्याकर्णनया शुकेन च पदं साम्नामिदं पठ्यते ॥११॥

तदेहि, प्रविश्यावलोकयावः ।

(प्रवेशं नाटयतः)

जीमूतवाहनः—(सर्वतो विलोक्य) अहो नु खलु मुदितमुनिजनप्रविचार्यमाणसंदिग्धवेदवाक्यविस्तरस्य पठद्वटुजनाच्छिद्यमानार्द्रसमिधः तापसकुमारिकापूर्यमाणबालवृक्षकालवालस्य प्रशान्तरमणीयता तपोवनस्य ! इह हि,—

मधुरमिव वदन्ति स्वागतं भृङ्गशब्दैर्
नतिमिव फलनम्रैः कुर्वते ऽमी शिरोभिः ।
मम ददत इवार्घ्यं पुष्पवृष्टीः किरन्तः
कथमतिथिसपर्यां शिक्षिताः शाखिनो ऽपि ॥१२॥

Jimutavahana—Be it as you say.

Jester—(*Joyfully*) Look there, my friend, it appears to be a penance-grove. How magnificent it is with its dense and shady trees ! Thick curls of smoke laden with the fumes of fragrant oblations are rising from it. The beasts are lying at ease on the footpaths with an air of reassurance.

Jimutavahana—Friend, you have guessed well. This, no doubt, is a penance grove. For here,—

Out of compassion indeed, has the bark of trees been removed for raiment in thin strips. Old and broken pails are visible at the bottom of sky-clear waters of the brooks. Broken girdle-strings of Munja flung away by students are seen scattered here and there.

जीमूतवाहन—जैसे आप कहते हैं वैसे ही हो।

विदूषक—(हर्ष से) अरे, यह तो सामने तपोवन सा दीख पड़ता है ! देखो ना, कितनी घनी छाया वाले वृक्ष शोभा दे रहे हैं, सुगन्धित आहुति द्रव्यों की सुरभि से भरा धुआँ निकल रहा है, और वन्य-पशु मार्ग ही में कैसे निर्भय होकर सुख-पूर्वक बैठे हुए हैं !

जीमूतवाहन—तूने ठीक पहचाना, मित्र। यह तपोवन ही है, क्योंकि यहां,—

वस्त्रार्थ वृक्षों की छाल दयाभाव के कारण ही अधिक मोटी नहीं उतार ली गई। झरनों के आकाश-सम निर्मल जल में टूटे-फूटे पुराने कमण्डलु पड़े दिखाई दे रहे हैं। कहीं-कहीं ब्रह्मचारियों की टूटी और फेंकी हुई मुञ्ज की मेखलाएँ भी पड़ी हैं और यह देखो, प्रतिदिन सुनने के अभ्यास से तोता भी साम-मन्त्रों का गान कर रहा है। (११)

आओ, चलें अन्दर चलकर देखें।

(प्रवेश का अभिनय करते हुए)

जीमूतवाहन—(सभी ओर दृष्टि दौड़ाते हुए) अहो, तपोवन कितना शान्त और सुन्दर है ! कहीं मुनिजन प्रसन्नता-पूर्वक संदिग्ध वेद-वाक्यों पर आपसमें विचार कर रहे हैं, कहीं ब्रह्मचारी अपने पाठ को दुहराते हुए साथ-साथ हरी-हरी समिधाएँ काट रहे हैं और कहीं तपस्वि-कन्याएँ पौधों को जल से सींच रही हैं। अरे यहाँ तो,—

वृक्षों को भी अतिथि-सत्कार की कैसी शिक्षा दी गई है ! ये भौरों की मीठी गुञ्जार से मेरा स्वागत कर रहे हैं और फल-भार से झुकी हुई शाखाओं से मुझे नमस्कार कर रहे हैं तथा अपने फूलों को बिखेरते हुए मुझे अर्घ्य प्रदान कर रहे हैं। (१२)

The parrot repeats the verses of Saman hymns as it hears them everyday. (11)

Come, let us get in and see.

[*They act as if entering*]

Jimutavahana—(*Looking all round*) How inviting is the serene charm of the penance-grove ! Here the contented sages are busy discussing the doubtful passages of the Vedic texts, the students, while repeating their lessons, are cutting the fresh fire-wood and the hermit girls are filling the basins of young plants with water. What !—

Have even the trees here been taught the etiquette of receiving the guests ? For, they extend to me a sweet welcome as it were with the humming of the bees, they make obeisance to me as it were with their boughs bending low with fruit, and they present an offering to me as it were by shedding their flowers. (12)

तन्निवासयोग्यमिदं तपोवनम् । मन्ये भविष्यतीह निवसतामस्माकं निर्वृतिः ।

विदूषकः— भो वअस्स, किं णु क्खु एदे ईसिवलिअकन्धरा णिच्चलमुहावसरंतदरदलिअदब्भगब्भकवला समुण्णमिअदिण्णेक्ककण्णा णिमीलिदलोअणा आअण्णअंतो विअ हरिणा लक्खिअंति ।

भो वयस्य, किं नु खल्वेते ईषद्वलितकन्धरा निश्चलमुखापसरद्दरदलितदर्भगर्भकवलाः समुन्नमितदत्तैककर्णाः निमीलितलोचना आकर्णयन्त इव हरिणा लक्ष्यन्ते ।

जीमूतवाहनः—(कर्णं दत्त्वा) सखे, सम्यगुपलक्षितं भवता । तथा हि,—

स्थानप्राप्त्या दधानं प्रकटितगमकां मन्द्रतारव्यवस्थां
निर्ह्लादिन्या विपञ्च्या मिलितमलिरुतेनेव तन्त्रीस्वनेन ।
एते दन्तान्तरालस्थिततृणकवलच्छेदशब्दं नियम्य
व्याजिह्माङ्गाः कुरङ्गाः स्फुटललितपदं गीतमाकर्णयन्ति ॥१३॥

विदूषकः—भो वअस्स, को णु क्खु एसो तवोवणे गाअदि ?

भो वयस्य, को नु खल्वेष तपोवने गायति ?

जीमूतवाहनः—यथा कोमलाङ्गुलितलाभिहन्यमाना नातिस्फुटं क्वणन्ति तन्त्र्यः, काकलीप्रधानं च गीयते, तथा तर्कयामि (अङ्गुल्यग्रेणाग्रतो निर्दिशन्) अस्मिन्नायतने देवतामाराधयन्ती काचिद् दिव्ययोषिदुपवीणयतीति ।

विदूषकः—भो वअस्स, एहि, एदं देवाअदणं पेक्खह्म ।

भो वयस्य, एहि, एतद् देवतायतनं प्रेक्षावहे ।

This penance-grove is really a place fit for living. I believe we shall be quite happy while living here.

Jester—Friend, how is it that the deer here have slightly turned their necks ? They have stopped munching and the half-chewn morsels of grass are falling from their motionless mouths. They seem to be listening to something with an ear erect and attentive and eyes closed.

Jimutavahana—(*Lending an ear*) Friend, you have rightly noticed it. For surely,—

These deer, bending their necks and ceasing to crunch the grass held between their teeth, are listening to some song, the words of which are sweet and clear, and which, mingling with the sonorous tune of the guitar as if with the humming of bees, displays the

यह तपोवन वास्तव में हमारे रहने के योग्य है । मुझे विश्वास है कि यहाँ रहते हुए हमें बहुत सुख प्राप्त होगा ।

विदूषक—मित्र देखो, ये हरिण कुछ सुनते से दिखाई देते हैं, क्योंकि इन्होंने अपनी गर्दनें कुछ टेढ़ी करके मुख चलाना बन्द कर दिया है जिससे अध-चबाई घास के ग्रास नीचे गिर रहे हैं और ये आँखें बन्द करके अपने एक कान को उठाकर एक ओर लगाए हुए हैं ।

जीमूतवाहन—(कान लगाकर सुनता हुआ) मित्र, तूने ठीक पहचाना । क्योंकि,—

ये हरिण अपने अङ्गों को टेढ़ा किये, दाँतों में लिये हुए घास के कौर का चबाना बन्द करके निश्चय ही किसी स्पष्ट और मधुर शब्दों वाले गीत को सुन रहे हैं, यह गीत भौरों की गूँज के सदृश बजती हुई वीणा के स्वर से संमिलित है और इसमें यथोचित कण्ठादि स्थानों से उच्चरित होने के कारण स्वरों का उत्थान-प्रकार स्पष्ट है और उनकी मन्द्र-तार (उतार-चढ़ाव की) व्यवस्था भी ठीक है । (१३)

विदूषक—भाई, तपोवन में यह कौन गा रहा है ?

जीमूतवाहन—क्योंकि कोमल अंगुलियों के स्पर्श से तारें बहुत धीमे-धीमे बज रही हैं और गाना भी मधुर-मन्द स्वर में हो रहा है, इसलिये मेरा अनुमान है (अंगुली से सामने को निर्देश करते हुए) कि इस मन्दिर में देवता के आराधनार्थ कोई दिव्याङ्गना वीणा बजा रही है ।

विदूषक—मित्र, आओ चलें, और इस देवालय के दर्शन करें ।

---

successive modulations of grave and acute pitches with the various notes arising from their proper places. (*13*)

Jester—Friend, who could be singing in the penance-grove ?

Jimutavahana—As the strings plucked by a delicate finger do not twang very loudly and the song, too, is mainly being sung in low and sweet tones, I presume it is some celestial damsel who is singing to the accompaniment of a lute to propitiate the deity in yon—(*Pointing in front with the tip of his finger*)—temple.

Jester—Come, friend, let us visit this temple.

जीमूतवाहनः—साधूक्तम् । वन्द्याः खलु देवताः । (उपसर्पन्, सहसा स्थित्वा) वयस्य, कदाचिद् द्रष्टुमनर्हो ऽयं जनो भविष्यति । तदनेन तावत् तमालगुल्मेनान्तरितौ देवतादर्शनावसरं प्रतिपालयावः । (तथा कुरुतः)

(ततः प्रविशति भूमावुपविष्टा वीणां वादयन्ती मलयवती, चेटी च)

चेटी—आणत्तह्मि भट्टिदारिआए मादाए—"हञ्जे णोमालिए, कुसुमाअरुज्जाणं गच्छिअ उज्जाणपालिअं पल्लविअं भणाहि—अज्ज सविसेसं तमालवीहिअं सज्जीकरेहि । मलअवदीसहिदेण जामादुएण एत्थ आअन्तव्वं" त्ति । आणत्ता अ मए पल्लविआ । जाव रअणीविरहुक्कण्ठिअं पिअवल्लहं सेहरअं अण्णेसामि । (दृष्ट्वा) एसो सेहरओ । (सरोषम्) कहं ? अण्णं कं पि इत्थिअं पसादेदि !

आज्ञप्ता ऽस्मि भर्तृदारिकाया मात्रा—"हञ्जे नवमालिके, कुसुमाकरोद्यानं गत्वोद्यानपालिकां पल्लविकां भण—अद्य सविशेषं तमालवीथिकां सज्जीकुरु । मलयवतीसहितेन जामात्रा ऽत्रागन्तव्यम्" इति । आज्ञाप्ता च मया पल्लविका । यावद् रजनीविरहोत्कण्ठितं प्रियवल्लभं शेखरकमन्विच्छामि । (दृष्ट्वा) एष शेखरकः । (सरोषम्) कथम् ? अन्यां कामपि स्त्रियं प्रसादयति !

Vita—(*Observing, with delight*) Look, boy, there goes Navamalika (*Pointing with the finger, and laughing*) just the other way, veiling her face in anger at my coming late. I shall, therefore, throw my arms around her neck and conciliate her.

विट—(देखकर) अरे छोकरे, मैं देर से पहुँचा हूँ इसीलिये वह देखो (उँगली से निर्देश करके, ठहाका मारकर) नवमालिका रोष से घूँघट निकालकर दूसरी ही ओर चली जा रही है। कोई बात नहीं, मैं गले से लगाकर इसे मनाता हूँ।

(सहसा पास जाकर, आलिङ्गन करके, अपने मुँह से पान देने लगता है)

विदूषक—(मदिरा की गन्ध सूचित करता हुआ, नाक बन्द करके, मुँह फेर-कर) उधर से जैसे-कैसे एक प्रकार के मधुपों के चुंगल से छुटकर इधर दूसरे मधुपान करने वाले (गुंडे) के हाथ आ फँसा हूँ!

विट—क्या बात है, क्रोध से मुँह ही फेर लिया? (विदूषक के चरणों को पकड़कर अपने सिर पर रखते हुए) क्षमा करो, नवमालिका, क्षमा करो।

(चेटी का प्रवेश)

चेटी—मुझे बीबी की माता जी ने कहा है—"नवमालिका, कुसुमाकर उद्यान में जाकर पल्लविका मालिन से कहो कि आज तमालों की अन्तर्वीथी को विशेष रूप से सजाए। मलयवती के साथ जँवाई ने आज उधर ही टहलने जाना है।" मैंने पल्लविका को आदेश पहुँचा दिया है। अब जाकर रातभर के विरह से विह्वल अपने प्रिय साजन शेखरक को ढूँढती हूँ। (देखकर) लो, शेखरक तो यह रहा। (क्रोध से) हैं? यह तो किसी दूसरी ही स्त्री को मना रहा है!

[*Suddenly approaching, throwing arms around the neck, tries to offer a betel-leaf with lips*]

Jester—(*Indicating smell of liquor, stopping his nose and turning away his face*) Having escaped with great difficulty from the clutches of one sort of stingers, I have fallen into the clutches of a yet worse stinker!

Vita—Why, my love, why—turning thy face away in anger? (*Supplicates by placing* JESTER's *feet on his head*) Forgive me, Navamalika, forgive me.

[*Enter* MAIDSERVANT]

Maid—I have been ordered by the mother of the Princess, saying, "Maid Navamalika, go to the Kusumakara garden and tell the keeper Pallavika to decorate the Tamala avenue exquisitely well to-day, for my son-in-law will go there with Malayavati." I have conveyed the orders to Pallavika. Now, I shall go and seek Sekharaka, my darling, who must be feeling disconsolate for having had to pass the night withont me. (*Seeing*) Here is Sekharaka. (*Angrily*) What? he is conciliating another lady-love!

विटः—

हरिहरपिदामहाणं पि गव्विदो जो ण जाणइ णमिदुं ।
सो सेहरओ चलणेसु तुज्झ णोमालिए ! पडइ ॥३॥

हरिहरपितामहानामपि गर्वितो यो न जानाति नन्तुम् ।
स शेखरकश्चरणयोस्तव नवमालिके ! पतति ॥३॥

विदूषकः—दासीएपुत्त, मत्तपालअ ! कुदो एत्थ णोमालिआ ?

दास्याःपुत्र, मत्तपालक ! कुतो ऽत्र नवमालिका ?

चेटी—(निरूप्य, सस्मितम्) कहं अहं ति करिअ मदपरवसेण सेहरएण अज्जो अत्तेओ पसादीअदि ? जाव अलीअकोवं करिअ दुवे वि एदे परिहसिस्सं ।

(निरूप्य, सस्मितम्) कथमहमिति कृत्वा मदपरवशेन शेखरकेण आर्य आत्रेयः प्रसाद्यते ? यावदलीककोपं कृत्वा द्वावप्येतौ परिहसिष्यामि ।

चेटः—(शेखरकं हस्तेन चालयन्) भट्टक, मुञ्च, मुञ्च एदं । ण होइ एसा णोमा लिआ । एसा क्खु णोमालिआ लोशलत्तेहिं णअणेहिं पेक्खन्ती आअदा ।

(शेखरकं हस्तेन चालयन्) भट्टक, मुञ्च, मुञ्चैनम् । न भवत्येषा नवमालिका । एषा खलु नवमालिका रोषरक्ताभ्यां नयनाभ्यां पश्यन्त्यागता ।

चेटी—(उपसृत्य) सेअरअ, का ण क्खु एसा पसादीअदि ?

(उपसृत्य) शेखरक, का नु खल्वेषा प्रसाद्यते !

विदूषकः—(अवगुण्ठनमपनीय) अहं मन्दभाआए पुत्तो !

(अवगुण्ठनमपनीय) अहं मन्दभाग्यायाः पुत्रः !

विटः—(विदूषकं निरूप्य) अरे कपिलमक्कडअ, तुवं पि मं सेहरअं परिहससि ! अरे चेडअ, गह्ल इमं, जाव णोमालिअं पसादेमि ।

(विदूषकं निरूप्य) अरे कपिलमर्कटक, त्वमपि मां शेखरकं परिहससि ! अरे चेट, गृहाणेमम्, यावन्नवमालिकां प्रसादयामि ।

चेटः—जं भट्टओ आणवेदि ।

यद्भट्टक आज्ञापयति ।

विटः—(विदूषकं विमुच्य, चेटचाः पादयोः पतन्) पसीद, णोमालिए, पसीद ।

(विदूषकं विमुच्य, चेटचाः पादयोः पतन्) प्रसीद, नवमालिके, प्रसीद ।

Vita—

That same Sekharaka who, out of pride, knows not to humble himself before even Brahma, Vishnu and Mahesa, is now falling at thy feet, my dear Navamalika! (3)

विट—

जो शेखरक इतना स्वाभिमानी है कि वह—क्या ब्रह्मा, क्या विष्णु और क्या महेश, किसीके भी आगे झुकना नहीं जानता—वही, हे नवमालिका, तेरे चरणों में अपना सिर दे रहा है ! (३)

विदूषक—भड़ुए पियक्कड़ ! यहाँ नवमालिका कहाँ ?

चेटी—(देखकर, मुस्कराती हुई) ओहो, यह तो मदिरा की झोंक में शेखरक जी भाई आत्रेय को नवमालिका समझकर उसकी आराधना कर रहे हैं। अस्तु, मैं भी झूठ-मूठ क्रोध (का अभिनय) करती हुई इन दोनों को ही बनाती हूँ।

चेट—(शेखरक को हाथ से झँझोड़कर) अजी शाह जी, छोड़ो इसे। यह नवमालिका नहीं है। नवमालिका तो क्रोध से आँखें लाल किये घूरती हुई यह आ रही है।

चेटी—(पास आकर) शेखरक, यह किसको मना रहे हो ?

विदूषक—(घूँघट उतारकर) मुझे,—अभागी माँ के बेटे को !

विट—(विदूषक को देखकर) वाह रे लाल बन्दर, तुझे भी मेरी—शेखरक की, हँसी उड़ाने का साहस ! अरे छोकरे, पकड़ ले इसे, इधर जब तक मैं नवमालिका को मनाता हूँ।

चेट—जो शाह जी की आज्ञा।

विट—(विदूषक को छोड़, चेटी के चरणों में गिरता हुआ) नवमालिका, मुझे क्षमा कर दो।

Jester—You whoreson, you dog of a drunkard! where is Navamalika here?

Maid—(*Observing, with a smile*) What a fun! here is Sekharaka. fuddled with drink, propitiating brother Atreya mistaking him for me. Now, I shall feign anger and make a fool of them both.

Servant—(*Shaking* SEKHARAKA *with his hand*) Master, leave him, leave him. This is not Navamalika. There comes she looking at you with eyes red with anger.

Maid—(*Approaching*) Sekharaka, who is this gal with whom you are spooning?

Jester—(*Putting off the veil*) It's me, the son of an unfortunate mother!

Vita—(*Seeing the* JESTER) O, you red monkey, you dare jest with me, Sekharaka! Boy, hold him fast till I have appeased Navamalika.

Servant—As my master commands.

Vita—(*Leaving off the* JESTER, *falling at* MAID'S *feet*) Forgive me, Navamalika, forgive me.

विदूषकः—एसो मे अपक्कमिदुं अवसरो। (पलायितुमीहते)

एष मे अपक्रमितुमवसरः। (पलायितुमीहते)

चेटः—(विदूषकं यज्ञोपवीते गृह्णाति। यज्ञोपवीतं त्रुट्यति) कहिं कहिं कपिलमक्कडअ, पलाअशि ?

(विदूषकं यज्ञोपवीते गृह्णाति। यज्ञोपवीतं त्रुट्यति) कुत्र कुत्र कपिलमर्कटक, पलायसे ?

(तदुत्तरीयेण गले बद्ध्वाकर्षति)

विदूषकः—होदि णोमालिए, पसीद। मोआवेहि मं।

भवति नवमालिके, प्रसीद। मोचय माम्।

चेटी—(विहस्य) जदि भूमिए सीसं णिवेसिअ पादेसु मे पडसि !

(विहस्य) यदि भूम्यां शीर्षं निवेश्य पादयोर्मे पतसि !

विदूषकः—(सरोषम्) कहं राअमित्तं भविअ दासीएधीदे, पादेसु दे पडिस्सं ?

(सरोषम्) कथं राजमित्रं भूत्वा दास्याःपुत्रि, पादयोस्ते पतिष्यामि ?

चेटी—(अङ्गुल्या तर्जयन्ती, सस्मितम्) दाणिं तुमं पाडइस्सं। सेहरअ, उट्ठेहि, उट्ठेहि। पसण्णा क्खु अहं। (कण्ठे गृह्णाति) एसो जामादुअस्स पिअवअस्सो तुए खलीकिदो। एदं सुणिअ कदाइ भट्टारओ मित्तावसू कुप्पे। ता आदरेण सम्माणेहि णं।

(अङ्गुल्या तर्जयन्ती, सस्मितम्) इदानीं त्वां पातयिष्यामि। शेखरक, उत्तिष्ठोत्तिष्ठ। प्रसन्ना खल्वहम्। (कण्ठे गृह्णाति) एष जामातुः प्रियवयस्यस्त्वया खलीकृतः। एतच्छ्रुत्वा कदाचिद्भट्टारको मित्रावसुः कुप्येत्। तदादरेण संमानयैनम्।

विटः—जं णोमालिआ आणवेदि। (विदूषकं कण्ठे गृहीत्वा) अज्ज, तुमं पिअसम्बन्धिअ त्ति करिअ अवहसिदो। (घूर्णयन्) किं सच्चं एव्व सेहरओ मत्तो ? किदो परिहासो। (उत्तरीयं वर्तुलीकृत्यासनं ददाति) इह उवविसदु संबन्धिओ।

यन्नवमालिकाज्ञापयति। (विदूषकं कण्ठे गृहीत्वा) आर्य, त्वं प्रियसंबन्धिक इति कृत्वा ऽपहसितः। (घूर्णयन्) किं सत्यमेव शेखरको मत्तः ? कृतः परिहासः। (उत्तरीयं वर्तुलीकृत्यासनं ददाति) इहोपविशतु संबन्धिकः।

Jester—It's time I should slip away. (*Tries to run away*)

Servant—(*Seizes the* Jester *by his sacred thread, the thread snaps*) Whitherto, my red monkey, whitherto art thou fleeing ? (*Tightening his scarf round his neck, drags him*)

Jester—Sister Navamalika, have mercy on me and get me released.

विदूषक—अब अवसर है मेरे भाग निकलने का। (भागने की करता है)

चेट—(विदूषक को यज्ञोपवीत से पकड़ लेता है। यज्ञोपवीत टूट जाता है) किधर भागने लगा है, रे लाल बन्दर ?

(उसी के दुपट्टे से उसका गला फाँसकर खेंचता है)

विदूषक—बहिन नवमालिका, तुम ही कृपा करो, मेरी जान छुड़ाओ।

चेटी—(हँसती हुई) हाँ, बस यदि तुम भूमि पर सिर रखकर मेरे चरणों पर गिरो तब !

विदूषक—(रोष से) हुँ, मैं राजा का प्रिय वयस्य होकर तुझ चुड़ैल के चरणों में माथा टेकूँ ?

चेटी—(अंगुली से धमकाती हुई, मुस्कराकर) अभी टिकवाकर छोड़ूँगी। उठ शेखरक, उठ। मैं तेरे से प्रसन्न हो गई। (गले लगाती है) तूने हमारे जँवाई के लँगोटिये का अपमान किया हैं। कहीं यह बात स्वामी मित्रावसु ने सुन ली तो वे तुझपर क्रुद्ध होंगे। अब अनुनय-विनय से, किसी प्रकार इन्हें मना लो।

विट—जो नवमालिका जी की आज्ञा। (विदूषक को गले से लगाते हुए) भाई, आप हमारे सम्बन्धी हैं, इसलिये ठठोली की थी। (मद से झूमता हुआ) अरे, क्या सचमुच शेखरक नशे में है ? अरे छोड़ो, हो लिया ठट्ठा। (दुपट्टे को लपेटकर उसका आसन बनाकर देता है) समधी जी, इस पर बैठिये।

Maid—(*Laughing*) Yes, I will, only if you place your head on the ground and fall at my feet !

Jester—(*Angrily*) I, a friend of the Prince, and should fall at the feet of a hussy like thee ?

Maid—(*Threatening with her finger and smiling*). Presently I shall make you fall. Sekharaka, come, get up. I am reconciled with you. (*Throws arms round his neck*) It is the dear friend of the Prince, our son-in-law's, you have maltreated. Should Mitravasu, our master, hear of it, and get angry, then ? You should therefore make up with him by paying proper respects to him.

Vita—As my Navamalika commands. (*Throwing arms round the neck of the* JESTER) Sir, I made fun of you because I knew that you belonged to our dear in-laws. (*Reeling*) Do you think that Sekharaka is really drunk ? No more jesting now. (*Makes a coil of his scarf and offers it as a seat*) Let our dear relative take his seat here.

विदूषकः—दिट्ठिआ अवअतो विअ से मदवेओ। (उपविशति)

दिष्टया ऽपगत इवास्य मदवेगः। (उपविशति)

विटः—णोमालिए, उपविस तुमं एदस्स पस्सदो, जेण दुवे वि तुह्मे समं सम्माणेमि।

नवमालिके, उपविश त्वमस्य पार्श्वतः, येन द्वावपि युवां समं संमानयामि।

(चेटी विहस्योपविशति)

विटः—चेडअ, सुपूरिदं क्खु एदं चसअं करेहि अच्छसुराए।

चेटक, सुपूरितं खल्वेतच्चषकं कुर्वच्छसुरया।

(चेटः चषकमुन्नयन् पूरणं नाट्येन करोति)

विटः—(स्वशिरःशेखरात् पुष्पाणि गृहीत्वा, चषके विन्यस्य, जानुभ्यां पतित्वा, नवमालिकाया उपनयन्) णोमालिए, पिबिअ चोक्खिअ देहि एदं एदस्स।

(स्वशिरःशेखरात् पुष्पाणि गृहीत्वा, चषके विन्यस्य, जानुभ्यां पतित्वा, नवमालिकाया उपनयन्) नवमालिके, पीत्वा चोक्षित्वा देह्येतदेतस्मै।

चेटी—(सस्मितम्) जं सेहरओ आणवेदि। (तथा करोति)

(सस्मितम्) यच्छेखरक आज्ञापयति। (तथा करोति)

विटः—(विदूषकस्य चषकमुपनयन्) एदं णोमालिआमुहसंसग्गवड्ढिअरसं सेहरआदो अण्णेण केण वि अणास्सादिअपुव्वं। ता पिब एदं। किं दे अदो वरं संमाणं करेमि?

(विदूषकस्य चषकमुपनयन्) एतन्नवकालिकामुखसंसर्गवर्धितरसं शेखरकादन्येन केनाप्यनास्वादितपूर्वम्। तत् पिबैतत्। किं ते ऽतः परं संमानं करोमि।

विदूषकः—(सविलक्षस्मितं कृत्वा) सेहरअ, बम्हणो क्खु अहं।

(सविलक्षस्मितं कृत्वा) शेखरक, ब्राह्मणः खल्वहम्।

विटः—जइ तुमं बम्हणो, कहिं दे बम्हसुत्तं?

यदि त्वं ब्राह्मणः, क्व ते ब्रह्मसूत्रम्?

विदूषकः—तं क्खु इमिणा चेडेण आअट्टिअमाणं छिण्णं।

तत् खल्वमुना चेटेनाकृष्यमाणं छिन्नम्।

Jester—Luckily, the effect of liquor on him has somewhat subsided. (*Takes his seat*)

Vita—Navamalika, you come and sit down beside him, so that I may propitiate you both together,

विदूषक—सौभाग्य से अब इसका मद उतर-सा गया है। (बैठ जाता है)

विट—नवमालिका, आ ना, तू भी इसके पास बैठ जा, जिससे मैं तुम दोनों को एकसाथ सत्कार-पूर्वक मना सकूँ।

(चेटी हँसती हुई बैठ जाती है)

विट—छोकरे, इस प्याले को बढ़िया मदिरा से भर लाओ।

(चेट प्याला ऊँचा करके उसे भरने का अभिनय करता है)

विट—(अपने सेहरे से फूल लेकर, प्याले में डालकर, घुटनों पर गिरकर, नवमालिका को प्रस्तुत करते हुए) लो, नवमालिका, इसे पीकर सुच्चा करके इसको दे दो।

चेटी—(मुस्कराती हुई) जो शेखरक जी की आज्ञा। (वैसे ही करती है)

विट—(विदूषक को प्याला उपस्थित करते हुए) लो पियो महाराज, नवमालिका के होठों से छुए इस प्याले में निराला ही रस है जिसे आज तक शेखरक के अतिरिक्त किसी और ने नहीं चखा। इससे बढ़कर मैं आपका और क्या संम्मान कर सकता हूँ?

विदूषक—(खिसियानी मुस्कराहट से) शेखरक, मैं तो ब्राह्मण हूँ।

विट—ब्राह्मण हैं, तो आपका ब्रह्म-सूत्र कहाँ है?

विदूषक—वह तो इस छोकरे ने खेंचकर तोड़ दिया।

[MAID *sits down with a laugh*]

Vita—Boy, fill this peg to the brim with crystal wine.

[SERVANT *raises the peg, acts as if filling it*]

Vita—(*Taking flowers from the wreath on his head, dropping them into the peg and kneeling down, offers it to* NAVAMALIKA) Navamalika, make it purer by tasting it (*i.e.* with the touch of your lips) and offer it to him.

Maid—(*Smiling*) Just as my Sekharaka says. (*Does so*)

Vita—(*Offering the peg to the* JESTER) Here is a drink, all the sweeter by virtue of its touch with Navamalika's lips, and which none else but Sekharaka has ever tasted before. Just have a sip of it. What greater honour than this could I do to you?

Jester—(*With an embarrassed smile*) Remember, Sekharaka, I am a Brahmin.

Vita—If you are a Brahmin, where is then your holy thread?

Jester—But that had snapped when the servant pulled at it.

चेटी—(विहस्य) जइ एव्वं, वेदक्खराणि पि कदिइ उदाहर ।

(विहस्य) यद्येवं, वेदाक्षराण्यपि कतिचिदुदाहर ।

विदूषकः—भोदि, सीहुगन्धेण मे वेदक्खराणि णट्ठाणि । अहव, किं मम भोदिए समं विवादेण ? एसो बम्हणो पादेसु दे पडइ । (पादयोः पतितुमिच्छति)

भवति, सीधुगन्धेन मम वेदाक्षराणि नष्टानि । अथवा, किं मम भवत्या समं विवादेन ? एष ब्राह्मणः पादयोस्ते पतति । (पादयोः पतितुमिच्छति)

चेटी—(विहस्य, हस्ताभ्यां निवार्य) अज्ज, मा मा एव्वं करेहि । सेहरअ, सच्चं बम्हणो क्खु एसो । (विदूषकस्य पादयोः पतति) अज्ज, तुए ण कुविदव्वं । सम्बन्धिआणुरूवो परिहासो किदो । सेहरअ, तुमं पि इमं पसादेहि ।

(विहस्य, हस्ताभ्यां निवार्य) आर्य, मा मैवं कुरु । शेखरक, सत्यं ब्राह्मणः खल्वेषः । (विदूषकस्य पादयोः पतति) आर्य, त्वया न कोपितव्यम् । संबन्धिकानुरूपः परिहासः कृतः । शेखरक, त्वमपीमं प्रसादय ।

विटः—अहं पि इमं पसादेमि । (विदूषकस्य पादयोर्निपत्य) मरिसेदु, मरिसेदु अज्जो, जं मए मदपरवसेण अवरद्धं, जेण अहं णोमालिआए सह आपाणअं गमिस्सं ।

अहमपीमं प्रसादयामि । (विदूषकस्य पादयोर्निपत्य) मर्षयतु, मर्षयत्वार्यः, यन्मया मदपरवशेनापराद्धं, येनाहं नवमालिकया सहापानकं गमिष्यामि ।

विदूषकः—मरिसिदं मए । गच्छ । जाव अहं पि वअस्सं पेक्खामि ।

मर्षितं मया । गच्छ । यावदहमपि वयस्यं प्रेक्षे ।

विटः—अज्ज, तह ।

आर्य, तथा । (निष्क्रान्तो नवमालिकया विटश्चेटश्च)

विदूषकः—अदिक्कन्दो क्खु बम्हणस्स अआलमिच्चू । ता अहं पि मत्तवालअजणसंसग्गदूसिदो इह दिग्घिआअं ह्लाइस्सं । (तथा करोति । पुरोऽवलोक्य) एसो क्खु पिअवअस्सो रूविणीं विअ वरलच्छि मलअवदिं ओलम्बिअ इदो एव्व आअच्छदि । ता इह एव्व चिट्ठिस्सं । (स्थितः)

अतिक्रान्तः खलु ब्राह्मणस्याकालमृत्युः । तदहमपि मत्तबालकजनसंसर्गदूषित इह दीर्घिकायां स्नास्यामि ।(तथा करोति । पुरोऽवलोक्य) एष खलु प्रियवयस्यो रूपिणीमिव वरलक्ष्मीं मलयवतीमवलम्ब्येत एवागच्छति । तदिहैव स्थास्यामि । (स्थितः)

(ततः प्रविशति जीमूतवाहनो मलयवत्या, विभवतश्च परिवारः)

Maid—(*Laughing*) If so, then please repeat at least some Vedic words.

Jester—Madam, even my Vedic words have been spirited away by the smell of the spirit. Or, what is the good of wrangling with you ? Here, this Brahmin falls at your feet. (*Is about to fall at her feet*)

चेटी—(हँसकर) अच्छा, ऐसी बात है तो फिर कुछ वेद-वाक्य ही उच्चारण कर दीजिये।

विदूषक—देवि, मेरे वेद-वाक्य तो इस मदिरा की गन्ध से ही उड़ गए। अथवा, आपसे वितण्डा करने से क्या लाभ? लीजिये यह ब्राह्मण आपके पैरों पड़ता है। (चरणों में गिरने लगता है)

चेटी—(हँसकर, हाथों से रोकती हुई) महाराज, आप ऐसा मत करें। शेखरक, ये सचमुच ब्राह्मण हैं। (विदूषक के चरणों पर गिरती है) भाई, रुष्ट न होना। समधियों के अनुरूप ही परिहास किया है। आओ शेखरक, तुम भी इनसे क्षमा माँगो।

विट—हाँ, मैं भी इनसे क्षमा माँगता हूँ (विदूषक के चरणों पर गिरकर) महाराज, मदिरा के आवेग में मुझसे जो कुछ भूल-चूक हो गई हो, उसे आप क्षमा कर दें तो मैं नवमालिका के साथ मदिरा-मण्डली को जाने वाला बनूँ।

विदूषक—मैंने क्षमाकर दिया। जाओ। तब तक मैं भी अपने मित्र को ढूँढूँ।

विट—अच्छा, महाराज, ठीक है।

(नवमालिका के साथ विट, और चेट का निष्क्रमण)

विदूषक—अकाल मृत्यु तो ब्राह्मण के सिर से टल गई। अब मैं भी इन शराबी छोकरों के संपर्क से अपवित्र होने से इस सरोवर में स्नान कर लूँ। (स्नान करता है, सामने देखकर) लो, मेरा प्रिय वयस्य भी साक्षात् सौन्दर्य की मूर्ति (नई दुलहन) मलयवती को साथ लेकर इधर ही चला आ रहा है। सो, मैं यहीं ठहरूँ। (वहीं ठहरता है)

(मलयवती के साथ जीमूतवाहन तथा पदानुसार परिजनों का प्रवेश)

Maid—(*Laughing and preventing with both hands*) No sir, don't, don't do this. Sekharaka, in sooth, he is a Brahmin. (*Falls at* JESTER's *feet*) You won't be cross, sir, I hope. For, the joke was quite natural as should have suited the relations-in-law. Sekharaka, you should also propitiate him.

Vita—Yes, I will. (*Falling at* JESTER's *feet*) Pray, sir, excuse me for my misbehaviour under the influence of liquor, so that I may be able to accompany Navamalika to the drinking party with an easy conscience.

Jester—You are forgiven. Now you can go, and I too shall look for my friend.

Vita—Thank you, sir.

[*Exeunt* VITA *with* NAVAMALIKA, *and the* SERVANT]

Jester—Thank God, the Brahmin has been spared an untimely death. Now, I shall take a bath in this lake and wash the taint of my contact with tipsy striplings. (*Does so. Looking in front*) Good me, here comes my friend in this very direction, holding the hand of Malayavati as if she were Grace of Nuptials incarnate. So, I had rather stay here. (*Remains where he is*)

[*Enter* JIMUTAVAHANA *with* MALAYAVATI *and, cortege in order of rank*]

जीमूतवाहनः—

दृष्टा दृष्टिमधो ददाति कुरुते नालापमाभाषिता
शय्यायां परिवृत्य तिष्ठति बलादालिङ्गिता वेपते।
निर्यान्तीषु सखीषु वासभवनान्निर्गन्तुमेवेहते
जाता वामतयैव मे ऽद्य सुतरां प्रीत्यै नवोढा प्रिया॥ ४॥

(मलयवतीमवलोक्य) प्रिये मलयवति!—

हुंकारं ददता मया प्रतिवचो यन्मौनमासेवितं
यद्दावानलदीप्तिभिस्तनुरियं चन्द्रातपैस्तापिता।
ध्यातं यच्च बहून्यनन्यमनसा नक्तंदिनानि प्रिये
तस्यैतत्तपसः फलं मुखमिदं पश्यामि यत्ते ऽधुना॥ ५॥

मलयवती—(अपवार्य) हञ्जे, ण केवलं दंसणीओ, पिअं पि भणिदुं जाणादि।

(अपवार्य) हञ्जे, न केवलं दर्शनीयः, प्रियमपि भणितुं जानाति।

चेटी—(विहस्य) अइ पडिपक्खवादिणि, सच्चं एव्व एदं। किं एत्थ पिअवअणं?

(विहस्य) अयि प्रतिपक्षवादिनि, सत्यमेवतत्। किमत्र प्रियवचनम्?

जीमूतवाहनः—चतुरिके, आदेशय कुसुमाकरोद्यानस्य मार्गम्।

चेटी—एदु एदु भट्टिदारओ।

एत्वेतु भर्तृदारकः।

जीमूतवाहनः—(परिक्रामन्, मलयवतीं निर्दिश्य) स्वैरं-स्वैरम् आगच्छतु भवती।—

Jimutavahana—

When I look at her, she bends her gaze down. When I address her, she only keeps silent. On the bed she sits with her face turned to the other side. When forcibly embraced she trembles. And when her friends leave our bed-room, she too wants to go with them. This new bride of mine has grown all the dearer to me these days by her very contrariness. (4)

(*Looking at* MALAYAVATI) Malayavati, darling!—

That I have been observing silence by replying to all questions with a mere 'hum', that I have been exposing my body to the

जीमूतवाहन—

देखो, तो आँखें नीचे कर लेती है। बुलाओ, तो कोई उत्तर नहीं देती। बिछौने पर मुँह फेर कर बैठ जाती है। बलात् आलिङ्गन करने पर काँपने लगती है। जब उसकी सखियाँ (उसे छोड़कर) सुहाग-गृह से बाहर निकलने लगती हैं तब स्वयं भी उनके साथ जाना चाहती है। किन्तु इस समय अपनी इन विपरीत चेष्टाओं से ही मेरी नई दुलहन मुझे और भी प्यारी लगती है। (४)

(मलयवती को ओर देखकर) प्यारी मलयवती !—

प्रत्येक बात के उत्तर में जो मैं आज तक केवल "हुँ" कहकर मौन रहता रहा, और दावाग्नि के समान असह्य चाँद की चाँदनी में अपनी देह को तपाता रहा और इतनी देर रात-दिन अनन्य-भाव से तेरे ध्यान में लीन रहा—यह सब उसी तपस्या का फल है कि, हे सुमुखि, आज मुझे तेरा यह मुखड़ा देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। (५)

मलयवती—(एक ओर) अरी, केवल देखने में ही सुन्दर हों—सो नहीं, ये तो मीठी-मीठी बातें कहना भी जानते हैं।

चेटी—(हँसकर) अरी, सदा उलटी बात (अर्थात् "ना-ना") करने वाली यह सब सच ही तो है। इसमें चाटु की कौन सी बात है ?

जीमूतवाहन—चतुरिका, हमें कुसुमाकर उद्यान की ओर ले चलो।

चेटी—आइये महाराज।

जीमूतवाहन—(जाते हुए, मलयवती की ओर निर्देश करके) आओ, बेखटके चली आओ, मलया।

---

torment of the moonlight blazing like forest-fire, and that many a day and night I have been passing in contemplation of none else but thee—It is the fruit of all this hard penance, my love, that I have been able to see this, thy face at last ! (5)

Malayavati—(*Aside*) My girl, not only is he handsome, but knows the use of unction too.

Maid—(*Laughing*) O, my captious lady, it is the simple truth. What unction is there in it ?

Jimutavahana—Chaturika, show us the way to Kusumakara garden.

Maid—Come, come, my lord.

Jimutavahana—(*Going, addressing* MALAYAVATI) Take care, my dear, come ye easy. For,—

खेदाय स्तनभार एव किमु ते मध्यस्य हारो ऽपरस्
ताम्यत्यूरुयुगं नितम्बभरतः काञ्च्या ऽनया किं पुनः ।
शक्तिः पादयुगस्य नोरुयुगलं वोढुं कुतो नूपुरे
स्वाङ्गैरेव विभूषितासि वहसि क्लेशाय किं मण्डनम् ॥ ६ ॥

चेटी—एदं कुसुमाअरुज्जाणं । पविसदु भट्टिदारओ ।
एतत् कुसुमाकरोद्यानम् । प्रविशतु भर्तृदारकः ।

(सर्वे प्रविशन्ति)

जीमूतवाहनः—(प्रविश्य) अहो, कुसुमाकरोद्यानस्य श्रीः ! इह हि,—

निष्यन्दश्चन्दनानां शिशिरयति लतामण्डपे कुट्टिमान्तान्
आराद्धारागृहाणां ध्वनिमनु कुरुते ताण्डवं नीलकण्ठः ।
यन्त्रोन्मुक्तश्च वेगाच्चलति विटपिनां पूरयन्नालवालान्
आपातोत्पीड-हेला-हृत-कुसुम-रजः-पिञ्जरो ऽयं जलौघः ॥७॥

अपि च,—

अमी गीतारम्भैर् मुखरितलतामण्डपभुवः
परागैः पुष्पाणां प्रकटपटवासव्यतिकराः ।
पिबन्तः पर्याप्तं सह सहचरीभिर्मधुरसं
समन्तादापानोत्सवमनुभवन्तीह मधुपाः ॥ ८ ॥

विदूषकः—(उपसृत्य) जेदु जेदु भवं । सोत्थि भोदीए ।
(उपसृत्य) जयतु जयतु भवान् । स्वस्ति भवत्यै ।

The weight of thy swelling breasts was enough for thy slender waist to bear, then why this superfluous necklace? Thy thighs are already sagging under thy massive hips, why need this girdle? Thy feet can hardly carry thy plump thighs, how could they these additional anklets? Thy limbs are themselves more than ornaments for thee, then why bear an extra burden of trinkets to irk thyself? (6)

Maid—We have arrived at the Kusumakara garden. Let my lord enter it.

[*All enter*]

Jimutavahana—(*Entering*) Oh, the loveliness of the Kusumakara garden! For here,—

तेरी पतली कमर को थकाने के लिये वक्षःस्थल का भार ही पर्याप्त था, उसपर यह हार और लादने की क्या आवश्यकता थी? जंघाएँ नितम्ब भार से ही झुकती जा रही हैं, उसपर यह तड़ागी क्यों? चरणों में तो जंघाओं के बोझ को भी सहन करने की शक्ति नहीं, तिसपर ये नूपुर? तेरे अङ्गों का सौन्दर्य ही तुझे आभूषित कर रहा है, तो फिर यह गहनों का वृथा-भार क्यों उठा रखा है? (६)

चेटी—लीजिये महाराज, उद्यान आ गया। चलिये, अन्दर चलिये।

(सभी अन्दर जाते हैं)

जीमूतवाहन—(प्रवेश करके) **कुसुमाकर उद्यान की शोभा भी क्या न्यारी है! देखो ना—**

चन्दन वृक्षों का टपकता हुआ रस लता-मण्डप की पक्की भूमि के छोरों को ठण्डा कर रहा है। ऊँचाई से गिरते हुए झरनों की (गंभीर) ध्वनि की ताल पर (उसे घन-गर्जन समझते हुए) मोर नाच रहा है। रहट से निकली हुई जल-धारा अपने प्रवाह के वेग से सुगमता के साथ बहाकर ले जाए हुए पुष्प-पराग से पीतवर्ण होती हुई और वृक्षों के थावलों को भरती हुई किस तेज़ी से बह रही है! (७)

अपि च—

अपनी गीतमय गुञ्जारों से सारे लता-मण्डप को गुञ्जायमान करते हुए, और पुष्प-धूलि से ही मानों अपने शरीर में सुगन्धित अङ्ग-राग लगाए अपनी सहचरियों (भ्रमरियों) के साथ चारों ओर जहाँ-तहाँ मधुपान का भरपूर रस लूटते हुए ये भँवरे यहाँ मानों मदिरा-पानोत्सव मना रहे हैं (जैसे मानों मदिरा पीने वाले अपनी प्रियतमाओं को संग लिये शरीर में पुष्पों की सुगन्धि लगाए, गीत गा-गाकर मदिरा पीने का आनन्द लूट रहे हों)। (८)

विदूषक—(पास जाकर) **जय हो, महाराज, की जय हो। देवी जी का कल्याण हो!**

The dripping sap of the sandal trees looks the fringes of the floor of the bower. Yonder, the peacock is seen dancing to the tune of the murmuring waterfalls, and the volume of water, released by the wheel and made yellowish by the pollen of flowers swept by the rush of its current, flows rapidly, filling on its way the basins of the trees. (7)

And here—

The bees, making the bowers resonant with their humming songs, wafting a blend of perfumes from the pollen of flowers, and drinking to their fill the honey-mead in company of their mates, seem to be enjoying a regular carouse all around. (8)

Jester—(*Approaching*) Hail, hail to your honour. My well-wishes to you, madam.

जीमूतवाहनः—वयस्य, चिरादागतो ऽसि !

विदूषकः—भो वअस्स, लहु एव्व आअदो। किन्दु इअन्तं कालं विवाहमङ्गलुस्सवमिलिदसिद्धविज्जाहरापाणदंसणकोदूहलेण परिब्भमन्तो ण लक्खिदो। ता पिअवअस्सो वि दाव एदं पेक्खदु।

भो वयस्य, लघ्वेवागतः। किन्तु इयन्तं कालं विवाहमङ्गलोत्सवमिलितसिद्धविद्याधरापानदर्शनकौतूहलेन परिभ्रमन् न लक्षितः। तत् प्रियवयस्यो ऽपि तावदेतत् प्रेक्षताम्।

जीमूतवाहनः—यथाह भवान्। (सहर्षं परितः पश्यन्) पश्य, पश्य !—

दिग्धाङ्गा हरिचन्दनेन दधतः सन्तानकानां स्रजो
माणिक्याभरणप्रभाव्यतिकरैश् चित्रीकृताच्छांशुकाः।
सार्धं सिद्धगणैर् मधूनि दयितापीतावशिष्टान्यमी
मिश्रीभूय पिबन्ति चन्दनतरुच्छायासु विद्याधराः ॥९॥

तदेहि, वयमपि तमालवीथिकां गच्छामः।

(सर्वे परिक्रामन्ति)

विदूषकः—एसा क्खु तमालवीहिआ। एदं चन्दणलदामण्डवं। एदं च सरदादवपरिखेदिअं विअ तत्तहोदीए वदणं लक्खीअदि। ता इह फडिअसिलादले उवविसदु।

एषा खलु तमालवीथिका। एतच्चन्दनलतामण्डपम्। एतच्च शरदातपपरिखेदितमिव तत्रभवत्या वदनं लक्ष्यते। तदिह स्फटिकशिलातले उपविशतु।

जीमूतवाहनः—वयस्य, सम्यगुपलक्षितम्।—

एतन्मुखं प्रियायाः शशिनं जित्वा कपोलयोः कान्त्या।
तापाभिताम्रम् अधुना कमलं ध्रुवम् ईहते जेतुम् ॥१०॥

(मलयवतीं हस्ते गृहीत्वा) प्रिये, इहोपविशामः।

(सर्वे उपविशन्ति)

Jimutavahana—You have been late in coming, my friend.

Jester—No, my friend, I came quite early. But you could not find me here because I was busy strolling round, out of curiosity, to see the drinking bouts of Siddhas and Vidyadharas assembled on the auspicious occasion of your wedding. My friend may also come and have a look at them.

Jimutavahana—As you like it. (*Looking all arouud, joyfully*) Look, Look !—

जीमूतवाहन—बड़े विलम्ब से पहुँचे हो, मित्र !

विदूषक—भाई, मैं तो शीघ्र ही आ गया था, किन्तु इतनी देर इस विवाह के शुभ उत्सव पर सिद्धों और विद्याधरों को मिलकर मदिरा पीते और रंग-रलियाँ मनाते देखने के कुतूहल से घूमता रहा, इसीलिये आपने मुझे नहीं देखा। आइये, आप भी चलकर मौज-मेला देखिये।

जीमूतवाहन—जैसे तुम्हारी इच्छा। (हर्ष से इधर-उधर देखते हुए) अरे!—

शरीर पर चन्दन का लेप किये, सन्तान-पुष्पों के हार पहने, मणिमय आभूषणों की झिलमिल से भड़कीले वस्त्र धारण किये हुए ये विद्याधर लोग सिद्ध-गणों के साथ मिलकर चन्दन-लता-कुञ्जों की छाया में अपन प्रेयसियों की मुँह-लगी मदिरा पी रहे हैं। (९)

चलो, हम भी तमाल-वीथी की ओर चलें।

(सब जाते हैं)

विदूषक—यह आ गई तमाल-वीथी और यह रहा चन्दन-लता-मण्डप। भाभी जी, शरद् ऋतु की धूप से तुम्हारा मुख कुछ कुम्हलाया सा दीखता है। इसलिये आप इस स्फटिक-शिला पर बैठ जाएँ।

जीमूतवाहन—मित्र, तूने ठीक पहचाना। सचमुच—

अपने कपोलों की (स्वाभाविक) कान्ति से चन्द्रमा को परास्त करके अब प्रेयसी का मुख धूप से लाल होकर कमल (की शोभा) को भी जीत लेना चाहता है। (१०)

(मलयवती का हाथ पकड़कर) आओ, प्रिये, यहाँ बैठें।

(सब बैठ जाते हैं)

The Vidyadharas, with their limbs anointed with sandal-paste, are wearing wreaths of Santanaka flowers and their spotless dresses are iridescent with the flashes of their jewelry. Mixing freely with the Siddhas they are drinking under the shade of sandal trees the wines first tasted by their beloveds. (9)

Come, let us also go to the Tamala avanue.

[*All go*]

Jester—Here is the Tamala avenue. There is the sandal-bower. But I see that the face of her ladyship is a little faded with the heat of the autumn sun. She may sit down (to rest) on this crystal bench.

Jimutavahana—Friend, you have observed rightly. For,—

The face of my darling, outshining the moon by the fairness of its cheeks, now glowing red with oppressive heat, I am sure, is out to put the red lotus to shame. (10)

(*Holding* MALAYAVATI *by the hand*) Let us sit here, my dear.

[*All sit down*]

जीमूतवाहनः—(मुखमुन्नमय्य, पश्यन्) प्रिये, वृथैव त्वमस्माभिः कुसुमाकरोद्यानदर्शनकुतूहलिभिः परिखेदिता। कुतः,—

एतत् ते भ्रूलतोल्लासि पाटलाधरपल्लवम्।
मुखं नन्दनमुद्यानमतो ऽन्यत् केवलं वनम् ॥११॥

चेटी—(सस्मितं, विदूषकं निर्दिश्य) सुदं तुए कहं वण्णिदेत्ति ?

(सस्मितं, विदूषिकं निर्दिश्य) श्रुतं त्वया कथं वर्णितेति ?

विदूषकः—(सस्मितम्) चउरिए, मा एव्वं गव्वं उव्वह। अह्माणं पि मज्झे दंसणीओ जणो अत्थि एव्व। केवलं मच्छरेण को वि ण वण्णेदि।

(सस्मितम्) चतुरिके, मैवं गर्वमुद्वह। अस्माकमपि मध्ये दर्शनीयो जनो ऽस्त्येव। केवलं मत्सरेण को ऽपि न वर्णयति।

चेटी—(सस्मितम्) अज्ज, अहं दे वण्णेमि।

(सस्मितम्) आर्य, अहं ते वर्णयामि।

विदूषकः—(सहर्षम्) जीविदह्मि। करेदु होदी पसादं, जेण एसो उण ण भणादि ईदिसो तादिसो मक्कडाआरत्ति।

(सहर्षम्) जीवितो ऽस्मि। करोतु भवती प्रसादं, येनैष पुनर्न भणति ईदृशस्तादृशो मर्कटाकार इति।

चेटी—अज्ज तुवं मए विवाहजागरेण णिज्जाअमाणो णिमीलिअच्छो सोहन्तो दिट्ठो। ता एवं एव्व चिट्ठ।

अद्य त्वं मया विवाहजागरेण निन्द्रायमाणो निमीलिताक्षः शोभमानो दृष्टः। तदेवमेव तिष्ठ।

(विदूषकस्तथा करोति)

चेटी—(आत्मगतम्) जाव णीलीसाराणुआरिणा तमालपल्लवरसेण मुहं से कालीकरिस्सं। (उत्थाय, पल्लवग्रहणं कृत्वा निष्पीडनं च नाटयति)

(आत्मगतम्) यावन्नीलीरसानुकारिणा तमालपल्लवरसेन मुखमस्य कालीकरिष्यामि। (उत्थाय, पल्लवग्रहणं कृत्वा निष्पीडनं च नाटयति)

Jimutavahana—(*Raising* MALAYAVATI's *face and looking at it*) Darling, in vain we have troubled thee with our curiosity to see the Kusumakara garden. For, I think—

Thy face, with eye-brows tremulous like the creepers and petal-red lips vying with the Patala flower, is a real garden, the very Nandana (Eden) on earth, while every garden other than this is a mere forest. (*11*)

जीमूतवाहन--(मलयवती की ठोड़ी ऊपर उठाकर, देखते हुए) प्रिये, व्यर्थ ही हमने कुसुमाकर उद्यान के दर्शन-कुतूहल द्वारा तुझे कष्ट पहुँचाया, क्योंकि—

भ्रुकुटी रूपी लताओं से सुशोभित, रक्त अधरों से पल्लवित यह तेरा (आनन्द देने वाला) मुखड़ा ही बस एकमात्र (स्वर्ग का) नन्दन उद्यान है, इसके अतिरिक्त और सब (उद्यान) तो निरे जंगल हैं। (११)

चेटी--(मुस्कराकर, विदूषक को लक्ष्य करके) सुना, (बीबी जी का) कैसा (मनोहर) वर्णन किया गया है ?

विदूषक--(मुस्कराते हुए) हाँ चतुरिका, तो इसमें तेरे गर्व करने की कौन सी बात है ? सुन्दर व्यक्ति तो हमारे में भी हैं, केवल डाह से कोई उनका वर्णन (प्रशंसा) नहीं करता।

चेटी--(मुस्करा कर) अजी, मैं तुम्हारा वर्णन (=प्रशंसा-रंगना) करती हूँ।

विदूषक--(फूला न समाता हुआ) मैं धन्य हूँ ! हाँ, इतनी कृपा तो करो ही--जिससे यह फिर कभी मुझे "ऐसा-वैसा बन्दर जैसा" न कह सके।

चेटी--अच्छा ! आज मैंने तुझे विवाहोत्सव के रतजगे के कारण ऊँघते देखा था--आँखें मुंदी हुई और ऐसा सुन्दर ! उसी प्रकार एक वार फिर बैठकर दिखाओ तो।

(विदूषक वैसे ही बैठ जाता है)

चेटी—(मन ही मन) अब अवसर है, घुले हुए नील के समान तमाल-पत्रों के रस से इसका मुँह काला करती हूँ। (उठकर पत्ते तोड़कर उन्हें निचोड़ने का अभिनय करती है)

Maid—(*Smiling, addressing the* Jester) Do you hear how she has been depicted ?

Jester—(*Smiling*) Don't ye feel elated on that account, Chaturika. Handsome persons are not wanting amongst us, too. But it is through envy that nobody comes forward to depict them so well.

Maid--(*Smiling*) Why, I shall put you in true colours, sir.

Jester—(*Joyfully*) You make me alive! Please, please, madam, do this favour to me, so that this man may not say again, "You are like this, you are like that, you have a monkey's face, and so on."

Maid—Sir, I saw you this morning with your eyes closed, drowsing after the wedding vigil—how beautiful you looked t en! May you again sit in that pose now.

[Jester *does so*]

Maid—(*Aside*) Now I shall blacken his face with the juice of Tamala leaves which resembles the blue indigo solution. (*Rising up, plucking leaves, acts as if crushing them*)

(जीमूतवाहनो मलयवती च विदूषकस्य मुखं पश्यतः)

जीमूतवाहनः—वयस्य, धन्यः खल्वसि, यदस्मासु तिष्ठत्सु त्वमेवं वर्ण्यसे।

(चेटी तमालपल्लवस्थ रसे विदूषकस्य मुखं नाट्येन कालीकरोति)

(मलयवती सस्मितं विदूषकं दृष्ट्वा जीमूतवाहनं पश्यति)

जीमूतवाहनः—

स्मितपुष्पोद्गमो ऽयं ते दृश्यते ऽधरपल्लवे।
फलं तु जातं मुग्धाक्षि पश्यतश् चक्षुषोर्मम॥१२॥

विदूषकः—भोदि, किं दे किदं ?

भवति, किं ते कृतम् ?

चेटी—णं वण्णिदो सि।

ननु वर्णितो ऽसि।

विदूषकः—(हस्तेन मुखं परामृज्य, हस्तं दृष्ट्वा, सरोषं दण्डकाष्ठमुद्यम्य, ससंरम्भम्) दासीए धीदे, राअउलं क्खु एदं। किं दे करिस्सं ? (जीमूतवाहनमुद्दिश्य) भो, तुह्माणं पुरदो एव्व अहं दासीए धीदाए खलीकिदो ह्मि। किं मम इह ट्ठिदेण ? अण्णदो गमिस्सं। (निष्क्रान्तः)

(हस्तेन मुखं परामृज्य, हस्तं दृष्ट्वा, सरोषं दण्डकाष्ठमुद्यम्य, ससंरम्भम्) दास्याःपुत्रि, राजकुलं खल्वेतत्। किं ते करिष्यामि ? (जीमूतवाहनमुद्दिश्य) भो, युष्माकं पुरत एवाहं दास्याःपुत्र्या खलीकृतो ऽस्मि। किं ममेह स्थितेन ? अन्यत्र गमिष्यामि। (निष्क्रान्तः)

चेटी—कुविदो क्खु मम अज्जो अत्तेओ। जाव गदुअ पसादेमि

कुपितः खलु मम आर्य आत्रेयः। यावद् गत्वा प्रसादयामि।

मलयवती—हञ्जे चउरिए, कहं मं एआइणिं उज्झिअ गच्छसि ?

हञ्जे चतुरिके, कथं मामेकाकिनीमुज्झित्वा गच्छसि ?

चेटी—(जीमूतवाहनमुद्दिश्य, सस्मितम्) एवं एव्व चिरं एआइणी होहि।

(जीमूतवाहनमुद्दिश्य, सस्मितम्) एवमेव चिरमेकाकिनी भव।

(निष्क्रान्ता)

[JIMUTAVAHANA *and* MALAYAVATI *meanwhile keep looking at* JESTER'S *face*]

Jimutavahana—You are a lucky dog, my friend that you are going to be depicted in true colours before our very eyes.

[MAID *acts as if blackening* JESTER'S *face with Tamala juice*]

[MALAYAVATI *smilingly looks at* JESTER, *and then at* JIMUTAVAHANA]

Jimutavahana—

The efflorescence of a smile, O my fair-eyed darling, is bursting on thy leaf-like lips there, while its fruit, as I look at it, has appeared on my eyes here. (12)

(जीमूतवाहन और मलयवती विदूषक के मुँह की ओर देखते हैं)

जीमूतवाहन—वाह मित्र, कैसा भाग्यवान् है तू, जो हमारे बैठे-बैठे तेरे सौन्दर्य में चार चाँद लगने लगे !

(चेटी तमालपत्रों के रस से विदूषक का मुख पोतती है)

(मलयवती मुस्कराती हुई, विदूषक को देखकर, जीमूतवाहन की ओर ताकती है)

जीमूतवाहन—

मुग्धाक्षि, मुस्कराहट के फूल तो तेरे अधर-किसलयों पर खिल उठे हैं, पर फल तुझे निहारती इन मेरी आँखों को मिल गया है ! (१२)

विदूषक—क्यों जी, तुमने यह क्या किया ?

चेटी—तुझे वर्णित (रञ्जित) ही तो किया है ।

विदूषक—(हाथ से मुँह पोंछकर, हाथ को देखकर, क्रोध से डण्डा उठाकर, हड़बड़ाता हुआ) चुड़ैल कहीं की, राजकुल में बैठे हैं ! पर तेरा करूँ क्या ? (जीमूतवाहन को लक्ष्य करके) देखा आपने, आपके संमुख इस चुड़ैल ने मुझे उल्लू बनाया है ! अब मेरा यहाँ ठहरने का क्या काम ? और कहीं जाता हूँ । (निकल जाता है)

चेटी—अरे, आत्रेय भैय्या तो मुझसे रूठ ही गए ! मैं जाकर उन्हें मना लाती हूँ ।

मलयवती—अरी चतुरिका, तू मुझे अकेली छोड़े जा रही है ?

चेटी—(जीमूतवाहन की ओर संकेत करके, मुस्कराती हुई) ऐसी अकेली तो तू सदा ही बनी रहे ! (चली जाती है)

Jester—Madam, what have you done ?

Maid—Only painted you in bright colours, sir.

Jester—(*Wiping face with hand, looking at hand, angrily taking up stick, in a rage*) O hussy, we are with the royal family here ! How shall I punish you ? (*Turning to* JIMUTAVAHANA) Look here, sir ! I have been made a fool of in your very presence by this misbegotten maid. What is the good of my staying here ? I had better go somewhere else.

Maid—Revered Atreya has indeed grown angry with me. So I shall go and pacify him.

Malayavati—Ha, Chaturika, my girl ! you go away leaving me alone ?

Maid—(*Pointing to* JIMUTAVAHANA, *smiling*) I wish you were alone like this for ever. (*Exit*)

जीमूतवाहनः—

दिनकर-करामृष्टं बिभ्रद् द्युतिं परिपाटलां
दशन - किरणैर् उत्सर्पद्भिः स्फुटीकृत - केसरम् ।
अयि, मुखम् इदं मुग्धे, सत्यं समं कमलेन ते
मधु मधुकरः किन्त्वेतस्मिन् पिबन् न विभाव्यते ॥१३॥

(मलयवती विहस्य मुखमुन्नमयति)

(जीमूतवाहनो दिनकरेति तदेव पठति)

(प्रविश्य)

चेटी—(सहसोपसृत्य) एसो क्खु सिद्धजुअराओ मित्तावसू केण वि कज्जन्तरेण कुमारं पेक्खिदुं आअदो ।

(सहसोपसृत्य) एष खलु सिद्धयुवराजो मित्रावसुः केनापि कार्यान्तरेण कुमारं प्रेक्षितुमागतः ।

जीमूतवाहनः—प्रिये, गच्छ त्वमात्मनो गृहम् । अहमपि मित्रावसुं दृष्ट्वा त्वरिततरमागत एव ।

(चेटीसहिता निष्क्रान्ता मलयवती । ततः प्रविशति मित्रावसुः)

मित्रावसुः—

अनिहत्य तं समर्थः कथमिव जीमूतवाहनस्याहम् ।
कथयिष्यामि तव हृतं राज्यं रिपुणेति निर्लज्जः ॥१४॥

तथाप्यनिवेद्यायुक्तरूपं गमनमिति निवेद्य गच्छामि । (उपसर्पति)

जीमूतवाहनः—मित्रावसो, इह आस्यताम् ।

(मित्रावसुरुपविशति)

जीमूतवाहनः—ससंरम्भ इव लक्ष्यसे ?

Jimutavahana—

This face of thine, my darling, grown red with the rays of the sun and displaying filaments of light radiating from the teeth, is truly like a lotus. But one misses the bee sucking the honey from it. (13)

[MALAYAVATI *laughs and raises up her face*]

[JIMUTAVAHANA *repeats the same stanza*—"This face of thine, etc."]

[*Enter*]

जीमूतवाहन—

मुग्धे, यह तेरा मुखड़ा तो सचमुच ही कमल के समान है। क्योंकि सूर्य की किरणों के स्पर्श से यह लालिमा को धारण किये हुए है, और इसमें से उठती हुई दाँतों की चमकीली किरणें स्पष्ट केसर के समान हैं। किन्तु इसपर मधुरस पान करता हुआ भौंरा दिखाई नहीं देता! (१३)

(मलयवती हँसती हुई मुँह को ऊपर उठाती है)

(जीमूतवाहन फिर वही दुहराता है—'मुग्धे, यह तेरा मुखड़ा...')

(चेटी का प्रवेश)

चेटी—(झटपट पास आकर) **महाराज, सिद्ध युवराज मित्रावसु किसी कार्यवश आपके दर्शन करने आए हैं।**

जीमूतवाहन—**प्रिये, तुम अपने घर चलो। मैं मित्रावसु से मिलकर शीघ्र ही आ रहा हूँ।**

मित्रावसु—

शक्ति-शाली होता हुआ भी मैं उस शत्रु को मारे बिना निर्लज्ज बनकर जीमूतवाहन से कैसे कह दूँ कि तेरा राज्य शत्रु ने छीन लिया है? (१४)

और बताए बिना चले जाना भी ठीक नहीं, इसलिये अब बताकर ही जाऊँगा। (पास जाता है)

जीमूतवाहत—**आओ, भाई मित्रावसु, आओ बैठो।**

(मित्रावसु बैठ जाता है)

जीमूतवाहन—**कुछ घबराए से लगते हो?**

Maid—(*Approaching suddenly*) Here is Mitravasu, the Siddha Prince, come to see the Prince on some business.

Jimutavahana—Darling, better go home. I shall be back just now after seeing Mitravasu.

[*Exit* MALAYAVATI *with* MAID. *Enter* MITRAVASU]

Mitravasu—

How dare I convey brazen-facedly the news to Jimutavahana that his kingdom has been annexed by the foe, without having first vanquished the latter with all the forces at my command. (*14*)

Nevertheless, it is not proper to go on the expedition withont informing him. So I shall first inform him and then go.

Jimutavahana—Come, Mitravasu, take your seat here.

[*Mitravasu sits down*]

Jimutavahana—You look some what agitated ?

मित्रावसुः—कः खलु मतङ्गहतके संरम्भः ?

जीमूतवाहनः—किं कृतं मतङ्गेन ?

मित्रावसुः—स्वनाशाय युष्मदीयं किल राज्यमाक्रान्तम् ।

जीमूतवाहनः—(सहर्षमात्मगतम्) अपि नाम सत्यमेतत् स्यात् !

मित्रावसुः—तदुच्छित्तये मामाज्ञापयतु कुमारः । किं बहुना,—

संसर्पद्भिः समन्तात् कृतसकलवियन्मार्गयानैर्विमानैः
कुर्वाणाः प्रावृषीव स्थगितरविरुचः श्यामतां वासरस्य ।
एते याताश्च सद्यस्तव वचनमितः प्राप्य युद्धाय सिद्धाः
सिद्धं चोद्वृत्तशत्रुक्षयभयविनमद्राजकं ते स्वराज्यम् ॥१५॥

अथवा, किं बलौघैः ?

एकाकिनाऽपि हि मया रभसावकृष्ट-
निस्त्रिंश - दीधिति - सटा - भर - भासुरेण ।
आरान्निपत्य हरिणेव मतङ्गजेन्द्रम्
आजौ मतङ्ग-हतकं हतमेव विद्धि ॥१६॥

जीमूतवाहनः—(कर्णौ पिधाय, आत्मगतम्) हहह, दारुणमभिहितम् ! अथवा, एवं तावत् । (प्रकाशं, सस्मितम्) मित्रावसो, कियदेतत् ? बहुतरमतोऽपि बाहुशालिनि त्वयि संभाव्यते । किन्तु,—

स्वशरीरमपि परार्थे यः खलु दद्यामयाचितः कृपया ।
राज्यस्य कृते स कथं प्राणिवधक्रौर्यमनुमन्ये ॥१७॥

Mitravasu—How can a wretch like Matanga be the cause of agitation ?

Jimutavahana—What has Matanga done ?

Mitravasu—Only invited his own ruin by invading your territory.

Jimutavahana—(*Joyfully, aside*) How I wish it were true !

Mitravasu—I am only awaiting orders from the Prince for putting him to route. What more shall I say but that,—

Sooner than they have got orders from you, the Siddha armies, covering the whole field of the sky with their air fleet rushing from all sides, and turning the daylight into a loury gloom as it were by screening the sun from view, shall set out for battle and clear your territory of the headstrong foe who has terrorized your vassal chiefs by his depradations. (15)

मित्रावसु—दुष्ट मतङ्ग से भला क्या घबराना ?

जीमूतवाहन—क्यों, मतङ्ग ने क्या किया है ?

मित्रावसु—केवल आपके राज्य पर आक्रमण करके अपनी मौत बुलाई है।

जीमूतवाहन—(सहर्ष, मन ही मन) क्या ही अच्छा हो यदि यह सच हो !

मित्रावसु—उसीके विनाश के लिये आप मुझे अनुमति-भर दे दें। बहुत क्या कहूँ—

आप की आज्ञा हुई नहीं कि बस, ये सिद्ध वीर विमानों में (बैठकर) सारे आकाश मार्ग में चारों ओर उड़ते हुए और सूर्य की किरणों को रोककर दिन को वर्षाकाल की भाँति अन्धकारमय बनाते हुए तत्क्षण युद्ध के लिये प्रयाण कर देंगे और तेरे राज्य को—जहाँ उद्धत शत्रु की मार-धाड़ और आतंक ने अन्यान्य रजवाड़ों को वशी-भूत किया हुआ है—पुनः हस्तगत कर लेंगे। (१५)

अथवा, सैन्य-समूह की भी क्या आवश्यकता है ?—

मैं अकेला ही पर्याप्त हूँ। आप समझ लें कि मतङ्ग मरा कि मरा, जब मैं युद्ध भूमि में अपनी चमचमाती तलवार को तेज़ी से निकालकर निकट से ही उसपर ऐसे टूट पड़ूँगा जैसे कोई कटार सी चमकती हुई सटाओं वाला सिंह किसी मत्त-मतङ्ग पर टूट पड़ता है। (१६)

जीमूतवाहन—(कान मूँदकर, मन ही मन) हाय, हाय, कैसी क्रूर बात कह दी इसने ! अस्तु, ऐसे कहता हूँ। (प्रकट, मुस्कराता हुआ) मित्रावसु, यह तो बात ही क्या है ! आपके बाहुबल से तो इससे कहीं अधिक शौर्य की बातें संभव हैं। किन्तु,—

मैं जो बिना माँगे ही दया से अपने शरीर को परोपकार के हित अर्पित करने के लिये सदा उद्यत रहता हूँ, भला कैसे एक राज्य के लिये प्राणि-वध के इस घोर कर्म की अनुमति दे दूँ ? (१७)

Or, why say large armies ?—

You may take the wretched Matanga as dead, for I alone will be the death of him, when drawing my bright sword I shall make a dash and fall upon him in the battle-field and engage with him in a close combat, like a lion, with his mane glistening like a flashing sword, springing upon a wild elephant. (16)

Jimutavahana—(*Stopping his ears, aside*) What a cruel idea ! Or, I shall say this. (*Aloud*) Mitravasu, it is but a trifle (for a man like you). Far bigger exploits could be expected of you who are so powerful. But,—

How can such a one as I, who am always ready to sacrifice my life out of compassion for the sake of others even without waiting for the asking, give my approval to a carnage for the sake of a kingdom ? (17)

अपि च, क्लेशान् विहाय शत्रुबुद्धिरेव मे नान्यत्र । यदि ते ऽस्मत्प्रियं कर्तुमीहा, तदनुकम्प्यतामसौ क्लेशदासीकृतस्तपस्वी ।

मित्रावसुः—(सामर्षं सहासं च) कथं नानुकम्प्यते? यादृशो ऽसावस्माकमुपकारी कृपणश्च !

जीमूतवाहनः—(आत्मगतम्) प्रत्यग्रकोपाक्षिप्तचेतास्तावदसौ न शक्यते निवर्तयितुम् । तदेवं तावत् । (प्रकाशम्) मित्रावसो, उत्तिष्ठ । अभ्यन्तरमेव प्रविशावः । तत्र च त्वां बोधयिष्यामि । संप्रति परिणतमहः । तथाहि,—

निद्रामुद्रावबन्धव्यतिकरम् अनिशं पद्मकोशादपास्यन्
आशा - पूरैक - कर्म - प्रवण - निज-कर-प्रीणिताशेष - विश्वः ।
दृष्टः सिद्धैः प्रसक्तस्तुतिमुखरमुखैरस्तमप्येष गच्छन्
एकः श्लाघ्यो विवस्वान् परहितकरणायैव यस्य प्रयासः ॥१८॥

(निष्क्रान्तौ)

तृतीयो ऽङ्कः

Besides, I harbour no animosity against anyone but carnal passions. But if you are really anxious to do a good turn to me, then you should rather pity that poor fellow who is a slave to his passions.

Mitravasu—(*With indignation and a sneer*) Why not pity him ? as if he has been our great benefactor and deserves our sympathy !

Jimutavahana—(*Aside*) It is difficult to check him at this moment when his mind is in a fresh transport of rage. Anyway, let me try like this. (*Aloud*) Get up, Mitravasu, let us go in. There I shall give you my advice, for the day has come to a close. See,—

और मैं तो विषय-वासनाओं के अतिरिक्त किसीको भी अपना शत्रु नहीं समझता। यदि सचमुच तुम मुझे प्रसन्न करना चाहते हो तो उस बेचारे विषयों के दास (मतङ्ग) पर अनुकम्पा करो।

मित्रावसु—(क्रोध से, व्यंग्यपूर्वक हँसते हुए) अनुकम्पा क्यों न करूँ ? उसीने जो हमारे ऊपर बड़ा उपकार किया है ? वह बेचारा !

जीमूतवाहन—(मन ही मन) अभिनव क्रोध से इसका मन क्षुब्ध है, इसलिये अभी इसे रोकना असम्भव है। अस्तु, ऐसे सही। (प्रकट) उठो मित्रावसु, अन्दर चलें, वहीं चलकर तुम्हें समझाऊँगा। अब तो दिन भी ढल चुका है। क्योंकि,—

केवल सूर्य (देवता) ही एक ऐसा परोपकारी है, जिसकी अस्त वेला में भी सिद्ध-जन टकटकी लगाए मुक्त कण्ठ से स्तुति करने में लीन हैं। कहाँ तक प्रशंसा की जाए—इसकी प्रत्येक चेष्टा-क्रिया दूसरों की भलाई के लिये होती है। दिनभर दिग्दिगन्तर को (प्रकाश से) पूरित करने के एक मात्र कर्तव्य में रत अपनी किरणों से, मानों आशा पूरी करने में निरन्तर लगे हुए अपने हाथों से, सारी सृष्टि को आह्लादित करता है और कमलों के मुँदे कोषों (=मुरझाए मुखड़ों) से संकोच-रूपी निद्रा को सदैव दूर करता है। (१८)

(दोनों का निष्क्रमण)

तृतीय अङ्क समाप्त

Ever engaged in removing the wilting look from the face of the closed lotuses, ever delightnig the whole world by flooding the quarters with his rays as if solely engaged in fulfilling men's desires, and ever looked at (with reverence) by the Siddhas with loud songs of praise—the sun, even while it is setting, is the one laudable exemplar of all whose efforts are directed towards the good of others. (*18*)

[*Exeunt both*]

END OF THE THIRD ACT

चतुर्थोऽङ्कः

(ततः प्रविशति गृहीतवस्त्रयुगलः काञ्चुकीयः, प्रतीहारश्च)

काञ्चुकीयः—

अन्तःपुराणां विहितव्यवस्थः पदे पदेऽहं स्खलितानि रक्षन् ।
जरातुरः संप्रति दण्डनीत्या सर्वं नृपस्यानुकरोमि वृत्तम् ॥१॥

प्रतीहारः—आर्य, क्व नु खलु भवान् प्रस्थितः ?

काञ्चुकीयः—आदिष्टोऽस्मि देव्या मित्रावसोर्जनन्या, यथा—"कञ्चुकिन्, त्वया दशरात्रं यावन्मलयवत्या जामातुश्च रक्तवासांसि नेतव्यानीति"। कुत्र प्रथमं गच्छामि ? राजसुता च श्वशुरकुले वर्तते। जीमूतवाहनोऽपि युवराजेन मित्रावसुना सह समुद्रवेलां द्रष्टुमद्य गत इति मया श्रुतम्। तन्न जाने किं मलयवत्याः समीपं गच्छाम्युताहो जामातुरिति।

प्रतीहारः—आर्य, वरं राजपुत्र्याः समीपगमनम्। तत्र हि कदाचिदियत्या वेलया जामाता प्रत्यागतो भविष्यति।

काञ्चुकीयः—सुनन्द, साधूक्तम्। भवता पुनः क्व गम्यते ?

प्रतीहारः—अहमपि महाराजविश्वावसुना समादिष्टः, यथा—"सुनन्द, गच्छ, मित्रावसुं ब्रूहि—अस्मिन् दिवसे प्रतिपदुत्सवे मलयवत्या जामातुश्चैतदुत्सवानुरूपं किञ्चिदागत्य निरूपयेति"। तद् गच्छतु राजपुत्र्याः सकाशमार्यः। अहमपि मित्रावसोराह्वानाय गच्छामि।

(निष्क्रान्तौ)

विष्कम्भकः

FOURTH ACT

[*Enter* CHAMBERLAIN *carrying a pair of wedding-shawls, and* PORTER]

Chamberlain—

Maintaining the order of the harem, guarding against stumbling at every step by the guidance of a staff, I, who am now enfeebled by age, imitate the whole conduct of a king, who maintains the order of his towns within and guards them against slips continually by the administration of justice. (*1*)

Porter—Whither have you set out, sir ?

Chamberlain—I have been ordered by Queen, the mother of Mitravasu, saying, "Chamberlain, for ten days daily you should take red clothes to Malayavati and my son-in-law." Now, whither should I go first ? The Princess is in her father-in-law's house, while Jimutavahana, I hear, has today gone to see the tide on the sea-shore in company with the Crown Prince

चतुर्थ अङ्क

(विवाह का जोड़ा लिये कञ्चुकी, और प्रतीहार का प्रवेश)

कञ्चुकी—

इस बुढ़ापे में मेरा आचरण सर्वथा एक राजा का-सा है। राजा के हाथ में पुर के आभ्यन्तर शासन की व्यवस्था होती है तो मेरे हाथ में अन्तःपुर की। राजा यदि दण्ड-नीति द्वारा प्रजा की अपराध-वृत्ति को रोकता है तो मैं डण्डे के सहारे अपने-आपको ठोकरों से बचाता हूँ। (१)

प्रतीहार—किधर चल दिये, महाराज ?

कञ्चुकी—मित्रावसु की माता रानी जी ने मुझे आदेश दिया है कि—"कञ्चुकी, दस दिन लगातार तुम्हें मलयवती और जँवाई को लाल-जोड़े पहुँचाने होंगे।" पहले किधर जाऊँ ? राजकुमारी तो सुसराल में है और सुना है कि आज जीमूतवाहन भी युवराज मित्रावसु के साथ समुद्र में ज्वार देखने गए हैं। इसलिये समझ नहीं आता (पहले) मलयवती की ओर जाऊँ कि जँवाई की ओर ?

प्रतीहार—भाई, पहले राजकुमारी के पास जाना ही ठीक है। इतनी देर हो गई है, संभव है जँवाई भी वहीं लौट आए हों।

कञ्चुकी—सुनन्द, भाई तुमने ठीक कहा है। पर तुम स्वयं किधर जा रहे हो ?

Old Queen—(*Addressing* MALAYAVATI) My child, control thy emotion if just for a wee moment. See, hese ttears of thine, falling unremittingly, are extinguishing the fire (in thy hand),

[*All walk about*]

गरुडः—हा पुत्र जीमूतवाहनेति ब्रवीति ! व्यक्तमयमस्य पिता । अतः कृतमेतदीयेनाग्निना । अपि च न शक्नोम्यस्य पुत्रघाती लज्जया मुखं दर्शयितुम् । अथवा, किमग्निहेतोः पर्याकुलो ऽहम् ? तटस्थ एवास्मि जलनिधेः । तद् यावदिदानीं,—

ज्वालाभङ्गैस् त्रिलोकीग्रसनरसचलत्कालजिह्वाग्रकल्पैः
सर्पद्भिः सप्त सर्पिष्कणमिव कवलीकर्तुमीशे समुद्रान् ।
स्वैर् एवोत्पातवातप्रसरपटुतरैर् धुक्षिते पक्षवातैर्
अस्मिन् कल्पावसानज्वलनभयकरे बाडवाग्नौ पतामि ॥२२॥

(उत्थातुमिच्छति)

जीमूतवाहनः—भोः पतगाधिराज ! अलमनेन व्यवसायेन । नायं प्रतीकारो ऽस्य पाप्मनः ।

गरुडः—(जानुभ्यां स्थित्वा, कृताञ्जलिः) महात्मन् ! कस्तर्हि कथ्यताम् ?

जीमूतवाहनः—प्रतिपालय क्षणम् । पितरौ मे प्राप्तौ । यावदेतौ प्रणमामि ।

गरुडः—एवम् ।

जीमूतकेतुः—(दृष्ट्वा, सहर्षम्) देवि ! दिष्ट्या वर्धसे । अयमसौ वत्सो जीमूतवाहनो न केवलं ध्रियते, प्रत्युत पुरः कृताञ्जलिना शिष्येणेव गरुडेन पर्युपास्यमानस्तिष्ठति ।

देवी—महाराअ ! किदत्थह्मि । अक्खदसरीरस्स एव्व पुत्तअस्स मुहं दिट्ठं ।
महाराज ! कृतार्था ऽस्मि । अक्षतशरीरस्यैव पुत्रकस्य मुखं दृष्टम् ।

Garuda—"O my son, Jimutavahana"—so he cries ! Certainly he must be his father. Let alone his fire. I cannot even show him my face out of sheer shame of having killed his son. Or, why at all should I be worried for want of fire, when I am sitting on the sea-coast ? Now lo !—

I am going to plunge into this Submarine Fire at hand which is as terrific as the (all-enveloping) fire of Destruction which, when kindled with the blasts of air, more violent than the havoc-making gusts of the whirlwind, stirred by my wings, is capable of consuming the seven seas like a drop of ghee by means of its fast-spreading flames that are comparable to the tongues of Death lolling with tho gusto of devouring the three worlds. (22)

[*About to rise*]

Jimutavahana—O King of Birds, withhold thyself from this desperate step. This is no atonement of the sin thou hast committed.

गरुड—अरे, यह तो "हा पुत्र जीमूतवाहन" कहकर बिलख रहा है ! निःसन्देह यह इसका पिता है। तो रहने दो इसकी आग को। इसके पुत्र की हत्या से लज्जित मैं इसे क्या मुँह दिखाऊँ ? अथवा, अग्नि पाने के लिये मैं इतना व्याकुल क्यों हो रहा हूँ ? मैं समुद्र के तट पर ही तो बैठा हूँ। तो फिर अभी,—

मैं इस प्रलयाग्नि सी भयंकर बड़वाग्नि में ही कूद पड़ता हूँ जो कि उत्पातकारी बवंडर के वेग से भी अधिक प्रचण्ड मेरे अपने पंखों की पवन से संधुक्षित है और जो तीनों लोकों को हड़प करने की लालसा से लपलपाती हुई काल की जिह्वा की नोक के समान अपनी उठती हुई ज्वालाओं से सातों समुद्रों को घी की एक बूँद की न्याईं चट कर जाने में समर्थ है ! (१८)

(उठना चाहता है)

जीमूतवाहन—हे पक्षिराज, ऐसा दुःसाहस मत करो ! यह तो इस पापका कोई प्रतीकार नहीं।

गरुड—(घुटने टेककर, हाथ जोड़कर) तो और क्या है ? आप ही बताएँ महाराज !

जीमूतवाहन—क्षणभर ठहरें। मेरे माता-पिता आ रहे हैं। मैं तनिक उन्हें प्रणाम कर लूँ।

गरुड—अवश्य।

जीमूतकेतु—(देखकर, सहर्ष) देवि, धन्य भाग, तुझे बधाई हो! यह रहा बेटा जीमूतवाहन, जो केवल जीवित ही नहीं प्रत्युत स्वयं गरुड उसके संमुख शिष्यवत् हाथ जोड़े उसकी शुश्रूषा कर रहा है।

देवी—महाराज मेरा जीवन सफल हुआ जो मैंने जीते-जागते पुत्र का मुखड़ा देख लिया।

Garuda—(*Kneeling down, with folded hands*) Then what else is, pray tell me, noble sir ?

Jimutavahana—Wait for a while. My parents have arrived. Let me first pay them my respects.

Garuda—By all means.

Jimutaketu—(*Seeing, joyfully*) Congratulations, my Queen ! Here is our child Jimutavahana, who is not only alive but is being honoured by Garuda, sitting in front with hands folded like an obedient pupil.

Old Queen—My lord, I am really lucky to have been able to see the face of my child, who is hale and hearty.

मलयवती—जं सच्चं एव्व अय्यउत्तं पेक्खन्ती वि असंभावणीअं त्ति करिअ ण पत्तिआमि ।

यत्सत्यमेवार्यपुत्रं पश्यन्त्यप्यसंभावनीयमिति कृत्वा न प्रत्येमि ।

जीमूतकेतुः—(उपसृत्य) वत्स, एह्येहि । परिष्वजस्व माम् ।

(जीमूतवाहनः उत्थातुमिच्छन्, पतितोत्तरीयो मूर्च्छितः)

शङ्खचूडः—कुमार ! समाश्वसिहि, समाश्वसिहि ।

जीमूतकेतुः—हा वत्स ! कथं दृष्ट्वा ऽपि मां परित्यज्य गतो ऽसि ?

देवी—हा पुत्तअ ! कहं वाआमत्तएण वि तुए ण संभाविदह्मि ?

हा पुत्रक ! कथं वाङ्मात्रेणापि त्वया न संभाविता ऽस्मि ?

मलयवती—हा अय्यउत्त ! कहं गुरुजणो वि तुए उवेक्खिदव्वो ?

हा आर्यपुत्र ! कथं गुरुजनो ऽपि त्वयोपेक्षितव्यः ?

(मोहं गच्छन्ति)

शङ्खचूडः—हा शङ्खचूडहतक ! गर्भ एव किं न विपन्नो ऽसि, येनैवं क्षणे-क्षणे मरणाधिकं दुःखमनुभवसि ?

गरुडः—सर्वमेतन्मम नृशंसस्यासमीक्ष्यकारिताया विजृम्भितम् । तदेतदपि तावत् करोमि । (पक्षाभ्यां वीजयन्) समाश्वसिहि महात्मन्, समाश्वसिहि ।

जीमूतवाहनः—(समाश्वस्य) शङ्खचूड, समाश्वासय गुरून् ।

शङ्खचूडः—(उपसृत्य) तात ! समाश्वसिहि । अम्ब ! समाश्वसिहि । समाश्वसितो जीमूतवाहनः । किं न पश्यथ, प्रत्युत युष्मानेव समाश्वासयितुमुपविष्टस्तिष्ठति ?

(उभौ समाश्वसितः)

देवी—हा पुत्तअ ! पेक्खन्ताणं एव्व अह्माणं कदन्तहदएण अवहारीअसि !

हा पुत्रक ! प्रेक्षमाणानामेवास्माकं कृतान्तहतकेनापह्रियसे !

Malayavati—True, though I see my lord before me, I cannot believe my eyes, thinking it was impossible !

Jimutaketu—(*Approaching*) Come, my child, come and cling thee close to my heart.

[JIMUTAVAHANA *trying to rise, his scarf slips and he faints*]

Sankhachuda—Prince, hold thyself up, hold thyself up !

Jimutaketu—Ah, son ! even after seeing me thou hast gone away leaving me behind, thus ?

Old Queen—Oh, my child ! thou didst not accost me even with a word of greeting ?

Malayavati—Ha, my lord ! thou shouldst be so remiss to greet thy elders ?

[*All swoon*]

मलयवती—आर्यपुत्र को सचमुच सामने देखते हुए भी यह समझकर कि ऐसी बात असंभव है मुझे विश्वास नहीं होता।

जीमूतकेतु—(पास जाकर) आओ, बेटा, आओ, मुझे छाती से लगा लो।

(जीमूतवाहन उठना चाहता है, दुपट्टा ऊपर से गिर जाता है, वह मूर्च्छित हो जाता है)

शङ्खचूड—कुमार, सँभलो, तनिक सँभलो !

जीमूतकेतु—हा बेटा, क्या मुझे देखकर भी मुझे छोड़ चले हो ?

देवी—हाय बेटा, एक शब्द बोलकर भी तू मेरा स्वागत न कर सका ?

मलयवती—हाय स्वामी, क्या आप गुरुजनों की भी उपेक्षा करने लगे ?

(सब मूर्च्छित हो जाते हैं)

शङ्खचूड—हाय रे अधम शङ्खचूड ! तू गर्भ में ही क्यों न मर गया, जो इस प्रकार प्रतिक्षण मृत्यु से भी दारुण दुःख झेल रहा है ?

गरुड—यह सारा विपत्ति जाल मेरे जैसे नृशंस के बिना विचारे काम करने का फल है। इसलिये कम-से-कम इतना तो करूँ ही। (पंखों से हवा करते हुए) होश में आइये, महाराज, होश में आइये।

जीमूतवाहन—(होश में आकर) शङ्खचूड, तू माता-पिता को होश में ला।

शंखचूड—(पास जाकर) बाबा ! होश में आओ ! अम्माँ ! तुम भी होश सँभालो। जीमूतवाहन होश में आ चुका है। देखते नहीं, वह तो तुम्हें ही ढारस बँधाने के लिये उठ बैठा है ?

(दोनों होश में आते हैं)

देवी—हाय बेटा ! हमारे देखते-ही-देखते यह निगोड़ा यम तुझे लिये जा रहा है।

Sankhachuda—Oh, thou wretch of a Sahkhachuda ! why couldst not thou die ere thou wast born, that every moment thou hast to bear this agony worse than death ?

Garuda—All this mess is the result of thoughtlessness on my part who am so cruel. Let me do this much at least. (*Fanning with wings*) Recover thyself, my noble man, recover.

Jimutavahana—(*Recovering*) Sankhachuda, bring thou my parents back to consciousness.

Sankhachuda—Revive, old father ! revive. Revive, mother ! revive. Jimutavahana has recovered himself. Don't you see that he has sat up only to bring you back to consciousness ?

[*Both revive*]

Old Queen—O my son ! that thou shouldst be thus snatched away from us by the cursed Death before our very eyes !

जीमूतकेतुः—देवि, मैवममङ्गलं वादीः । ध्रियत एवायुष्मान् । तद् वधूस्तावदाश्वास्यताम् ।

देवी—(वस्त्रेण मुखमावृण्वती रुदत्येव) पडिहदं क्खु अमङ्गलं ! ण रोदिस्सं । जादे, समस्सस दाव । वरं एत्तिअं वेलं भत्तुणो दे मुहं दिट्ठं ।

(वस्त्रेण मुखमावृण्वती रुदत्येव) प्रतिहतं खल्वमङ्गलम् । न रोदिष्यामि । जाते, समाश्वसिहि तावत् । वरमियतीं वेलां भर्तुस्ते मुखं दृष्टम् ।

मलयवती—(समाश्वस्य) हा अय्यउत्त ! किं करोमि मन्दभाइणी ?

(समाश्वस्य) हा आर्यपुत्र ! किं करोमि मन्दभाग्या ?

देवी—(मलयवत्या मुखं पाणिना परामृज्य) वच्छे, मा एव्वं करेहि । पडिहदं खु एदं ।

(मलयवत्या मुखं पाणिना परामृज्य) वत्से, मैवं कुरु । प्रतिहतं खल्वेतत् ।

जीमूतकेतुः—(सास्रम्)—

विलुप्तशेषाङ्गतया प्रयातान् निराश्रयत्वादिव कण्ठदेशम् ।
प्राणान् वहन्तं तनयं निरीक्ष्य कथं न पापः शतधा व्रजामि ॥२३॥

मलयवती—अदिदुक्खरकारिणी क्खु अहं, जा ईदिसं पि अय्यउत्तं पेक्खन्ती अज्ज वि जीविअं ण परिच्चआमि ।

अतिदुष्करकारिणी खल्वहं, येदृशमप्यार्यपुत्रं प्रेक्षमाणा अद्यापि जीवितं न परित्यजामि ।

देवी—(जीमूतवाहनस्याङ्गानि परामृशन्ती, गरुडमुद्दिश्य) णिसंस ! कहं दाणिं तुए एदं आपूरिअमाणणवरूवजोव्वणसोहं एव्व एददवत्थं पुत्तअस्स मे सरीरं किदं ?

(जीमूतवाहनस्याङ्गानि परामृशन्ती, गरुडमुद्दिश्य) नृशंस ! कथमिदानीं त्वयैतदापूर्यमाणनवरूपयौवनशोभमेवैतदवस्थं पुत्रकस्य मे शरीरं कृतम् ?

जीमूतवाहनः—अम्ब मा, मैवम् । किमनेन कृतम् ? ननु पूर्वमप्येतदीदृशमेव परमार्थतः । पश्य,—

Jimutaketu—Queen, don't utter such ominous words. He is alive, our dear son, may he live long! You had rather look to the recovery of our daughter-in-law.

Old Queen—(*Covering her face with scarf, still weeping*) May the evil be averted! I will not weep. My Daughter! recover thyself. Better have a look at thy husband the while he is alive.

Malayavati—(*Recovering herself*) Ah, my lord! what an unlucky woman like me is to do now?

जीमूतकेतु—देवि, ऐसे अमङ्गल वाक्य मुँह से न निकालो। मेरा लाल तो अभी जीवित है, जुग-जुग जिये ! तब तक बहू की भी तो सुध लो।

देवी—(कपड़े से मुँह ढँककर, केवल रोए जाती है) अमङ्गल दूर हो ! मैं नहीं रोऊँगी। बेटी, होश में आओ तो। इन थोड़े क्षणों के लिये तो अपने स्वामी का मुख देख लो।

मलयवती—(सुध में आकर) हा स्वामी ! क्या करूँ मैं अभागिन ?

देवी—(मलयवती का मुख हाथ से पोंछकर) बेटी, ऐसे मत करो, यह अमङ्गल टल जाए !

जीमूतकेतु—(आँसू भरकर)—

शेष सब अङ्गों के नष्ट हो जाने से कोई और आश्रय न पाकर अब बेटे के प्राण गले में आ अटके हैं। इसे देखते हुए मुझ पापी के सौ टुकड़े क्यों नहीं हो जाते ? (२२)

मलयवती—मैं सचमुच बड़ी कठोर-हृदय हूँ जो स्वामी को इस दुरवस्था में देखकर भी इसी क्षण मर नहीं जाती !

देवी—(जीमूतवाहन के अङ्गों को पलोसती हुई, गरुड को लक्ष्य करके) अरे निठुर ! नवयौवन के सौन्दर्य से भरपूर मेरे पुत्र की सलोनी देह की तूने यह क्या दुर्दशा कर डाली ?

जीमूतवाहन—माँ, ऐसे मत कहो। इसने क्या किया है ? यह देह तो वास्तव में पहले ही ऐसी थी। देख,—

Old Queen—(*Wiping* MALAYAVATI's *face with her hand*) My child, don't lose heart like this. It is inauspicious.

Jimutaketu—(*In tears*)—

Seeing the life of my son come to the last gasp in the throat for lack of sustenance anywhere else, the rest of the body having been consumed away—why the wretch I do not shatter into a thousand pieces ? (23)

Malayavati—How hard-hearted indeed am I, that seeing my lord in such agony, I do not die at once.

Old Queen—(*Feeling* JIMUTAVAHANA's *limbs, addressing* GARUDA) Ah, brute ! this is how thou hast mangled the body of my son which was full of splendour of fresh youth ?

Jimutavahana—Don't say so, mother. What has he done to it ? For, it was already in fact like this before.—

मेदो ऽस्थिमज्जामांसासृक्सङ्घाते ऽस्मिन् त्वगावृते ।
शरीरनाम्नि का शोभा सदा बीभत्सदर्शने ॥२४॥

गरुडः—भो महात्मन्, नरकानलज्वालावलीढमात्मानं मन्यमानो दुःखं तिष्ठामि । तदुपदिश्यतां येन मुच्ये ऽहमस्मादेनसः ।

जीमतवाहनः—अनुजानातु मां तातः । यावदस्य पापस्य प्रतिपक्षमुपदिशामि ।

जीमूतकेतुः—वत्स, एवं क्रियताम् ।

जीमूतवाहनः—वैनतेय, श्रूयताम् ।

गरुडः—(जानुभ्यां स्थित्वा, कृताञ्जलिः) आज्ञापय ।

जीमूतवाहनः—

नित्यं प्राणातिपातात् प्रतिविरम कुरु प्राक्कृते चानुतापं
यत्नात् पुण्यप्रवाहं समुपचिनु दिशन् सर्वसत्त्वेष्वभीतिम् ।
मग्नं येनात्र नैनः फलति परिमितप्राणिहिंसात्तमेतद्
दुर्गाधापारवारेर् लवणपलमिव क्षिप्तम् अन्तर्ह्रदस्य ॥२५॥

गरुडः—

अज्ञाननिद्राशयितो भवता प्रतिबोधितः ।
सर्वप्राणिवधादेष विरतो ऽद्यप्रभृत्यहम् ॥२६॥

What beauty is there in this so-called body which is merely a lump of fat, bone, marrow, flesh and blood covered over with skin, ever so loathsome to behold ? (24)

Garuda—Noble sir, hard is my lot. I consider myself engulfed in the flames of Hell-fire. Advise me how I can absolve myself of this sin ?

Jimutavahana—Pray, father, allow me to tell him the atonement of his sin.

Jimutaketu—Do so, my child.

Jimutavahana—O Garuda, listen.

Garuda—(*Kneeling before him, with folded hands*) Bid me, Master.

शरीर क्या है—चमड़े से मँढा हुआ, चरबी, हड्डी, मज्जा, मांस, रक्त—इन्हीं घिनावनी वस्तुओं का एक पुतला ही तो है—इसमें सौन्दर्य कैसा ? (२४)

गरुड—महात्मन्, मानों नरकाग्नि की ज्वालाओं में मैं जलता हुआ बड़े दुःख में बैठा हूँ। मुझे कोई उपाय बताइये जिससे कि मैं इस पाप से मुक्त हो सकूँ।

जीमूतवाहन—पिता जी मुझे आज्ञा दें तो मैं इसे इस पाप का प्रायश्चित्त बता दूँ।

जीमूतकेतु—हाँ बेटा, बता दो।

जीमूतवाहन—गरुड, सुनो।

गरुड—(घुटने टेकते हुए, हाथ जोड़कर) आज्ञा दीजिये।

जीमूतवाहन—

इस नित्य की प्राणि-हत्या को छोड़ दो, पहिले किये पर पश्चात्ताप करो। जीवमात्र को अभय-दान करते हुए मनोयोग से इतना पुण्य संचित करो कि उसके प्रवाह में कुछ एक प्राणियों की हत्या का पाप उसी प्रकार विफल हो जाए जिस प्रकार अगाध एवं अपार सरोवर के जल में लवण की एक डली। (२५)

गरुड—

मैं अज्ञान की नींद में सो रहा था, आपने मुझे जगा दिया है। लीजिये, आज से लेकर मैंने जीवमात्र की हत्या से अपना हाथ खेंच लिया। (२६)

Jimutavahana—

Withhold thyself from this regular killing of living beings. Feel penitent for what thou hast already done. Accumulate merit with assiduity, granting security of life to all, so much so that sunk into it the sin that clings to thee on account of this small slaughter bears no bitter fruit, like unto a bit of salt thrown into a lake with fathomless and endless expanse of water. (25)

Garuda—

Roused by thee to wakefulness from the slumber of my ignorance, here I pledge myself to abstain from the killing of all life for good. (26)

संप्रति हि,—

क्वचिद् द्वीपाकारः पुलिनविपुलैर्भोगनिवहैः
कृतावर्तभ्रान्तिर् वलयितशरीरः क्वचिदपि ।
व्रजन् कूलात् कूलं क्वचिदपि च सेतुप्रतिसमः
समाजो नागानां विहरतु महोदन्वति सुखम् ॥२७॥

अपि च—

स्रस्तान् पातालग्नांस्तिमिरचयनिभान् केशहस्तान्वहन्त्यः
सिन्दूरेणेव दिग्धैः प्रथमरविकरस्पर्शताम्रैः कपोलैः ।
आयासादालसाङ्ग्यो ऽप्यविगणितरुजः कानने चन्दनानाम्
अस्मिन् गायन्तु रागादुरगयुवतयः कीर्तिमेतां तवैव॥२८॥

जीमूतवाहनः—साधु महासत्त्व, साधु । अनुमोदामहे । सर्वथा दृढसमाधानो भव । (शङ्खचूडमुद्दिश्य) स्वभवनमेव गम्यताम् ।

(शङ्खचूडो निःश्वस्याधोमुखस्तिष्ठति)

जीमूतवाहनः—(निःश्वस्य मातरं पश्यन्)—

उत्प्रेक्षमाणा त्वां तार्क्ष्यचञ्चुकोटिविपाटितम् ।
त्वद्-दुःखदुःखिता दुःखमास्ते सा जननी तव ॥२९॥

देवी—धण्णा क्खु सा, जा गरुडमुहपडिदं पि अक्खदसरीरं एव्व पुत्तअं पेक्खिस्सदि ।

धन्या खलु सा, या गरुडमुखपतितमप्यक्षतशरीरमेव पुत्रकं प्रेक्षिष्यते ।

शङ्खचूडः—अम्ब, सत्यमेवैतद् यदि कुमारः स्वस्थो भविष्यति ।

Now,—

Let the community of Nagas romp about at will in the ocean—here forming themselves into an island by spreading out their hoods like an expanse of sands, here creating the illusion of a whirlpool by coiling their bodies, and there going from one coast to the other and making a causeway as it were. (27)

And—

May the women-folk of Nagas in this grove of sandal-wood trees sing lustily the songs of thy glory, with their loosened locks of jet-black hair looking like heaped darkness and touching their heels,

अब,—

नागों की यह सम्पूर्ण जाति विशाल समुद्र में आनन्द से खेले-कूदे—जी चाहे कहीं अपने बालुकामय स्थल (बरेती) के समान विपुल फणों के समूह से द्वीप-सा रचती फिरे, कहीं कुण्डलियाँ मार-मारकर भँवर की भ्रान्ति उत्पन्न करती फिरे और कहीं एक छोर से दूसरे छोर तक जाते हुए पुल सा बाँध दे। (२७)

अपि च—

खुले और धरती तक लटकते हुए घुप अँधेरे से काले केशपाशों वाली, सूर्योदय की प्रथम किरणों के स्पर्श से मानो सौभाग्य-सिन्दूर से रञ्जित कपोलों वाली नाग युवतियाँ इस चन्दन-वन (मलय कानन) में, यात्रा-श्रम से शिथिलित अंगों की पीड़ा की उपेक्षा करती हुईं, बड़े चाव से तेरे ही इस यश का गान करें। (२८)

जीमूतवाहन—**धन्य हो, महाभाग, धन्य हो। मैं बहुत प्रसन्न हूँ। अपने निश्चय पर अटल रहना। (शङ्खकूड को लक्ष्य करके) जाओ, तुम अपने घर जाओ।**

(शङ्खचूड निःश्वास लेकर, मुँह नीचा किये खड़ा रहता है)

जीमूतवाहन—(निःश्वास लेकर माँ की ओर देखते हुए)—

यह सोचकर कि गरुड ने तीखी चोंच से तुझे चीर-फाड़ डाला होगा, तेरे दुःख से दुखी होकर तेरी माँ बुरी तरह तड़प रही होगी। (२६)

देवी—**धन्य है वह जो गरुड़ के मुँह में गए हुए अपने पुत्र को भी जीता-जागता (लौट आया) देखेगी।**

शंखचूड—**अम्माँ, यह बात तभी सत्य होगी यदि कुमार बच जाए।**

---

with their cheeks aglow with the touch of the first rays of the sun as if with a dab of vermilion, heedless of the pain of their limbs languishing from exertion. (28)

Jimutavahana—Bravo, my good man, bravo. I commend it. Now, be firm in thy resolve, ever. (*Addressing* SANKHACHUDA) And thou go to thy house.

[*Heaving a sigh* SANKHACHUDA *stands with bowed head*]

Jimutavahana—(*Sighing and looking at his mother*)—

There, thy mother must be in great anguish, every moment lamenting thy torment, thinking thee torn by this time by the sharp beak of Garuda. (29)

Old Queen—Blessed is she who would see her son return whole from out of the jaws of Garuda.

Sankhachuda—This will be true only if and when the Prince revives.

जीमूतवाहनः—(वेदनां नाटयन्) हहह ! परार्थसंपादनामृतरसास्वादाक्षिप्तत्वा-देतावतीं वेलां न विदिता संप्रति मां बाधितुमारब्धा वेदना ।

(मरणावस्थां नाटयति)

जीमूतकेतुः—(ससंभ्रमम्) हा वत्स ! किमेवं करोषि ?

देवी—हा ! किण्णु हु एदं वट्टदि ? (सोरस्ताडनम्) परित्ताअह ! परित्ताअह ! एसो मे पुत्तओ विवज्जदि !

हा ! किं नु खल्वेतद् वर्तते ? (सोरस्ताडनम्) परित्रायध्वं ! परित्रायध्वम् ! एष मे पुत्रको विपद्यते !

मलयवती—हा अय्यउत्त ! परिच्चइदुकामो विअ लक्खीअसि ।

हा आर्यपुत्र ! परित्यक्तुकाम इव लक्ष्यसे ।

जीमूतवाहनः—(अञ्जलिं कर्तुमिच्छन्) शङ्खचूड, समानय मे हस्तौ ।

शङ्खचूडः—(तथा कुर्वन्, सास्रम्) कष्टम् ! अनाथीभूतं जगत् ।

जीमूतवाहनः—(अर्धोन्मीलिताक्षः, पितरौ पश्यन्) अयं पश्चिमः प्रणामः ।—

गात्राण्यमूनि न वहन्ति विचेतनानि
श्रोत्रं स्फुटाक्षरपदा न गिरः शृणोति ।
कष्टं निमीलितमिदं सहसैव चक्षुर्
हा तात ! यान्ति विवशस्य ममासवो ऽपि ॥३०॥

अथवा, किमनेन ?—

('संरक्षता पन्नगमद्य पुण्यम्' इति पूर्वश्लोकमेव पठित्वा पतति)

देवी—हा वच्छ ! हा गुरुजणवच्छल ! हा जीमूदवाहण ! कहिं सि मए पुणो पेक्खिदव्वो ?

हा वत्स ! हा गुरुजनवत्सल ! हा जीमूतवाहन ! कुत्रासि मया पुनः प्रेक्षितव्यः ?

Jimutavahana—(*Indicating pain*) Oh, the pain—which I had not so long felt being lost in the enjoyment of the immortal joy that comes to one from the service of one's fellow beings—has now begun to afflict me. (*Shows signs of sinking*)

Jimutaketu—(*In alarm*) Oh, my child, why in such throes ?

Old Queen—Woe me, what is this ? (*Beating her breasts*) Help ! help ! here my child is dying !

Malayavati—Oh, my lord, looks, you are leaving me !

Jimutavahana—(*Trying to fold hands*) Sankhachuda, pray bring my hands together.

Sankhachuda—(*Doing so, in tears*) Oh, the world becomes orphan !

जीमूतवाहन—(वेदना का अभिनय करते हुए) हा, हा, हा ! परोपकार के अमृत रसपान में निमग्न होने के कारण मुझे अब तक पीड़ा का ज्ञान ही नहीं हो पाया था, किन्तु अब मुझे पीड़ा व्याकुल करने लगी है।

(मरणावस्था का अभिनय करता है)

जीमूतकेतु—(घबराकर) हाय बेटा ! क्यों ऐसे कर रहे हो ?

देवी—हाय ! यह क्या हो गया ? (छाती पीटकर) अरे कोई बचाओ ! कोई बचाओ ! यह मेरा बेटा मरे जा रहा है !

मलयवती—हा स्वामी—लगता है मुझे छोड़ चले !

जीमूतवाहन--(हाथ जोड़ना चाहता है) शङ्खचूड, मेरे हाथों को तो मिला दो।

शंखचूड—(हाथों को मिलाता हुआ) हाय ! आज सारा संसार ही अनाथ हो गया।

जीमूतवाहन—(अध-खुली आँखों से माता-पिता की ओर देखता हुआ) यह मेरा अन्तिम प्रणाम है।—

मेरे अंग चेतना हीन हो चुके हैं, ये अब काम नहीं करते। स्पष्ट कही हुई वाणी को भी श्रोत्र अब (पूरी तरह) नहीं सुनते। हाय ! आँखें एकाएक मुँदती जा रही हैं। हा तात ! मैं विवश हूँ, मेरे प्राण भी निकले जा रहे हैं ! (३०)

अथवा, रोने-धोने से क्या लाभ ?—(अपने शरीरदान द्वारा नाग की रक्षा करते हुए जो पुण्य मैंने आज उपार्जित किया है, उसीके फलस्वरूप मुझे जन्म-जन्मान्तर में परोपकारहित ही शरीर लाभ होता रहे। (४·२६)—इस श्लोक को पढ़ता हुआ वहीं ढेर हो जाता है)

देवी—हाय बेटा ! हाय माता-पिता के दुलारे ! हाय मेरे जीमूतवाहन ! अब तुझे फिर कहाँ देखूँगी ?

Jimutavahana—(*Looking at his parents with half-open eyes*) This is my last obeisance.—

My limbs are becoming numb and do not move, my ears fail to catch words though uttered clearly, alas ! my eyes, too, are losing their sight all at once. Ah father ! my life is departing in my utter helplessness. (30)

Or why lament it ? (*Falls down reciting a previous verse*)—

By merit that today I earn—
Save one Naga life and mine own spurn,
In every future life be't so
To serve mine fellow be'ngs, hey-ho ! (4. 26)

Old Queen—Ah, my child ! Ah thou, apple of the parents' eye ! Ah, Jimutavahana ! where shall I see thee again ?

जीमूतकेतुः—(सास्रम्) हा पुत्र जीमूतवाहन! हा प्रणयिजनवत्सल ! हा सर्वगुणनिधे! क्वासि ? प्रयच्छ मे प्रतिवचनम् । (हस्तावुत्क्षिप्य) कष्टं भोः, कष्टम् !—

निराधारं धैर्यं कमिव शरणं यातु विनयः
क्षमः क्षान्तिं वोढुं क इह विरता दानपरता ।
हतं सत्यं सत्यं व्रजतु कृपणा क्वाद्य करुणा
जगत् कृत्स्नं शून्यं त्वयि तनय ! लोकान्तरगते ॥३१॥

मलयवती—(सास्रम्) हा अय्यउत्त ! कहिं मं परिच्चइअ गदो सि ? णिग्घिणे मलअवदि ! किं एदं पेक्खिदव्वं त्ति एत्तिअं वेलं जीविदासि ?

(सास्रम्) हा आर्यपुत्र ! कुत्र मां परित्यज्य गतो ऽसि ? निर्घृणे मलयवति ! किमेतत् प्रेक्षितव्यमित्येतावतीं वेलां जीविता ऽसि ?

शङ्खचूडः—कुमार! क्व प्राणेभ्यो ऽपि वल्लभतरं परिजनं परित्यज्य गतो ऽसि ?

गरुडः—(सोद्वेगम्) हा कष्टम् ! उपरतो ऽयं महात्मा। किमिदानीं मया कर्तव्यम् ?

देवी—(सास्रमूर्ध्वं दृष्ट्वा) भअवन्तो लोअपाला! अमिदेण सिञ्चिअ पुत्तअं मे जीवावेह ।

(सास्रमूर्ध्वं दृष्ट्वा) भगवन्तो लोकपालाः ! अमृतेन सिक्त्वा पुत्रकं मे जीवयत ।

गरुडः—(सहर्षमात्मगतम्) अमृतसंकीर्तनात् साधु स्मृतम् । मन्ये प्रमृष्टमयशः। तद् यावत् त्रिदशपतिमभ्यर्थ्य तद्विसृष्टेनामृतवर्षेण न केवलं जीमूतवाहनम्, एतानपि पूर्वभक्षितानस्थिशेषानाशीविषान् प्रत्युज्जीवयामि । अथवा, न ददात्यसौ, ततो ऽहं —

Jimutaketu—(*In tears*) Ah, my son, Jimutavahana! Ah, darling of all dear ones ! Ah, thou home of all virtues ! Where art thou ? Vouchsafe me an answer ! (*Throwing up his arms in despair*) Alas, O Alas !—

Fortitude has lost its stay. Where shall Politeness find a refuge? Who is there to give prop to Forbearance? Lost is Generosity! Truthfulness is gone indeed! Where shall poor Compassion now go? The whole world has become void at thy departure, my son! (31)

Malayavati—(*In tears*) Why, my lord, have you departed, leaving me behind ? Cruel Malayavati, was it to witness this, that thou hast lived so long ?

जीमूतकेतु—(आँसू भरकर) हाय पुत्र जीमूतवाहन ! हाय सुहृज्जनों के प्यारे ! सब गुणों की खान ! तू कहाँ चला गया ? मुझे उत्तर दे। (दोनों हाथ ऊपर को फैलाते हुए) हाय रे, हाय !—

धैर्य को अब आधार कहाँ ? विनय (नम्रता) अब किसका पल्ला पकड़े ? अब क्षमा को कौन बाँह दे ? दान-शीलता संसार से उठ गई ! सत्य सचमुच लुप्त हो गया ! बेचारी करुणा कहाँ जाए ?—हे पुत्र, तेरे परलोक सिधारने से अब तो सारा संसार ही शून्य हो गया है। (३१)

मलयवती—(आँसू भरकर) हा स्वामी ! मुझे छोड़कर कहाँ चले गए ? अरी हृदय-हीन मलयवति ! क्या यही कुछ देखने के लिये तू इतनी देर जीती रही है ?

शंखचूड—कुमार, प्राणों से भी प्यारे दास को छोड़कर किधर सिधार गए हो ? शङ्खचूड तो अब अवश्य तुम्हारा ही अनुसरण करेगा।

गरुड़—हा शोक ! यह महात्मा चल बसा ! अब मुझे क्या करना चाहिये ?

देवी –(आँसूभरे, ऊपर की ओर देखकर) हे लोक के पालक देवताओ ! अमृत छिड़ककर मेरे पुत्र को जीवित कर दो।

गरुड़—(सहर्ष, मन ही मन) अमृत के कथन से अच्छा स्मरण आया। अब मेरा कलंक समझो धुल गया। तो जाकर भगवान् इन्द्र से अनुनय-विनय करके दिये हुए अमृत की वर्षा द्वारा न केवल जीमूतवाहन को, अपितु सभी पहले खाए हुए कंकाल-शेष नागों को भी जीवित कर दूँगा। और यदि वह नहीं देगा, तो मैं भी—

Sankhachuda—Prince, where have you gone leaving me, your slave, behind, whom you had treated dearer than life? This Sankhachuda must follow you.

Garuda—(*With emotion*) Ha, the noble soul is no more! What is it that I can do now ?

Old Queen—(*In tears, looking upwards*) O, Guardians of the Worlds, may you sprinkle the Water of Life and bring my child back to life!

Garuda—(*Joyfully, aside*) The mention of the Water of Life has reminded me well. My ignominy is now about washed, I believe. Now I shall go and implore Indra, the Lord of Heaven, and with the shower of the Water of Life given by him bring back to life not Jimutavahana alone but also these Nagas heretofore eaten by me and whose bones alone are now left. And if he refuses to give it, then—

पक्षोत्क्षिप्ताम्बुनाथः पटुजवपवनप्रेर्यमाणे समीरे
नेत्रार्चिःप्लोषमूर्च्छाविधुरविनिपतत्सानलद्वादशार्कः ।
चञ्च्वा संचूर्ण्य शक्राशनिधनदगदाप्रेतलोकेशदण्डान्
अन्तःसंमग्नपक्षः क्षणममृतमयीं वृष्टिमभ्युत्सृजामि ॥३२॥

तदयं गतो ऽस्मि । (निष्क्रान्तः)

जीमूतकेतुः—शङ्खचूड, किमद्यापि स्थीयते ? समाहृत्य दारूणि पुत्रस्य मे विरचय चिताम्, येन वयमप्यनेन सह गच्छामः ।

देवी—पुत्तअ संखचूड, लहु सज्जेहि । दुक्खं क्खु अह्मेहिं विणा भादुओ दे वट्टइ ।

पुत्रक शङ्खचूड, लघु सज्जय । दुःखं खल्वस्माभिर्विना भ्राता ते वर्तते ।

शङ्खचूडः—(सास्रम्) यदाज्ञापयन्ति गुरवः । ननु पुरस्सर एवाहमत्र युष्माकम् । (उत्थाय चितारचनां नाटयित्वा) तात, सज्जीकृतेयं चिता ।

जीमूतकेतुः—कष्टं भोः, कष्टम् !—

उष्णीषः स्फुट एव मूर्धनि विभात्यूर्णेयमन्तर्भ्रुवोश्
चक्षुस्तामरसानुकारि हरिणा वक्षःस्थलं स्पर्धते ।
चक्राङ्कौ चरणौ तथापि हि कथं हा वत्स मद्-दुष्कृतैस्
त्वं विद्याधरचक्रवर्तिपदवीमप्राप्य विश्राम्यसि ॥३३॥

देवि, किमिव रुद्यते ? तदुत्तिष्ठ, चितामारोहामः ।

(सर्वे परिक्रामन्ति)

Tossing aside the ocean with the flap of my wings and stirring the wind into a gale with the impetuosity of my flight, making the twelve suns and the submarine fire collapse helplessly before the blazing flash of my eyes, breaking into pieces Indra's bolt, Kubera's mace and Yama's club with my beak, and then, dipping my wings in the Water of Life, I shall rain a shower of it in a moment. (32)

Lo, I am gone! (*Exit*)

Jimutaketu—Sankhachuda, still waiting, why? Go, gather fuel and build up the pyre for my son, so that we too may be able to accompany him.

Old Queen—Sankhachuda, my child, do prepare it quickly, for your brother must be feeling uneasy without us.

अपने पंखों की मार से समुद्र को उछालकर, उड़ान के वेग से वायुमण्डल में बवण्डर लाते हुए, आँखों की ज्वालाओं की झुलसाहट से अग्नि-समेत बारह आदित्यों को मूर्छित करके गिराता हुआ, और चोंच से इन्द्र के वज्र, कुबेर की गदा, और यमराज के लोहदण्ड को चकनाचूर करता हुआ, पंखों को अमृत में डुबोकर क्षणभर के लिये अमृत की वर्षा कर दूँगा। (३२)

तो लो, मैं चला। (निष्क्रमण)

जीमूतकेतु—शङ्खचूड, अभी तक खड़े क्यों हो? लकड़ियाँ बटोरकर मेरे पुत्र के लिये चिता बनाओ, जिससे हम भी उसीके साथ-साथ जाएँ।

देवी—बेटा शङ्खचूड, शीघ्र तय्यार करो। तुम्हारा भाई हमारे बिना दुःखी होता होगा।

शंखचूड—(आँसू भरकर) जो गुरुजनों की आज्ञा। इसके लिये तो मैं आप से पहले ही उतावला हूँ। (उठकर चिता बनाने का अभिनय करके) बाबा जी, लो, यह चिता तय्यार कर दी है।

जीमूतकेतु—शोक, अहो शोक!—

मस्तक पर अभी तक (चक्रवर्तियों का सा) उष्णीष स्पष्ट शोभा देता है। भ्रुकुटियों के मध्य में ऊर्णा (रोमावली-चक्र) विद्यमान है। नेत्र कमल के समान अरुण हैं। वक्षःस्थल विष्णु (अथवा सिंह) का प्रतिस्पर्धी है। दोनों चरणों पर चक्रचिह्न दृश्यमान हैं, तथापि, हाय बेटा! मेरे पापों के कारण तू क्यों विद्याधरों के चक्रवर्ती पद को प्राप्त किये बिना ही सदा के लिये सो गया है? (३३)

देवि, रोती क्यों हो? उठो, चलो चिता पर चढ़ें।

(सब चलते हैं)

Sankhachuda—As my elders command. But I shall certainly precede you in this matter (of following him). (*Rising up and preparing the pyre*) Old father, the pyre is ready.

Jimutaketu—Alas,—

The excrescence on the head is still well marked, there is a lovely ring of hair between the brows. The eyes emulate a lotus and thechest vies with that of Vishnu (or a lion), while both the feet bear the sign of wheel. But Ah, son! why, by my sins, hast thou gone to eternal rest without attaining to the status of a Vidyadhara sovereign? (33)

Why weep, my Queen? Get up, let us ascend the pyre.

[*All walk about*]

मलयवती—(बद्धाञ्जलिरूर्ध्वं पश्यन्ती) भअवदि गौरि, तुए आणत्तं 'विज्जाहरचक्कवट्टी दे भत्ता भविस्सदि' त्ति। ता कहं मम मन्दभाआए तुमं पि अलिअवादिणी संवुत्ता ?

(बद्धाञ्जलिरूर्ध्वं पश्यन्ती) भगवति गौरि, त्वया ऽऽज्ञप्तं 'विद्याधरचक्रवर्ती ते भर्ता भविष्यति' इति। तत् कथं मम मन्दभाग्यायास्त्वमप्यलीकवादिनी संवृत्ता ?

(ततः प्रविशतिससंभ्रमा गौरी)

गौरी—महाराज जीमूतकेतो, न खलु न खलु साहसमनुष्ठेयम्।

जीमूतकेतुः—कथम् ! अमोघदर्शना भगवती गौरी ?

गौरी—(मलयवतीमुद्दिश्य) वत्से मलयवति, कथमहमलीकवादिनी ? दृश्यताम्। (जीमूतवाहनमुपसृत्य कमण्डलुवारिणाऽभ्युक्षन्ती)—

निजेन जीवितेनापि जगतामुपकारिणः।
परितुष्टा ऽस्मि ते वत्स, जीव जीमूतवाहन ॥३४॥

(जीमूतवाहन उत्तिष्ठति)

जीमूतकेतुः—(सहर्षम्) देवि ! दिष्ट्या वर्धसे। यदयमक्षतशरीरो जीमूतवाहनः समुत्थितः।

देवी—(सहर्षम्) भअवदीए पसादेण।

(सहर्षम्) भगवत्याः प्रसादेन।

(उभौ गौर्याः पादयोः पतित्वा, जीमूतवाहनमालिङ्गतः)

मलयवति—(सहर्षम्) दिट्ठिअ पच्चुज्जीविदो अय्यउत्तो।

(सहर्षम्) दिष्ट्या प्रत्युज्जीवित आर्यपुत्रः।

(गौर्याः पादयोः पतति)

Malayavati—(*With folded hands, looking upwards*) O Goddess Gauri, thou hadst commanded that my husband would be a Vidyadhara sovereign. Then how is it that in my case, accursed that I am, even thou hast proven thyself untrue ?

[*Enter* GAURI *in haste*]

Gauri—King Jimutaketu, don't, don't be so rash.

Jimutaketu—Oh ! here comes the Goddess Gauri, whose holy vision is never futile ?

Gauri—(*Addressing* MALAYAVATI) Malayavati, my child, how

मलयवती—(हाथ जोड़कर, ऊपर की ओर देखती हुई) **भगवति गौरि, तूने वर दिया था 'तेरा पति विद्याधरों का चक्रवर्ती बनेगा'। तो क्योंकर मुझ अभागिन के लिये तू भी झूठी बन गई ?**

(हड़बड़ाहट में गौरी का प्रवेश)

गौरी—**महाराज जीमूतकेतो, यह अनर्थ न करना ! रुक जाओ, रुक जाओ।**

जीमूतकेतु—**अहा ! क्या अमोघ-दर्शना गौरी जी आ पहुँचीं ?**

गौरी—(मलयवती को लक्ष्य करती हुई) **पुत्रि मलयवति, मैं झूठी कैसे हो सकती हूँ ? देखो तो,** (जीमूतवाहन के पास जाकर, कमण्डलु का जल उसपर छिड़कती हुई)—

वत्स जीमूतवाहन, मैं तेरे से प्रसन्न हूँ क्योंकि तू अपने प्राण देकर भी संसार का उपकार करने वाला है। उठ, अब जीवित हो जा। (३४)

(जीमूतवाहन उठ बैठता है)

जीमूतकेतु—(हर्ष से) **देवि, सौभाग्य की बात है, बधाई हो ! जो यह जीमूतवाहन जीता-जागता उठ बैठा है।**

देवी---(सहर्ष) **भगवती की कृपा से।**

(दोनों गौरी के चरणों में गिरकर, जीमूतवाहन को छाती से लगाते हैं)

मलयवती—(सहर्ष) **मेरे धन्यभाग, स्वामी फिर से जी उठे !**

(गौरी के चरणों में गिरती है)

---

have I proven myself untrue ? Look ! (*Approachiug* JIMUTAVAHANA *and sprinkling him with water from jug*)—

I am pleased with thee Jimutavahana, my son, who art the benefactor of all that lives even at the cost of thy own life. Come thou back to life. (34)

[JIMUTAVAHANA *sits up alive*]

Jimutaketu—(*Joyfully*) Congratulations, my Queen ! For, here is Jimutavahana resurrected unharmed.

Old Queen—(*Joyfully*) By the grace of the Goddess, he is.

[*Both fall at the feet of* GAURI *and then embrace* JIMUTAVAHANA]

Malayavati—(*Cheerfully*) My good luck, my lord has come to life again.

[*Falls at the feet of* GAURI]

जीमूतवाहनः—(गौरीं दृष्ट्वा, बद्धाञ्जलिः) भगवति !—

अभिलषिताधिकवरदे, प्रणिपतितजनार्तिहारिणि, शरण्ये ।
चरणौ नमाम्यहं ते विद्याधरदेवते गौरि ॥३५॥

(पादयोः पतति)

(सर्वे ऊर्ध्वं पश्यन्ति)

जीमूतकेतुः—कथमनभ्रा वृष्टिः ! भगवति, किमेतत् ?

गौरी—महाराज, जीमूतवाहनमुज्जीवयितुमेतांश्च पूर्वभक्षितानस्थिशेषानुरगपतीन् समुपजातपश्चात्तापेन पक्षिपतिना देवलोकादियममृतवृष्टिर्निपातिता। (अङ्गुल्यग्रेण निर्दिशन्ती) किञ्च न पश्यति महाराजः ?—

संप्राप्ताखण्डदेहाः स्फुटफणमणिभिर्भासुरैरुत्तमाङ्गैर्
जिह्वाकोटिद्वयेन क्षितिममृतरसास्वादलोभाल्लिहन्तः ।
संप्रत्याबद्धवेगा मलयगिरिसरिद्वारिपूरा इवामी
वक्रैः प्रस्थानमार्गैर्विषधरपतयस्तोयराशिं विशन्ति ॥३६॥

(जीमूतवाहनमुद्दिश्य) वत्स जीमूतवाहन, त्वं जीवितमात्रदानकस्यैव न योग्यः । तदयमपरस्ते प्रसादः—

हंसांसाहत-हेम-पङ्कज-रजः-संपर्क-पङ्कोज्झितैर्
उत्पन्नैर्मम मानसादपि परं तोयैर्महापावनैः ।
स्वेच्छानिर्मितरत्नकुम्भनिहितैरेषा ऽभिषिच्य स्वयं
त्वां विद्याधरचक्रवर्तिनमहं प्रीत्या करोमि क्षणात् ॥३७॥

Jimutavahana—(*Seeing* Gauri, *folding his hands*) O Goddess !—
O thou, who bestowest more than we ask for, who removest the troubles of thy devotees, who art the sole refuge of all, Gauri, thou Goddess of Vidyadharas, I bow at thy feet. (35)

[*Falls at her feet*]

[*All look upwards*]

Jimutaketu—O, it's rain without clouds ! Goddess, what is this ?

Gauri—King, it is the rain of the Water of Life poured from Heaven by Garuda, the King of Birds, grown penitent, in order to resussitate Jimutavahana and these skeletal remains of Nagas so far eaten by him. (*Pointing with finger*) Doesn't the King behold —

These Nagas here, with their heads resplendent with lustrous

जीमूतवाहन—(गौरी को देखकर, हाथ जोड़कर) भगवति !—

हे मनोरथों से अधिक वर संप्रदान करने वाली, भक्तजनों के दुःखों को दूर करने वाली, अशरण-शरण, हे विद्याधरों की कुल-देवता, माता गौरि, मैं तेरे चरणों में नमस्कार करता हूँ। (३५)

(सब ऊपर की ओर दखते हैं)

जीमूतकेतु—अरे ! यह बिना बादलों के वर्षा कैसी ? भगवति, यह क्या बात है ?

गौरी—महाराज, जीमूतवाहन को और पूर्व-भक्षित, कंकाल-शेष नागपतियों को पुनर्जीवित करने के लिये, पश्चात्ताप करते हुए पक्षिराज गरुड़ ने देवलोक से यह अमृत की वर्षा की है। (उँगली के सिरे से निर्देश करती हुई), क्या आप देख नहीं रहे, महाराज ?—

मृत नागपतियों के शरीर फिर से पूर्णाङ्ग हो गए हैं। दीप्तिमान् शिरोमणियों से उनके मस्तक पुनरुज्ज्वल हो उठे हैं। अमृत चखने के लोभ से जिह्वा के दोनों सिरों से पृथ्वी को चाटते हुए ये नाग इस समय मलयाद्रि की आपूर्ण नदियों के वेग से आगे बढ़ते हुए, टेढ़ी-मेढ़ी गति से समुद्र में प्रविष्ट हो रहे हैं। (३६)

(जीमूतवाहन को लक्ष्य करती हुई) वत्स जीतवाहन, तू केवल जीवनमात्र के ही एक प्रतिदान का पात्र नहीं। सो तेरे लिये यह एक और वर है,—

मेरे मानस (=मानसरोवर, मन) से उत्पन्न होने पर भी हंसों के पक्षों से कम्पित स्वर्णकमलों के पराग के सम्पर्क से होने वाले कीच से रहित और अति पवित्र जलों से, जो अपनी इच्छा के अनुसार बनाए हुए रत्न-कुम्भों में रखे हुए हैं, मैं स्वयं प्रेमपूर्वक तेरा अभिषेक करके क्षणभर में तुझे विद्याधरों का चक्रवर्ती बनाए देती हूँ। (३७)

---

hood-gems, rushing to enter the ocean with full speed like the swelling streams of Malaya hills, by zig-zag paths leading to it, after having recovered their bodies intact, and licking the earth with the tips of their forked tongues through their avidity to taste the Water of Life ? (36)

(*Addressing* JIMUTAVAHANA) My child Jimutavahana, thou deservest much more than merely the restoration of thy life. So, here I grant thee another boon.—

Now, of my own accord and pleasure, do I instantly make thee the paramount sovereign of Vidyadharas by anointing thee with the most holy waters sprung from my own mind but purer than those of the Manasa lake, for they are free from the slimy sediment of the pollen of golden lotuses shaken by the wings of swans, and are stored in jars of precious stone fashioned by my will. (37)

अपि च—

अग्रेसरीभवतु काञ्चनचक्रम् एतद्
एष द्विपश्च धवलो दशनैश्चतुर्भिः ।
श्यामो हरिर्मलयवत्यपि चेत्यमूनि
रत्नानि ते समवलोकय चक्रवर्तिन् ॥३८॥

एते च मत्प्रचोदिताश्चटुलचूडामणिमरीचिरचितेन्द्रचापपङ्क्तयो भक्त्या ऽवनतपूर्वकायाः प्रणमन्ति त्वां मतङ्गदेवादयो विद्याधरपतयः । वत्स, किं ते भूयः प्रियमुपहरामि ?

जीमूतवाहनः—(जानुभ्यां स्थित्वा) प्रियकारिणि, किमतः परमपि प्रियमस्ति ?—

त्रातो ऽयं शङ्खचूडः पतगपतिमुखाद्वैनतेयो विनीतस्
तेन प्राग्भक्षिता ये विषधरपतयो जीवितास्ते ऽपि सर्वे ।
मत्प्राणाप्त्या विमुक्ता न गुरुभिरसवश्चक्रवर्तित्वमाप्तं
त्वत्तस्त्वं देवि, दृष्टा, प्रियमपरमतःप्रार्थ्यते किं मया यत् ॥३९॥

तथाप्येतावदस्तु—

(भरतवाक्यम्)

वृष्टिं हृष्टशिखण्डिताण्डवभृतः काले किरन्त्वम्बुदाः
कुर्वन्तः प्रतिरूढसन्ततहरित्सस्योत्तरीयां क्षितिम् ।
चिन्वानाः सुकृतानि वीतविपदो निर्मत्सरैर्मानसैर्
मोदन्तां घनबद्धबान्धवसुहृद्गोष्ठीप्रमोदाः प्रजाः ॥४०॥

Further,—

May this golden wheel, this white elephant with four tusks and also this sable steed (of Sun god on the Malaya hills) as well as Malayavati be thy formost insignia wherever thou go. They are thy real treasure, mayest thou have a good look at them. (32)

And look! here are all Vidyadhara chieftains, Matangadeva and others, offering thee tribute at my instance by bending their heads low in faithfulness, producing the bands of a rainbow with the flashing lustre of their crest-jewels. Tell me, my child, what other gift can I offer thee?

Jimutavahana—(*Kneeling down*) O, Bestower of favours! What other gift greater than this could be ?—

और भी—

हे चक्रवर्तिन्, देखो, ये हैं तुम्हारे रत्न—सबसे पहले तो यह लो सोने का चक्र, और फिर यह चार दाँतों वाला श्वेत हाथी, और फिर यह काला घोड़ा और मलयवती भी। (३८)

और वह देखो, मेरी प्रेरणा से ये मतङ्गदेवादि विद्याधरपति भक्तिभाव से अपने सिर (शरीर का अग्रभाग) झुकाते हुए तुझे प्रणाम कर रहे हैं। इनकी हिलती हुई चूडामणियों की झिलमिलाती किरणें इन्द्र-धनुष की रंग-बरंगी धारियों की सी शोभा दे रही हैं। पुत्र, और कौन-सी प्यारी वस्तु में तेरी भेंट करूँ?

जीमूतवाहन—(घुटने टेककर) अनुग्रह-कारिणि देवि, क्या इससे बढ़कर भी कोई और अनुग्रह हो सकता है?—

इस शङ्खचूड को गरुड़ के मुख से बचा लिया है, स्वयं गरुड़ भी सीधे रास्ते पर आ गया है, गरुड़ ने जिन नागों को अब तक खाया था वे सब पुनर्जीवित कर दिये हैं, मेरा जीवन लौट आने से मेरे माता-पिता ने प्राण-त्याग नहीं किया, तेरे अनुग्रह से चक्रवर्ती पद मिल गया है, और हे देवि, तेरे साक्षात् दर्शन भी हो गए—इससे बढ़कर और क्या प्रिय हो सकता है जिसके लिये प्रार्थना करूँ? (३९)

तथापि इतना और हो जाए—,

(भरत-वाक्य)

मेघ यथा-समय वृष्टि प्रदान करें जिसे देखकर मोर आनन्द से नृत्य करने लगें और धरती निरन्तर हरी-भरी लहलहाती खेतियोंका दुशाला ओढ़े रहे। प्रजाएँ विपद्-मुक्त होकर, निर्वैर भाव से पुण्य-संचय करती हुईं स्नेह-बन्धन में बँधी, मित्रों बान्धवों के साथ रल-मिलकर गोष्ठियों तथा आमोद-विनोद का आनन्द लूटें। (४०)

This Sankhachuda has been saved from the jaws of Garuda, and the latter, Vinata's son, has been turned humane, the Nagas here-to-fore devoured by him have all been restored to life, and, by my resurrection, my parents have been saved from putting an end to their life. I have obtained the sceptre of sovereignty from thee and we have been blessed by thy holy sight. What other boon, after all these favours, does still remain for me to ask? (39)

Nevertheless, let this much more be granted—

[*Epilogue*]

May the clouds send down timely rains stimulating the peacocks to dance mad with delight, and making the earth wear a perennial garb of luxuriant green. May the people, living righteously and freed from scourge, assembling together with their friends and kinsmen in intimate picnics and parties, rejoice with their hearts free from rancour. (40)

अपि च—

शिवमस्तु सर्वजगतां परहितनिरता भवन्तु भूतगणाः ।
दोषाः प्रयान्तु नाशं सर्वत्र सुखी भवतु लोकः ॥४१॥

(निष्क्रान्ताः सर्वे)

पञ्चमोऽङ्कः

नागानन्दं समाप्तम्

And also,—

May the worlds be all blessed with luck, may the living beings

अपि च—

सारे संसार का कल्याण हो, प्राणि-जात परोपकार में रत हों, दुःख-दारिद्र्य नष्ट हों और लोक सर्वत्र सुखी रहें। (४१)

(सबका निष्क्रमण)

पञ्चम अङ्क समाप्त

नागानन्द नाटक समाप्त हुआ

---

devote themselves to doing good to others, may calamities be stamped out, and people be happy everywhere ! (41)

[*Exeunt omnes*]

END OF THE FIFTH ACT

FINIS

टिप्पण

प्रथम अङ्क

कथासार—

पितृपरम्परागत राज्य को छोड़कर जीमूतवाहन अपने वृद्ध, वानप्रस्थ माता-पिता की सेवा शुश्रूषार्थ मलयाचल पर आ बसा है। गौरी-पूजार्थ एक दिन वह अपने मित्र विदूषक के साथ मन्दिर की ओर जा रहा है कि इतने में एक दिव्य संगीत उसे बरबस अपनी ओर खींच लेता है। सिद्धराज विश्वावसु की कन्या मलयवती भगवती गौरी की आराधना में वीणा बजा रही है। मलयवती की चेटी आश्चर्य करती है कि राजकुमारी इस पत्थर की मूर्त्ति से किस वर की आस लगाए बैठी है! किन्तु नहीं, देवी ने स्वप्न में उसे वर दे दिया है कि विद्याधर चक्रवर्ती (जीमूतवाहन) तेरा पति होगा। ओट में छुपे विदूषक ने यह सुन लिया है और वह जीमूतवाहन को बलात् आगे खींचते हुए मन्दिर में पहुँच जाता है—"चलो, हमारा भी देवी दर्शन का अवसर आ पहुँचा।" "देवि, भगवती ने तुम्हें यही वर दिया है ?"

दोनोंकी आँखें चार होती हैं। उधर मध्यन्दिन सवन की वेला निकलती जा रही है। एक तापस आकर मलयवती को बुला ले जाता है।

पृष्ठ २ : श्लोक १, २.—

यह 'देवद्विज-नृपादीनां' स्तुति हो रही है कि भूमि-स्पर्श मुद्रा में आकुल भगवान् बुद्ध की व्याज-स्तुति हो रही है ? नान्दी में कटाक्ष के वार करना हर्ष की शैली की विशिष्टता है। ध्वनिरूपेण यह कटाक्ष वानप्रस्थ युवा, बोधि-सत्त्वांश-संभव जीमूतवाहन पर भी उसी तीक्ष्णता से पड़ते हैं। नागानन्द का नाटक-रस न शृङ्गार है, न दान-वीर। उसमें करुण-रस के दोनों पार्श्व—भगवान् बुद्ध के बोधावस्था से पूर्व मानवरूप में, तथा बोध के अनन्तर अतिमानव कारुणिकता के रूप में उपस्थित किये गए हैं। इसी प्रकार मलयवती के परिणय से पूर्व जीमूतवाहन की करुणा (पञ्चबाणाहत मलयवती पर) बोधिसत्त्व की करुणा है, और विवाह के उपरान्त शङ्खचूड़ नाग के व्याज से संपूर्ण नाग-जाति को गरुड़ की विपत्ति से मुक्त कराने में उसी करुणा का द्वितीय रूप नाटक की मुख्य कथावस्तु है। नान्दी के प्रथम श्लोक में मार-विजय से पूर्व बुद्ध पर कटाक्ष है और दूसरे श्लोक में बुद्ध मार पर विजय पा चुके हैं।

हर्ष की इस नान्दी-कटाक्ष की शैली को परवर्ती नाटककार विशाखदत्त, आदि

ने भी अपनाया। (देखो भूमिका—श्रीहर्ष-आलोचना; आभार, पृ० *xlv*, ख)।

श्लोक १—

ध्यानम् एव व्याजः—ध्यान-व्याजः, तम् उपेत्य, ध्यान का छल करके। अनङ्गस्य शरैः आतुरम्=कामदेव के बाणों से व्याकुल। जनम् इमम्=अर्थात् मुझे। मिथ्या एव कारुणिकः=झूठमूठ के ही दयालु। कारुणिकः=करुणा+ताच्छील्ये ठक् (इक)। निर्घृणतरः—निर्गता घृणा (दया) यस्मात्, अतिशयेन निर्घृणः। मारस्य (कामस्य) वधूभिः (दूतीभिः, सहकारिणीभिरप्सरोभिर्वा)=कामदेव की भेजी हुई दूतियों अथवा अप्सराओं से। बोधौ=विशुद्ध-विज्ञान-संताने, समाधौ वा (स्थितः)= ध्यान में लीन। जिनः—'मारजित्, लोकजित् जिनः' इत्यमरः, 'जेता' इत्यर्थः, अन्यथा जानातीति जिनः, तथागतो बुद्ध इत्यर्थः। कहीं 'बुद्धो जिनः' पाठ भी है। वृत्तं 'शार्दूल-विक्रीडितम्'। 'व्याज' पद के प्रयोग से 'अपह्नुति' अलंकार है। त्राता ऽपि नो रक्षसि में 'विरोध' अलंकार है।

नीचे से ६वीं पंक्ति—*semblence* के स्थान पर *semblance* पढ़ें।

ललितविस्तर आदि बौद्ध ग्रन्थों में कथा आती है कि पूर्व काल में देवराज इन्द्र ने समाधिस्थ भगवान् बुद्ध की समाधि भङ्ग करने के लिये कामदेव को भेजा, जिसने अनुपम सुन्दरी पाँच अप्सराओं द्वारा उन्हें तपोभ्रष्ट करने की चेष्टा की। किन्तु भगवान् बुद्ध पर उन अप्सराओं के रूप और हाव-भाव का तनिक भी प्रभाव न पड़ा। यह घटना भगवान् बुद्ध की 'मार-विजय' के नाम से प्रसिद्ध है और बौद्ध मूर्त्ति तथा चित्र कला का लोक-प्रिय विषय है।

श्लोक २—

हत-पटु-पटहावल्गिभिः—हताः पटवः (तीव्रध्वनयः) पटहाः (भेरयः) यैः, तादृशैः आवल्गिभिश्च (बहुव्रीहिणा सह कर्मधारयः)=ज़ोर से नगाड़े पीटते और नाचते हुए। भ्रुवोर्भङ्गेन, उत्कम्पेन, जृम्भया, स्मितेन च ललितवान् (मृदुपद-विन्यास-भुजलतान्दोलनादि-शृङ्गार-चेष्टितानि कुर्वन्) यो नारी-जनस्तेन। 'ललितवता' के स्थान पर कहीं 'चलितदृशा' पाठ मिलता है। वहाँ 'भ्रूभङ्गादिभिः कामविकारैश्चलिते दृशौ यस्य तादृशेन' अर्थ लगाना चाहिये। प्रह्वाणि (आदरेण नतानि) उत्तमानि अङ्गानि (शिरांसि) येषां तादृशैः। स्रग्धरा-वृत्तम्। धैर्य-च्युति का हेतु होते हुए भी उसका अभाव दर्शाने से 'विशेषोक्ति' अलंकार है—'सति हेतौ फलाभावे विशेषोक्तिर्निगद्यते'।

पृष्ठ ४—

इन्द्रोत्सवे—प्रतिवत्सरं वर्षादिसिद्ध्यर्थं वेणुमयमिन्द्रध्वजमुत्थाप्य क्रियमाण उत्सवे। *Cf*. 'पुरुहूतध्वजस्येव तस्योन्नयनपंक्तयः' (रघु० ४. ३)। पाद एव पद्मं,

तद् उपजीव्यति (तदाश्रित्य निरापदं स्वं-स्वं राज्समुपभुङ्क्ते) इति नृपानुचरभूतेन। नट इव आचरति इति नाटयति(°ते); नाम-धातु नाटय+(इट्)+तव्य।

नेपथ्य-रचना=पात्रानुरूपी वेषादिविन्यासः। आवर्जितानि=Won over.

श्लोक ३—

हारि—मनोहारि।

संगीतकम्='नृत्य-वादित्र-गीतानि संगीतकमिहोच्यते'। नेपथ्याभिमुखमवलोक्य, नेपथ्यं नाम नटादीनां 'वेषभूषा-परिधान-स्थानम्'।

श्लोक ४—

परपुरुष एव चन्द्रः, तं प्रति कमलिनी (न तु कुमुदिनी)—यथा उद्गते चन्द्रे कमलिनी संकोचमुपैति तद्वत् परपुरुषमवलोक्य निसर्गेण ह्रीशीला (गृहिणी)। Although the *Natas* are notorious for their being जायोपजीविनः which fact would require their wives to be परपुरुषचन्द्रकुमुदिन्यः *i. e.* beaming at the sight of strangers, yet *Cf.* कथासरित्सागर—

निनाय च निशामिन्दु-विषमाम् अब्जिनीव ताम्।
बद्धमोहालिपटले हृदि संकोचमेत्य सा॥ (९०. ६५)

Accordingly परपुरुषचन्द्रकमलिनी means °चन्द्र-विषमा-कमलिनी (मध्यमपदलोपी समासः)।

पृष्ठ ६—

अज्जुका—morther-in-law, *Cf.* आर्यपुत्र=husband. The Prakrit word seems to have been taken over without Sanskritization (आर्यमातृका)। हृदये आरोप्य=believing (in their mind).

श्लोक ५—Read शुश्रूषा for शुश्रषा।

शुश्रूषा=श्रोतुमिच्छा, सेवाभावः। The same became सेवाधर्म as the characteristic of a शूद्र in accordance with मनु°—

एकमेव तु शूद्रस्य प्रभुः कर्म समादिशत्।
एतेषामेव वर्णानां शुश्रूषामनसूयया॥

श्लोक ६—

न हि मे ध्वंसीति न प्रत्ययः—संभाव्य-निषेध-निवर्तने हि द्वौ प्रतिषेधौ इति वामनः। स्मृति-निश्चय-सिद्ध्यर्थेषु नञ्-द्वय-प्रयोगः, *Cf.* 'न पुनरलङ्कारश्रियं न पुष्यति'। कृत्याकृत्यविचारणासु, *Cf.* 'किं कर्म किमकर्मेति कवयो ऽप्यत्र मोहिताः' (गीता)। इन्द्रिय-वशं प्रीत्यै के स्थान पर ईप्सितफलप्राप्त्यै पाठभेद भी मिलता है।

पृष्ठ ७—

पंक्ति १८—*Read* युवावस्था *for* युवास्था ।

पृष्ठ ८—

पंक्ति ३—*Read* णिअत्तिअ *for* निव्वत्तिअ ।

पंक्ति ६—*Read* सखे *for* सख ।

निर्विण्णः—निः+√विद्+क्त=ऊबा हुआ । जीवन्तौ एव मृतौ, तयोः । निर्बन्धात्=अभिनिवेशात् । इच्छायाः परिभोगेण (पूर्ण-भोगेन) रमणीयम् ।

श्लोक ७—

संवाहयतः—चतुर्थ्यर्थे षष्ठी अथवा संवाहयतो जनस्य दृष्ट्याम् । The whole of 2nd line is clumsy in construction, the variant यत्संवाहययतः सुखं तु चरणौ is better which has unfortunately been overlooked in the text. भुक्तोज्झिते--(पित्रोः) भुक्ताद् उज्झिते (अवशिष्टे=मया भुक्ते) या धृतिर् (अनुभूयते, etc.) ।

पृष्ठ ६—

पंक्ति १४—'सेवा-सुश्रूषा' के स्थान पर 'सेवा-शुश्रूषा' पढ़ें ।

पृष्ठ १० : श्लोक ८—

